सूर्योदय 6:23 सूर्यास्त 5:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.6 न्यू | 21.8 अधि |
| धर्मशाला | 14.8 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81501.36 |
| निफ्टी | 24971.30 |
| सोना 77,890 | चांदी 95,249 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की कमाई में गिरावट

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 17 अक्तूबर 2024 | 1 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 301, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# दिवाली गिफ्ट: केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में 3 फीसदी बढ़ोतरी

## 49.18 लाख कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनर्स को होगा फायदा, मोदी सरकार ने गेहूं-सरसों समेत 6 रबी फसलों का एमएसपी भी बढ़ाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी और गेहूं-सरसों समेत 6 रबी फसलों का एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की। मोदी कैबिनेट ने 49.18 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनर्स को दिवाली का गिफ्ट दिया है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दिवाली की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने बताया कि डीए/डीआर बढ़ोतरी एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। इससे पहले मार्च में सरकार ने एक जनवरी, 2024 से डीए/डीआर को चार प्रतिशत बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। मंत्री ने कहा कि डीए बढ़ोतरी अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिकों के 12 महीने के औसत पर आधारित है। डीए/डीआर में वृद्धि से सरकारी खजाने पर 9,448 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।





### गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 150 रुपए बढ़ा, दाम 2,425 रुपए क्विंटल

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6.59 प्रतिशत बढ़ाकर 2,425 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया। यह वृद्धि रबी विपणन सत्र 2025-26 के लिए की गई है। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली जैसे राज्यों में चुनाव से पहले गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी महत्वपूर्ण है। रबी विपणन सत्र अप्रैल, 2025 से शुरू होगा। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में 2025-26 विपणन सत्र के लिए छह रबी फसलों के एमएसपी में 130-300 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दी।



- जौ का एमएसपी 1,980 प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो पहले 1,850 रुपए था।
- चना का एमएसपी 5,650 रुपए प्रति क्विंटल, जो पहले 5,440 रुपए था।
- मसूर (लेंस) का एमएसपी 6,700 रुपए प्रति क्विंटल, जो पहले 6,425 रुपए था।
- सरसों का एमएसपी 5,950 रुपए प्रति क्विंटल, जो पहले 5,650 रुपए था।
- कुसुम (सफ्लॉवर) का एमएसपी 5,940 रुपए प्रति क्विंटल, जो पहले 5,800 रुपए था।

## न्यूज शॉर्ट्स

### तरलोक चौहान होंगे कार्यवाहक चीफ जस्टिस

**शिमला।** जस्टिस तरलोक सिंह चौहान हिमाचल हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे। 19 अक्तूबर से न्यायाधीश तरलोक चौहान का हिमाचल हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस के तौर पर कार्यकाल शुरू होगा। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय ने बुधवार को अधिसूचना जारी की है। 25 सितंबर को चीफ जस्टिस बने राजीव शकधर 18 अक्तूबर को रिटायर हो रहे हैं। इसे देखते हुए तरलोक चौहान को यह जिम्मा सौंपा गया है। पूर्व में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सबीना के रिटायर होने पर भी जस्टिस तरलोक चौहान यह जिम्मा संभाल चुके हैं।

### सीआरपीएफ के हवाले वीआईपी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वीआईपी सुरक्षा से आतंकवाद निरोधी कमांडो बल एनएसजी को पूरी तरह हटाने और 'अत्यंत जोखिम' वाले नौ महत्वपूर्ण लोगों (वीआईपी) की सुरक्षा अगले महीने तक सीआरपीएफ को सौंपने का आदेश दिया है। गृह मंत्रालय ने विशेष रूप से प्रशिक्षित जवानों की एक नई बटालियन को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वीआईपी सुरक्षा प्रकोष्ठ के साथ जोड़ने की स्वीकृति भी दी है।

### चार और फ्लाइटस को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरलाइंस की चार और फ्लाइट्स में बुधवार को बम होने की धमकी मिली। इंडिगो की मुंबई-दिल्ली फ्लाइट को टेकऑफ के बाद वापस दिल्ली बुलाना पड़ा। वहीं, अकासा एयरलाइंस की दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। स्पाइसजेट की 2 फ्लाइट्स को भी बम की धमकी मिली, जिसके बाद सभी पैसेंजर को सुरक्षित उतार लिया गया। पिछले 3 दिन में 14 विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है।

### ईसी आयुक्त के हेलिकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग



**पिथौरागढ़।** खराब मौसम के चलते केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हेलिकॉप्टर की उत्तराखंड के कुमाऊं में मुन्स्यारी में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। बुधवार को राजीव कुमार अपनी टीम के साथ ट्रेकिंग के लिए मुनस्यारी के मिलम के लिए निकले थे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भतीजी रोमा रे का निधन



**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भतीजी रोमा डे का बुधवार को दक्षिण कोलकाता स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। 95 वर्षीय रोमा डे बीमारियों से जूझ रही थीं। उनके बेटे आशीष रे ने बताया कि वह अपने पीछे एक बेटा, दो बेटियां और पांच पोते-पोतियां छोड़ गई हैं। रोमा डे प्रख्यात बैरिस्टर और स्वतंत्रता सेनानी शरत चंद्र बोस की बेटी थीं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- प्रदेश में प्रथम न्यूरो इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी लैब नाहन में स्थापित -पेज 3
- स्कूल बाजार में नए बस स्टॉप पर भड़के लोग -पेज 9
- बाबा सिद्दीकी हत्या मामला : हमलावरों ने यू-ट्यूब से सीखा था बंदूक चलाना -पेज 13
- दक्षिण अफ्रीका पर ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी -पेज 14

### विदेश मंत्री ने एससीओ सम्मेलन में पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी

# आतंकवाद और व्यापार साथ साथ संभव नहीं : जयशंकर

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को परोक्ष संदेश देते हुए बुधवार को कहा कि यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद पर आधारित होंगी, तो व्यापार, ऊर्जा और संपर्क सुविधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना नहीं है।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद और व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते हैं। जयशंकर ने इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और समानता पर आधारित होना चाहिए और इसमें राष्ट्रों की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए। विदेश मंत्री ने एससीओ देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। विदेश मंत्री ने एससीओ के प्रत्येक सदस्य राष्ट्र की ओर से समूह के चार्टर का सख्ती से पालन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया और आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी के भाव को मजबूत करने के इसके सार पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि भरोसे की कमी है या पर्याप्त सहयोग नहीं है, यदि मित्रता कम हो गई है और अच्छे पड़ोसी की भावना गायब है तो निश्चित रूप से आत्मावलोकन करने और समाधान खोजने की आवश्यकता है।



### सहयोग के लिए भरोसा जरूरी

**जयशंकर** ने कहा कि सहयोग के लिए भरोसा महत्वपूर्ण है और यदि समूह मिलकर आगे बढ़ता है, तो एससीओ सदस्य देशों को काफी लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए। इसे वास्तविक साझेदारी पर आधारित होना चाहिए, न कि एकतरफा एजेंडे पर। अगर हम वैश्विक व्यवस्थाओं, खासकर व्यापार और पारगमन के क्षेत्रों में अपने फायदे के हिसाब से चयन करेंगे तो यह (सहयोग) आगे नहीं बढ़ सकता।

### पांच बड़ी बातें

**एससीओ की 3 चुनौतियां :** आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद हैं। विकास के लिए इनसे लड़ना जरूरी है।

**बॉर्डर का सम्मान :** आतंकवाद के साथ व्यापार नहीं हो सकता। देशों को एक-दूसरे के बॉर्डर का सम्मान करना चाहिए।

**यूएनएससी में सुधार की जरूरत :** यूएनएससी में सुधार तभी होगा जब विकासशील देशों को हिस्सेदारी मिलेगी। एससीओ देशों को इसके लिए पहल करनी चाहिए।

**स्वास्थ्य और पर्यावरण पहल :** भारत ने स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए कई पहल की हैं। एससीओ देश इसे अपना सकते हैं।

**जंग से विकास पर असर पड़ा :** दुनिया कोरोना जैसी महामारी और जंग से जूझ रही है। क्लाइमेंट चेंज से लेकर सप्लाई चेन तक कई मुश्किलें हैं। इससे विकास पर असर पड़ा।

# उमर अब्दुल्ला केंद्र शासित जेएंडके के पहले सीएम बने

## राज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिलाई शपथ, राहुल और प्रियंका गांधी भी पहुंचे

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह केंद्र शासित राज्य के पहले सीएम बन गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में उमर अब्दुल्ला और उनके मंत्रियों को शपथ दिलाई।

वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई है। हालांकि, उमर के शपथ समारोह में राहुल और प्रियंका गांधी मौजूद रहे। कांग्रेस ने सरकार को बाहर से समर्थन दिया है। पार्टी का कहना है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने तक उसकी लड़ाई जारी रहेगी।

शपथ लेने के बाद उमर ने कहा कि उनकी गाड़ी के लिए सड़क पर कोई भी ग्रीन कॉरिडोर या ट्रैफिक नहीं रोका जाएगा। उन्होंने अपने मंत्रियों से भी अनुरोध किया है कि वे भी ऐसा ही करें। उमर अब्दुला ने कहा कि वह जनता की सेवा के लिए हैं, न कि उन्हें तकलीफ देने के लिए। (अनंत ज्ञान)



### जम्मू-कश्मीर का नया मंत्रिमंडल

| | | | |
|---|---|---|---|
| उमर अब्दुल्ला | मुख्यमंत्री | जावेद राणा | मंत्री |
| सुरिंदर चौधरी | उपमुख्यमंत्री | सकीना इट्टू | मंत्री |
| सतीश शर्मा | मंत्री | जावेद अहमद डार | मंत्री |

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी उमर अब्दुल्ला को बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला को बधाई दी और कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश की प्रगति के लिए केंद्र सरकार उनके साथ मिलकर काम करेगी।

### नायब सिंह सैनी को चुना भाजपा विधायक दल का नेता, आज लेंगे सीएम पद की शपथ

**एजेंसी, चंडीगढ़**



**हरियाणा** में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बुधवार को पंचकूला में भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। विधायक कृष्ण बेदी ने नायब सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका अनिल विज और आरती राव ने समर्थन किया। सभी विधायकों ने नायब सैनी के नाम पर सहमति दे दी। गृह मंत्री अमित शाह ने नायब सैनी के सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। शाह ने कहा कि हरियाणा की स्थापना से लेकर अब तक कोई भी मुख्यमंत्री लगातार तीसरी बार सफल नहीं हुआ। युवा नायब सैनी के नेतृत्व में हम तीसरी बार चुनाव जीत पाए हैं। नायब सैनी वीरवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

### कानून अब 'अंधा' नहीं

## न्याय की देवी की मूर्ति की आंखों से हटाई पट्टी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'न्याय की देवी' की नई मूर्ति लगाई है। इस मूर्ति की आंखों से पट्टी हटा दी गई है, जो अब तक कानून के अंधे होने का संकेत देती थी। वहीं, उसके हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है। यह मूर्ति सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है। इस नई मूर्ति को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ऑर्डर देकर बनवाया है। इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि देश में कानून अंधा नहीं है और यह सजा का प्रतीक नहीं है।

# नए शिक्षण संस्थान खोलना लक्ष्य नहीं सुविधाएं जुटाना जरूरी: सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला (आरकेएमवी) में 9 करोड़ रुपए की लागत से बने ब्लॉक-सी भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद कॉलेज के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 2023-24 में शामिल हुए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया।

सीएम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की। सुक्खू ने आरकेएमवी की सभी कक्षाओं को स्मार्ट क्लासरूम बनाने और नया छात्रावास बनाने के लिए पूर्ण धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की। डिजिटल लाइब्रेरी बनाने और साइंस ब्लॉक के जीर्णोद्धार के लिए 50 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य नए स्कूल और महाविद्यालय खोलना नहीं है, बल्कि अध्यापकों की समुचित तैनाती और अन्य सुविधाएं जुटाना आवश्यक है। यह चिंता का विषय है कि हम गुणात्मक शिक्षा में देशभर में 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। हमने फैसला किया है कि शैक्षणिक सत्र के बीच अध्यापकों का स्थानांतरण नहीं होगा और हमें भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप नीतियां बनानी होंगी।



राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला में ब्लॉक-सी भवन का लोकार्पण करते सीएम सुक्खू।

# नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट 100 लोगों की मौत, 50 लोग जख्मी

**एजेंसी, अबुजा**



**नाइजीरिया** में पेट्रोल टैंकर के पलट जाने और उसमें विस्फोट होने से 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 घायल हुए हैं। यह घटना उस समय हुई जब वाहन के पलटने के बाद दर्जनों लोग ईंधन लेने के लिए उसकी ओर दौड़े थे।

पुलिस प्रवक्ता लॉन एडम ने बताया कि यह विस्फोट जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ, जब टैंकर चालक ने विश्वविद्यालय के निकट राजमार्ग पर वाहन से नियंत्रण खो दिया। लोगों को जब माजिया नगर में इस दुर्घटना के बारे में पता चला, तो वे घटनास्थल पर पहुंचे और ईंधन भरने लगे, तभी भयंकर आग भड़क उठी, जिसमें 94 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वीडियो में पूरे क्षेत्र में भीषण आग दिखाई दे रही थी तथा घटनास्थल पर शव बिखरे हुए दिखाई दे रहे थे।

# चौपाल में कार खाई में गिरी, 3 युवकों की मौत

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

**शिमला** जिले के चौपाल में मंगलवार देर रात को सरांह-पुलबाहल मार्ग पर एक कार खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई।

तीनों युवक जुब्बल तहसील के रहने वाले हैं। युवक ऑल्टो कार (एचपी10सी-0476) से सराहं से पुलवाहल की तरफ जा रहे थे। इस दौरान लिहाट के समीप अनियंत्रित होकर शैली ढांक से नीचे जा गिरी।

मृतकों की पहचान परीक्षित भारती (28) निवासी कदरोट गांव, विनोद कुमार (32) निवासी चतरू गांव और मुकेश (32) निवासी दोची गांव के रूप में हुई है। शवों का चौपाल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवार परिजनों को सौंप दिया है।



एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने बताया कि मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की है। एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने बताया कि चौपाल थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### देव महाकुंभ | भगवान श्रीकृष्ण कतरूसी नारायण नहीं, उनका पोता करता है शिरकत

# कुल्लू दशहरे में नहीं आते देवताओं के दादू

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**विश्व** के सबसे बड़े देव महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में जहां जिलेभर के सैकड़ों देवी-देवता भाग लेते हैं। वहीं, देवी-देवताओं के दादू कहे जाने वाले लगघाटी के भगवान श्रीकृष्ण कतरूसी नारायण इस उत्सव में शरीक नहीं होते हैं। हालांकि, उनके स्थान पर उनका पोते क्षेत्रपाल थान (भुट्टी) हाजिरी जरूर भरते हैं।

परिवार की दादी माता हिडिंबा का दशहरा उत्सव में महत्वपूर्ण स्थान है, उन्हीं के आने से देव परंपराओं का आगाज होता है। मान्यता के अनुसार, कतरूसी नारायण कभी भी अपने क्षेत्र से बाहर नहीं जाते, लेकिन प्राचीन समय में कुल्लू के राजा ने कई बार कतरूसी नारायण को दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए निमंत्रण भेजा। निमंत्रण पर भी जब वह नहीं आए तो राजा ने अपने सिपाहियों को उन्हें लाने के लिए भेजा। जब सिपाही देवता को कुल्लू की ओर लेकर आ रहे थे तो रास्ते में दड़का नामक स्थान पर लोहे के ओले बरसने लगे। यही नहीं, सिपाहियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिसके चलते वह वहां से भाग निकले। लगघाटी की भल्याणी पंचायत के जठाणी व भल्याणी में कतरूसी नारायण का मंदिर व भंडार गृह है। कतरूसी नारायण अपनी तारा पुरा कोठी से बाहर सिर्फ दड़का तक ही आते हैं। कुल्लू के अधिष्ठाता देवता भगवान रघुनाथ के सम्मान में मनाए जाने वाले दशहरा उत्सव में भी वह भाग नहीं लेते। (अनंत ज्ञान)



कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान अपने अस्थायी शिविर में विराजमान लगघाटी के भुट्टी क्षेत्र के क्षेत्रपाल थान देवता।

> **देवता** कतरूसी नारायण अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में शिरकत नहीं करते, लेकिन देवताओं के प्रमुख अधिष्ठाता भगवान रघुनाथ जी के प्रमुख उत्सव में अपने स्थान पर हर वर्ष अपने पोते को उत्सव में भाग लेने के लिए भेजते हैं।
>
> **-सुंदर सिंह ठाकुर, कारदार, क्षेत्रपाल थान भुट्टी**

# संजौली मस्जिद गिराने को मांगी परमिशन

**शिमला।** शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद को गिराने से पहले मस्जिद कमेटी ने वक्फ बोर्ड से अनुमति मांगी है। संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ ने कहा कि यह प्रॉपर्टी वक्फ बोर्ड की है, इसलिए परमिशन जरूरी है। बता दें कि नगर निगम शिमला आयुक्त ने संजौली मस्जिद की अवैध रूप से बनाई गई 3 मंजिल को गिराने के आदेश दे रखे हैं। संजौली मस्जिद कमेटी को आयुक्त कोर्ट के लिखित ऑर्डर मंगलवार को ही मिले हैं। इसके बाद मस्जिद कमेटी ने अवैध हिस्से को गिराने से पहले वक्फ बोर्ड को पत्र लिखा है। लिहाजा, अब अवैध निर्माण तोड़ने का फैसला वक्फ बोर्ड लेगा। वक्फ बोर्ड की मंजूरी के बाद अगले सप्ताह से मस्जिद को गिराने का काम शुरू हो सकता है।

## शाही जलेब में उमड़ी भीड़



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के चौथे दिन ढालपुर से गुजरती भगवान नरसिंह की शाही जलेब। ढोल-नगाड़ों की थाप पर सैंज घाटी के देवताओं के संग देवलू भी झूमे। जलेब का भव्य नजारा देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।


# किताब में दर्ज होगा धर्मशाला के सफर का हिसाब

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

ब्रिटिशकाल में लाहौर के बाद शिक्षा का केंद्र रहे धर्मशाला शहर के सफर को अब किताब में दर्ज किया जाएगा। इसी तरह की कॉफी टेबल बुक के थीम पर एक किताब तैयार करने के लिए स्मार्ट सिटी प्रबंधन काम कर रहा है।

धर्मशाला शहर अपने इतिहास, कला तथा प्राकृतिक सौंदर्य के लिए देश-दुनिया में विख्यात है। वहीं अब धर्मशाला शहर के अस्तित्व में आने से लेकर अब के विकास और बदलावों के सुनहरे सफर को पूरी दुनिया जान पाएगी। स्मार्ट सिटी के

आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि धर्मशाला खूबसूरत शहर में से है। इसलिए इस पर किताब लिखी जाएगी। इस किताब के जरिए इस शहर के विकास के सुनहरे सफर का उल्लेख किया जाएगा, ताकि लोगों के साथ सैलानियों को पता चल सके कि आज से 200 साल पहले धर्मशाला



फाइल फोटो

कैसा था। इस किताब के जरिए यहां के रहन-सहन और वेशभूषा के साथ-साथ लोकसंस्कृति का भी विवरण जोड़ा जाएगा। इसके अलावा लोग किस प्रकार के घरों में रहते थे, कौन-कौन से प्राचीन मेले और त्योहार होते थे और उन्हें किस तरह से मनाया जाता था, इस सब का जिक्र इस किताब के जरिए किया जाएगा। समय के साथ यह शहर कैसा बदला, किस तरह से विकास की ओर अग्रसर हुआ इन सभी बातों की रिसर्च की जाएगी।

बता दें कि इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कृषि और पर्यटन पर अत्यधिक निर्भर है। यह शहर अब एक प्रमुख हिल स्टेशन और आध्यात्मिक केंद्र है। इसे भारत के 100 शहरों में से एक के रूप में चुना गया है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्मार्ट शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। ऋग्वेद-महाभारत धर्मग्रंथों में है मिलता है धर्मशाला का उल्लेख धर्मशाला शहर हिमालय की धौलाधार श्रृंखला की छाया में कांगड़ा घाटी में 1,457 मीटर (4,780 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। धर्मशाला और इसके आसपास के क्षेत्रों का संदर्भ ऋग्वेद और महाभारत जैसे प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों में भी मिलता है।

1785 में सिख साम्राज्य द्वारा कब्जा किए जाने से पहले यह क्षेत्र मुगल प्रभाव में था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1846 के प्रथम एंग्लो-सिख युद्ध के बाद इस क्षेत्र पर अंग्रेजों का कब्जा कर लिया। 1947 में भारतीय स्वतंत्रता के बाद यह एक छोटा हिल स्टेशन बन गया। 1960 में, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन को धर्मशाला स्थानांतरित कर दिया गया था, जब 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने तिब्बत से भागने के बाद निर्वासित तिब्बती प्रशासन की स्थापना की थी। धर्मशाला शहर प्राकृतिक तौर से बहुत सुंदर हिल स्टेशन है। (अनंत ज्ञान)




## न्यूज ब्रीफ

### अक्तूबर में भी गर्मी से नहीं मिल रही राहत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 7 जिलों में अक्तूबर माह में अब तक पानी की एक बूंद भी नहीं बरसी। इससे अक्तूबर के तीसरे सप्ताह में भी लोगों के दिन के वक्त पसीने छूट रहे हैं। 8 शहरों का पारा 30 डिग्री या इससे ज्यादा चल रहा है। ऊना का तापमान सर्वाधिक 34 डिग्री चल रहा है, जोकि सामान्य से 2.3 डिग्री ज्यादा है। सुंदरनगर का पारा 30.8 डिग्री, भुंतर 30.6 डिग्री, कांगड़ा 30, बिलासपुर 32.6, बरठी 30.7, नैरी 31.8 और धौलाकुआं 31.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 3.5 करोड़ का अंशदान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लार्सन एंड टूब्रो के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट कर मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 3.5 करोड़ रुपए का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को भविष्योन्मुखी तकनीकों के हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है जिसके लिए हाइड्रोपावर, खाद्य प्रसंस्करण, डाटा स्टोरेज, सौर ऊर्जा और पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कंपनी को इन क्षेत्रों में निवेश पर विचार करने के लिए कहा। उन्होंने सरकार की नई ऊर्जा नीति जिसमें 12, 18 और 30 प्रतिशत ऊर्जा रॉयल्टी और 40 वर्षों के बाद राज्य को ऊर्जा परियोजना वापस करने के प्रावधान के बारे में भी बताया। ऊर्जा सचिव राकेश कंवर, एल एंड टी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर डीके सिंह, कॉर्पोरेट हेड आरके सिंह, ब्रांच मैनेजर जसवंत सिंह और उप महाप्रबन्धक सचिन राणा इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### यात्रियों के साथ धोखे पर पंजाब रोडवेज को नोटिस

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग सिरमौर ने पंजाब रोडवेज के अमृतसर डिपो-2 के जीएम को नोटिस जारी किया है। संबंधित बस के चालक-परिचालक को आरटीओ कार्यालय नाहन में तलब किया गया है। आरटीओ ने यह कार्रवाई नाहन निवासी के. टांक की शिकायत पर अमल में लाई। दरअसल के. टांक ने 18 सितंबर को इस बाबत आरटीओ सिरमौर को शिकायत भेजी थी कि अमृतसर डिपो-2 की एक बस पांवटा साहिब से शाम 6:25 पर चलती है, जो शाम करीब साढ़े 7 बजे नाहन से 3 किलोमीटर दूर दोसड़का पहुंचती है। वह प्रतिदिन पांवटा साहिब से नाहन तक सफर करते हैं। वह इसी बस में पांवटा साहिब से नाहन आ रहे थे। बस का रूट पांवटा साहिब-नाहन-अमृतसर था। जैसे ही बस दोसड़का पहुंची तो नाहन आने वाली सवारियों को दोसड़का पर ही उतार दिया गया, जिसमें वह भी शामिल थे जबकि, टिकट की एवज में पैसे पूरे नाहन तक लिए गए।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री पर लगाए आरोप, कहा-

# हिमाचल के रेलवे प्रोजेक्ट रुकने की वजह प्रदेश सरकार का शेयर जमा न करना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल में चल रहे रेलवे प्रोजेक्ट में अपना शेयर न देने की चक्कर में प्रदेश सरकार जान बूझकर अड़ंगे डाल रही है, जिससे तेजी से तैयार हो रहे ये प्रोजेक्ट अब बंद होने के कगार पर आ खड़े हुए हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल में रेलवे नेटवर्क को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं जबकि दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ऐसा रवैया अपना रही है। ऐसे बड़े कार्यों के लिए केंद्र और प्रदेश की हिस्सेदारी रहती है, उसके पश्चात ही रेलवे विस्तारीकरण का कार्य सुचारू होता है, लेकिन हिमाचल की सुक्खू सरकार इन पैसों को नहीं दे रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू केंद्र पर दोष देना छोड़ें और रेलवे लाइन के कार्य हेतु प्रदेश की तरफ से तय राशि को शीघ्र जारी करें। मंडी में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेलवे लाईन को 75:25 अनुपात के तहत बनाया जा रहा है। इसमें 75



नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पत्रकार वार्ता करते हुए।

प्रतिशत भागीदारी केंद्र सरकार की जबकि 25 प्रतिशत भागीदारी प्रदेश सरकार की है, लेकिन प्रदेश सरकार अपनी भागीदारी का पैसा नहीं दे रही है। इसका 1441 करोड़ रुपए रेलवे बोर्ड को देने को है। वहीं, दूसरी तरफ चंडीगढ़-बद्दी रेलवे लाइन को 50-50 प्रतिशत की भागीदारी में बनाया जा रहा है। इसका पैसा भी राज्य सरकार नहीं दे रही है। इसका भी 185 करोड़ देने को है। जयराम ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार को रेलवे बोर्ड की कुल 1626 करोड़ की देनदारी है और इसके लिए अब बोर्ड के चेयरमैन ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इसकी मांग की गई है। यदि सरकार इस पैसे को नहीं देती है तो प्रदेश में रेलवे लाइन का काम रुक जाएगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश आर्थिक संकट से जूझ रहा है और इस बात को लेकर सीएम सुक्खू कई बार खुले मंच पर भी कह चुके हैं, लेकिन वो हमेशा अपने बयानों से पलटने का काम करते हैं। कभी कहते हैं कि आर्थिक संकट है और कभी कहते हैं कि आर्थिक संकट नहीं है।


यदि आर्थिक संकट नहीं है तो फिर हर महीने बोल-बोल कर और नई-नई तारीखें तय करके वेतन और पेंशन क्यों देने पड़ रहे हैं। इस बार केंद्र से जो मदद प्राप्त हुई है तो उससे सीएम ने राहत की सांस ली है और अब एडवांस में सेलरी दे जा रहे हैं।

पूरे देश में सैलरी देने के इस मॉडल को लेकर चर्चाएं हैं। ये देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं जो हर माह दी जाने वाली कर्मचारियों की सैलरी को भी घोषणा करते हैं जैसे कोई बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली हो। इस मौके पर मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, मंडी जिला भाजपा के अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, जिला प्रवक्ता सुरेंद्र ठाकुर और जिला मीडिया प्रभारी राकेश वालिया सहित अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

# प्रदेश में छह लाख से अधिक आय वालों की बिजली सब्सिडी बंद करने की तैयारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सालाना छह लाख से अधिक आय वाले घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली सब्सिडी बंद की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य बिजली बोर्ड ने आयकर देने वालों का रिकॉर्ड जुटाना शुरू कर दिया है। छह लाख से कम आय वाले उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिलती रहेगी। बिजली बोर्ड सभी सरकारी विभागों से आयकर चुकाने वालों के आंकड़े एकत्र कर रहा है। पैन नंबर की जानकारी लेकर भी उपभोक्ताओं को चिह्नित किया जा रहा है। प्रतिमाह 125 यूनिट निशुल्क बिजली योजना के दायरे से भी ऐसे घरेलू उपभोक्ता जल्द ही बाहर हो जाएंगे। बोर्ड ने एक माह में जानकारी जुटाकर सरकार को प्रस्ताव भेजने की योजना बनाई है। संभव है कि नए साल से प्रदेश में यह व्यवस्था लागू होगी। सरकार ने धनाढ्य उपभोक्ताओं को बिजली दरों में दी जा रही सब्सिडी जुलाई में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बंद करने का फैसला लिया था। अन्य उपभोक्ताओं को भी एक परिवार-एक मीटर के आधार पर ही सस्ती बिजली देने का निर्णय लिया गया है। सरकार प्रतिमाह 300 यूनिट तक बिजली खपत करने पर ही घरेलू उपभोक्ताओं को सब्सिडी दे रही है। एक अक्तूबर से 300 यूनिट से



### सालाना 800 करोड़ की बचत होगी

**लाखों** उपभोक्ताओं की सब्सिडी और निःशुल्क बिजली बंद होने से सरकार को साल में 800 करोड़ रुपए की बचत होगी। उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए राज्य सरकार प्रतिवर्ष बिजली बोर्ड को 1,200 करोड़ रुपए की सब्सिडी देती है। इसके अलावा प्रतिमाह 125 यूनिट तक घरेलू उपभोक्ताओं को निःशुल्क बिजली देने की एवज में बोर्ड को 100 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में 25 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ता हैं।

अधिक खपत करने पर एक रुपए की सब्सिडी बंद कर दी गई है। जबकि 300 प्रतिमाह यूनिट से कम बिजली की खपत करने वालों को स्लैब के अनुसार 1.83 से 3.53 रुपए यूनिट सब्सिडी मिलती रहेगी।

## कुलदीप पठानिया ने किया स्नातकोत्तर कक्षाएं और डिजिटल-ई लाइब्रेरी का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए प्रतिबद्ध है तथा व्यवसायिक व रोजगारोन्मुखी शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि सरकारी क्षेत्र के साथ साथ निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अधिक अवसर पैदा हो सकें।

यह बात विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी में स्नातकोत्तर कक्षाएं तथा डिजिटल-ई लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम का विधिवत शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने अपने वर्तमान कार्यकाल में शिक्षकों के विभिन्न वर्गों की लगभग 3,500 नई भर्तियां की है। प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल में सबसे ज्यादा भर्तियां शिक्षा विभाग में होने जा रही हैं। अगले 1 वर्ष के दौरान सिंहुता से चंबा तक डबल लेन सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, इसके अलावा काली घार में भूस्खलन की समस्या को



रोकथाम के लिए 3 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं जबकि इसके दीर्घकालिक समाधान के लिए एक 29 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। रूरल सैनिटेशन स्कीम के तहत सिंहुता में 32 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

कुलदीप पठानिया ने महाविद्यालय चुवाड़ी में बोटैनिकल गार्डन के लिए 6 लाख रुपए तथा प्रधानाचार्य आवास से संबंधित कार्य के लिए लगभग 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे पूर्व उन्होंने राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी में हिंदी, पॉलिटिकल साइंस तथा कैमिस्ट्री विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ किया।

## महंगाई भत्ते की अधिसूचना की जारी

**शिमला।** सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को चार फीसदी महंगाई भत्ता जारी करने के आदेश दे दिए हैं। इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार के वित्त विभाग की ओर से बुधवार को इस संबंध में कार्यालय ज्ञापन संख्या फिन(सी)-बी(7)-1/2021 जारी किया है। राज्य सरकार के कर्मचारियों और अधिकारियों को 1 अक्तूबर 2024 से महंगाई भत्ता मौजूदा दर 38 फीसदी से 4 प्रतिशत बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने का फैसला लिया गया है।

## प्रदेश में मानसून सीजन में खाली रह गए बांध

**शिमला।** इस बार मानसून सीजन में भी हिमाचल प्रदेश की नदियों पर बने बांधों के जलाशय पूरे नहीं भर पाए हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस वजह से आने वाले दिनों में राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में खेती प्रभावित हो सकती है।

मुख्य रूप से भाखड़ा और पौंग बांध को पड़ोसी राज्य के लिए जीवनरेखा माना जाता है।

# राज्यपाल ने शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल एवं हॉस्पिटैलिटी एक्सपो का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला जिला के जुन्गा में चार दिवसीय शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल एवं हॉस्पिटैलिटी एक्सपो-2024 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियां सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए तभी ऐसे फ्लाइंग फेस्टिवल सफल होंगे। राज्यपाल ने कहा कि लोग शायद ही देश के विभिन्न राज्यों की राजधानी के नाम जानते हो लेकिन हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला का नाम सबको पता है और इसकी अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी अलग पहचान है।

उन्होंने आयोजनकर्ता अरुण रावत और उनकी टीम को फ्लाइंग फेस्टिवल के आयोजन के लिए बधाई दी और क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से निश्चित ही पर्यटन क्षेत्र को लाभ मिलेगा और क्षेत्र के लोगों को भी



रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति के लिए विश्व भर में पहचाना जाता है।

प्रदेश की संस्कृति विविध है और हर क्षेत्र की बोली अलग है। उन्होंने कहा कि सेब की फसल से ही प्रदेश की आर्थिकी 5500 करोड़ रुपए की है और फ्लाइंग फेस्टिवल जैसी गतिविधियों से आर्थिकी और सुदृढ़ होगी। अकेले मनाली में 3000 से ज्यादा होटल हैं जोकि अन्य राज्यों से आने वाले सैलानियों का प्रदेश के प्रति लगाव को दर्शाता है।

शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) का असल लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में होता है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते नशे के प्रचलन पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए प्रयास करने होंगे। केवल पुलिस बल से नशे को खत्म नहीं किया जा सकता, इसके लिए सभी को मिलकर लड़ाई लड़नी होगी।

**स्वास्थ्य**

सितंबर माह तक 350 मिर्गी के दौरे संबंधी रोगियों की जांच की गई

# प्रदेश में प्रथम न्यूरो इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी लैब नाहन में स्थापित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर, गुणात्मक तथा अत्याधुनिक स्वास्थ्य, सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। प्रदेश में इंदिरा गांधी राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय शिमला, डा. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा (कांगड़ा), डा. यशवंत सिंह परमार राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय नाहन, लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय नेरचौक (मंडी), डॉ. राधाकृष्णन राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय हमीरपुर, प. जवाहर लाल नेहरू राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय चंबा के अतिरिक्त अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में



विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

डॉ. यशवंत सिंह परमार आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं चिकित्सालय नाहन में प्रदेश की प्रथम न्यूरो इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी लैब स्थापित की गई है जहां दिमाग, नसों तथा मांसपेशियों संबंधी बीमारियों से ग्रस्त मरीजों का इलाज किया जा रहा है। जहां विशेषकर 20 वर्ष तक के किशोरों के अतिरिक्त व्यस्क मरीजों का इलाज किशोर न्यूरो रोग विशेषज्ञ डा. पवन कुमार कर रहे है।

किशोर न्यूरो रोग विशेषज्ञ डा. पवन कुमार ने बताया डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय मेडिकल कॉलेज नाहन में दिमाग, नसों तथा मांसपेशियों की बीमारी से ग्रस्त मरीजों की जांच के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 70 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक वीडियो ईईजी मशीन यहां स्थापित की गई है जो अगस्त 2024 से पूर्ण रूप से क्रियाशील है तथा यहां प्रतिदिन 5-6 ईईजी टेस्ट किए जा रहे है।

इस वर्ष सितंबर माह तक 350 मिर्गी के दौरे संबंधी रोगियों, नसों व मांसपेशियों संबंधी 40 मरीजों, कम सुनने वाले 20 रोगी की (बेरा) जांच तथा 20 मरीजों की (वीईपी) दिखाई न देने वालों की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि यहां प्रतिदिन 2-3 छोटे बच्चे जिन्हें मिर्गी के दौरे पड़ते है, उन्हें दाखिल कर इलाज किया जाता है।

### पंजाब से इलाज करवाने आ रहे लोग

**जलालाबाद** (पंजाब) निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उनका 2 साल का बेटा यंशदीप जन्म से ही न्यूरो रोग से ग्रस्त है, जिसके हाथों में कंपन होती थी। यशदीप का इलाज अनकों चिकित्सालयों में करवाया, जहां वह ठीक नहीं हुआ। उन्हें ज्ञात हुआ कि नाहन मेडिकल कॉलेज में न्यूरो रोग की जांच तथा उपचार सुविधा उपलब्ध है। तब वह 6 माह से यशदीप का यहां इलाज करवा रहे है, जहां उनके बेटे को पचास फीसदी से अधिक स्वास्थ्य लाभ हो रहा है। इसके लिए वह हिमाचल सरकार तथा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हैं।

## उद्योग मंत्री ने शिलाई में सुनी जनसमस्याएं

**नाहन।** उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज अपने सिरमौर प्रवास कार्यक्रम के दौरान शिलाई में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान क्षेत्रवासी मंत्री से मिले, साथ ही अपने क्षेत्र तथा अपनी व्यक्तिगत समस्याओं से उनको अवगत करवाया।

उद्योग मंत्री ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह शिलाई विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि है, इसलिए शिलाई विधानसभा का विकास हमेशा उनकी प्राथमिकता है। अभी तक के कार्यकाल में इस विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं में बहुत सी विकासात्मक योजनाएं क्रियान्वित है।

AJAY HEALTHCARE

Your health is our top priority. We are dedicated to providing a wide range of medicines, surgical solutions, and medical equipment at affordable prices with

GUARANTEED DISCOUNTS

OUR SERVICES

दवाईयां

Free BP, Sugar Oxygen Pulse and body weight checks

24x7 Availability for your convenience

Flexible Payment Options (online or cash on delivery)

Home delivery for orders above Rs500 with no extra delivery charges within 5 kilometers

Additionally, we offer *Physiotherapy Services * for your recovery needs.

Ajay Healthcare Team

L.G. Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road
Una (H.P.) - 174303, Email: ajayhealthcare8@gmail.com
+91 7087432364+918699005364

## न्यूज ब्रीफ

### गर्ल्स स्कूल नगरोटा में विशेष शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बगवां के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य निखिल शर्मा ने किया। इस शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता रक्षा देवी तथा रीना देवी के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी रक्षा देवी ने बताया कि इस विशेष शिविर में 12वीं कक्षा के पचास स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान गोद लिए गए कवाडी गांव के अंतर्गत विभिन्न स्थलों में सफाई अभियान, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाए जाएंगे तथा लोगों को नशा निवारण अभियान, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवियों द्वारा माता नारदा शारदा मंदिर नगरोटा बगवां के परिसर, मछिंद्र महादेव तथा विद्यालय के परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके साथ-साथ साथ दिवसीय शिविर के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न विषयों से संबंधित रैलियों का आयोजन भी किया जाएगा। शिविर के दौरान स्वयं सेवियों को योगाअभ्यास भी करवाया जाएगा। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान राकेश योगी भी उपस्थित थे।

### सदस्यता अभियान में शामिल हुए मुल्खराज प्रेमी



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर भाजपा सदस्यता अभियान में मंडल भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पपरोला में भाग लिया, जिसमें पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों की भाजपा सदस्यता कर उन्हें संगठन में शामिल किया।इस अवसर पर भाजपा नेता मुल्खराज प्रेमी ने कहा कि प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आदेश पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई जा रही है उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य की ऑनलाइन ऑफलाइन सदस्यता कर होने संगठन में शामिल किया जा रहा है ताकि उनको विश्व के सबसे संगठन भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया जा सके। इस अवसर पर मंडल भाजपा सदस्यता अभियान की प्रभारी व प्रदेश कार्य समिति सदस्य तनु भारती मंडल भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र राणा, जिला भाजपा प्रवक्ता संजय सोनी, मंडल महामंत्री अजय जमवाल, रजनीश अवस्थी ,राम तिलक, पवन कौंडल, मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष अनूप राणा, कांता देवी, सुनील कुमार व कई अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जयसिंहपुर कॉलेज में कल होगा पीटीए का गठन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में 18 अक्तूबर को 11 बजे प्रो. उपेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में अभिभावक-अध्यापक संघ की आम सभा महाविद्यालय परिसर में होगी। इस दौरान पीटीए की नई कार्यकारणी का गठन किया जाएगा तथा महाविद्यालय के वार्षिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक इस आम सभा में सादर आमंत्रित हैं।

# हिमालय क्षेत्र के 19 गांव मॉडल ईको विलेज के रूप में होंगे विकसित : बाली

## ईको टूरिज्म के लिए कार्ययोजना होगी तैयार, पर्यावरणविदों और भूगोल विशेषज्ञों की ली जाएगी मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमालय क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके लिए पर्यावरणविदों तथा भूगोल के विशेषज्ञों से समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि हिमालय क्षेत्र को बेहतर तरीके से संरक्षित किया जा सके।



धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने भूगौलिक सोसायटी ऑफ हिमाचल प्रदेश के सहयोग से महाविद्यालय के भूगोल विभाग ने हिमालय में भूगोल, आपदा प्रबंधन एवं स्थिरता थीम पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में जलवायु परिवर्तन हिमालय में लोगों को प्रभावित कर रहा है और वन्यजीवों को खतरे में डाल रहा है। कई ग्लेशियर पिघल रहे हैं और झीलें बन रही हैं, जिनके फटने और नीचे की ओर बाढ़ आने का खतरा है। पारंपरिक जल स्रोत सूख गए हैं, जिससे पानी की आपूर्ति सीमित हो गई है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए भूगौलविदों को तत्परता के साथ कार्य करना होगा और आम जनमानस को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करना अत्यंत जरूरी है। पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को ग्रामीण भारत में जलवायु अनुकूलन और वित्त परियोजनाओं के द्वितीय चरण के कार्यान्वयन हेतु जीआईजेड के सहयोग के अंतर्गत चुना गया है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राष्टीय स्तर पर नेतृत्व प्रदान करने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण तथा जलवायु के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए विभिन्न संस्थानों को राशि प्रदान की गई है तथा प्रारंभिक चरण में 19 गांवों को मॉडल ईको विलेज योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। सेमिनार में इलाहबाद विवि से प्रो. एचएन मिश्रा ने बतौर मुख्य वक्ता हिमालय में भूगोल, आपदा प्रबंधन एवं स्थिरता की चुनौतियां और समाधान को लेकर व्याख्यान दिया।

### 'अर्थस एरियल इनसाइट' पुस्तक का विमोचन

**इससे** पहले प्रिंसिपल राकेश पठानिया तथा भूगौलिक सोसाइटी ऑफ हिमाचल प्रदेश के सचिव डॉ. बीआर ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए सेमिनार की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने स्मारिका का विमोचन किया तथा डॉ. सतिंद्र मलिक की पुस्तक 'अर्थस एरियल इनसाइट' का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर सेमिनार के संयोजक संजय सिंह पठानिया महापौर नीनू शर्मा सहित देश भर के विशेषज्ञ तथा शोधार्थी भी उपस्थित थे।

## इंदौरा में लिटिगेंट हॉल व रिकॉर्ड रूम लोकार्पित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने शिमला से वर्चुअल इंदौरा के लिटिगेंट हॉल तथा रिकॉर्ड रूम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय लोगों को उनके घर-द्वार के समीप तीव्र एवं किफायती न्याय सुनिश्चित बनाने के लिए समर्पित प्रयास कर रहा है। जनता के लिए न्याय व्यवस्था को अधिक सुगम और सुलभ बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने न्यायिक प्रकिया को अधिक जनमुखी बनाने के लिए बार एसोसिएशन और न्यायाधीशों के मिलकर काम करने की जरूरत को रेखांकित किया।

प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों को लिटिगेंट हॉल तथा रिकार्ड रूम मिलने पर बधाई दी तथा न्यायिक अधिकारियों और वकीलों से लोगों को तीव्र गति से न्याय प्रदान करने के लिए मिलकर काम का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव बाली ने मुख्यातिथि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर तथा शिमला से वर्चुअल जुड़े अन्य हाईकोर्ट के न्यायमूर्तियों का स्वागत किया। बार एसोसिएशन इंदौरा के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने सभी गणमान्य अतिथिगणों का इस अवसर पर वर्चुअल तौर पर उपस्थित रहने के लिए आभार व्यक्त किया।

## धर्मशाला में पटाखे बेचने के लिए स्थान किए निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दिवाली से पहले पटाखे बेचने के लिए धर्मशाला में स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। इस बाबत एसडीएम संजीव कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि कचहरी अड्डा, डिपो बाजार, सिविल बाजार तथा इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए मिनी सचिवालय के मुख्य द्वार पर ग्राउंड फ्लोर पार्किंग में पटाखे बेचने के लिए स्थान निर्धारित किया गया है।

इसके साथ ही मुख्य बाजार कोतवाली, कैंट रोड, ब्रिज लाल रोड, गुरुद्वारा रोड, खनियारा रोड, ओल्ड चड़ी रोड, खड़ा डंडा रोड तथा इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए कोतवाली के रामलीला मंच तथा ग्राउंड समीप फव्वारा चौक कौतवाली बाजार में स्थान निर्धारित किया गया है।

मैक्लोडगंज तथा इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए भागसूनाग रोड पर सब्जी मंडी का ओपन प्लेस निर्धारित किया गया है। दाड़ी तथा इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए दाड़ी मेला ग्राउंड का स्थान पटाखों को बेचने के लिए निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि उपमंडल धर्मशाला के पंचायत क्षेत्रों में भी केवल खुले क्षेत्र में की पटाखे बेचने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि पटाखों की बिक्री के लिए सुबह 8 से शाम 8 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।एसडीएम ने कहा कि निर्धारित स्थानों के अलावा कहीं भी पटाखे बेचने की इजाजत नहीं दी जाएगी तथा नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पटाखे बेचने की अनुमति लेने के लिए 28 अक्तूबर से पहले आवेदन करना जरूरी होगा तथा इसके बाद किसी भी तरह के आवेदन स्वीकृत नहीं किए जाएंगे।

### डीएवी कॉलेज में इंटर-कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल-सी के मैच शुरू

## डीएवी कॉलेज कांगड़ा ने नगरोटा को हराया

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय आयोजित की जा रही अंतरमहाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल-सी के मैचों का शुभारंभ एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में हुआ। इसमें नगर परिषद कांगड़ा की अध्यक्ष रेनू शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्यातिथि का विधिवत रूप से औपचारिक स्वागत किया। इस प्रतियोगिता का पहला मैच एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा और राजकीय महाविद्यालय नगरोटा के बीच खेला गया। कांगड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अरशद ने 26 गेंद पर ताबड़तोड़ 46 और कुणाल ने 40 गेंद पर 66 रन बनाए। अंत के ओवरों में रमेश ने 17 गेंद में धुआंधार 37 रनों की पारी खेलते हुए टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 194 रन पहुंचा दिया। नगरोटा की तरफ से तनिश ने 4, बसु और अर्श ने 2-2 तथा निखिल ने 1 विकेट हासिल किया।





**नगर परिषद कांगड़ा की अध्यक्ष रेनू शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत**

वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए नगरोटा की टीम की पूरी टीम मात्र 10 ओवरों में 71 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नितिन ने 22 गेंद में 40 रन बनाए नितिन के अतिरिक्त कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सका और टीम के 5 बल्लेबाज शून्य पर ही आउट हो गए। कांगड़ा की तरफ से लोकेश ने 5, प्रशांत और साजन ने 2-2, सुकृत और देवेश ने 1-1 विकेट हासिल किया।

प्रतियोगिता की कॉर्डिनेटर डॉ. श्रेष्ठा ने बताया कि वीरवार को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला और राजकीय महाविद्यालय देहरी तथा राजकीय महाविद्यालय शाहपुर और जीजीडीएसडी महाविद्यालय राजपुरा के बीच मैच खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# सिने जगत

## 'लव एंड वॉर' के लिए करना होगा लंबा इंतजार

**टल गई है आलिया-रणबीर की फिल्म की शूटिंग**




आलिया भट्ट- रणबीर कपूर और विक्की कौशल जल्द ही संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आने वाले हैं। संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के वो डायरेक्टर हैं जिन्हें ग्रैंड फिल्म सेट और भारी-भरकम कॉस्ट्यूम के लिए जाना जाता है। लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि आलिया और रणबीर कपूर की इस फिल्म की शुरुआत में ही देरी हो गई है। दरअसल, पिछले महीने से ही फिल्म की शूटिंग की शुरुआत होनी थी, लेकिन मुंबई में भारी बारिश की वजह से ऐसा नहीं हो सका। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'लव एंड वॉर' की शूटिंग करीब दो महीने आगे बढ़ा दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की क्रू को सितंबर, 2024 में फिल्म की शूटिंग शुरू करनी थी। मुंबई में भारी बारिश की वजह से फिल्म के सेट को काफी नुकसान पहुंचा है, जिस वजह से अब फिल्म की शुरुआत में ही देरी हो गई है।

## विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की कमाई में गिरावट

**राजकुमार** राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस मूवी को क्रिटिक्स से मिक्स रिव्यूज मिले थे। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने ठीक-ठाक शुरुआत की, लेकिन अब इसकी कमाई में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। हालांकि, फिल्म ने देशभर में 20 करोड़ रुपए से ज्यादा बिजनेस कर लिया है।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का बॉक्स ऑफिस पर 5.5 करोड़ रुपए से खाता खुला था। इसके बाद दूसरे दिन फिल्म ने 6.9 करोड़, तीसरे दिन 6.4 करोड़ की कमाई की। चौथे दिन मूवी ने 2.4 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब इसके पांचवें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं। मंगलवार को 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' ने देशभर में 2.15 करोड़ का बिजनेस किया है। इस तरह फिल्म अब तक देशभर में 23.35 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है।





**पांचवें दिन महज 2.15 करोड़ रुपए का हुआ बिजनेस**

## 'टाइगर 3' में वरुण पर दांव लगाने को तैयार नहीं थे आदित्य

**अब साउथ एक्ट्रेस सामंथा के साथ सिटाडेल हनी-बनी में आएंगे धवन**





**वरुण** धवन जल्द ही साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के साथ सिटाडेल हनी-बनी में नजर आने वाले हैं। बीते मंगलवार को सिटाडेल का ट्रेलर रिलीज हुआ और इस सीरीज में वरुण धवन कभी न देखे गए अंदाज में नजर आने वाले हैं। वरुण ने उनपर भरोसा जताने के लिए साउथ के निर्देशकों का आभार जताया। इस दौरान वरुण धवन ने बताया कि उन्होंने यशराज फिल्म्स के मालिक आदित्य चोपड़ा को उनके साथ या फिर अन्य किसी यंग एक्टर्स के साथ एक्शन फिल्म बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वो कहते हैं, 'मैं इसलिए ये कह रहा हूं कि साउथ इंडस्ट्री मेरे टैलेंट को बेहतर समझ पा रही है क्योंकि लॉकडाउन के दौरान मुझे याद है मैं आदित्य चोपड़ा से मिला था। आदित्य चोपड़ा और मनीष शर्मा 'टाइगर 3' बना रहे थे। मैंने उनसे पूछा था कि सर आप मेरे साथ या फिर अन्य किसी यंग एक्टर के साथ एक्शन फिल्में क्यों नहीं बनाते हैं।' वरुण धवन के मुताबिक उन्होंने आदित्य चोपड़ा को मनाने की पूरी कोशिश की थी, लेकिन वो माने नहीं। यशराज फिल्म्स के प्रोड्यूसर ने उनसे कहा, 'सुनो मैं ऐसा नहीं कर सकता हूं। तुम अभी उस लायक नहीं बने हो कि मैं तुम्हारे साथ इतनी बड़ी बजट की फिल्म बनाऊं। मैंने उन्हें टेक्स्ट करके उनसे फिल्म का बजट पूछा और उन्होंने मुझे एक नंबर भेज बताया कि बड़ी एक्शन फिल्म बनाने के लिए इतना पैसा लगता है।'

## दिव्या खोसला और करण जौहर में फिर छिड़ी जुबानी जंग

### एक्ट्रेस ने कहाः- मुझे माफ करें, मुझे पीआर स्टंट की जररूत नहीं



**भूषण** कुमार की पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस दिव्या खोसला के बीच चल रही कोल्ड वार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दिव्या खोसला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर अपनी पोस्ट को लेकर सुर्खियों में आ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म 'जिगरा' की कहानी उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'सावी' से मिलती-जुलती बताई थी। इसके साथ खाली थिएटर की तस्वीर शेयर कर आलिया पर 'जिगरा' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में हेराफेरी करने का भी आरोप लगाया था। इसके के बाद से करण जौहर और दिव्या खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। दिव्या खोसला ने हाल ही में करण जौहर पर फिर हमला किया और ये कह डाला कि उनका मुंह बंद करने के लिए फिल्ममेकर ने 'अपमानजनक भाषा' का इस्तेमाल किया। उन्होंने करण जौहर के साथ हाल में शुरू हुई जुबानी जंग को लेकर बात की। दिव्या खोसला ने कहा, आज जब मैं गलत के खिलाफ आवाज उठा रही हूं, तो मिस्टर करण जौहर मुझे चुप कराने के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। क्या गलत चीजों के खिलाफ बोलने वाली महिला को मूर्ख कहना सही है? अगर मेरे साथ ऐसा हो रहा है, तो इंडस्ट्री में नए लोगों के साथ क्या होता होगा? दिव्या ने आगे कहा, 'ऐसे और भी कई अपमानजनक शब्द हैं, जिनका इस्तेमाल उनके पीआर लेखों में किया गया और मेरे स्टैंड लेने को पीआर स्टंट बताया गया। मुझे माफ करें, लेकिन मुझे इसकी जरूरत नहीं है। मैं पहले से ही अच्छी तरह से जानी जाती हूं।'

# न्यूज ब्रीफ

## बैजनाथ में अनीमिया मुक्त भारत का दिया संदेश




**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद् शाखा बैजनाथ पपरोला के बैनर एवं अगुवाई में 'अनीमिया मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत बुधवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत संसाल के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टरों की एक टीम, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष प्रीतम भारती, सचिव अनुज आचार्य, कोषाध्यक्ष हरीश अरोड़ा, रविता भारद्वाज, युध्दवीर राणा, विपिन भारद्वाज, शक्ति चंद राणा, डॉक्टर प्रवीण शर्मा, डॉ.देवेंद्र सूद, संसाल पंचायत प्रधान उर्मिला देवी, प्रवक्ता विनय आचार्य, सुरेश कुमार, मनोज शर्मा सहित स्थानीय पाठशाला की छात्राओं एवं महिला मंडल की अध्यक्षा मीना देवी और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भागीदारी की। डॉक्टरों की टीम ने छात्राओं एवं महिलाओं को खून की कमी, बीमारियों और उनके कारण एवं निदान सहित उचित आहार एवं व्यायाम के महत्व बारे में जागरूक किया और महिलाओं की शंकाओं का समाधान किया। डॉक्टर प्रवीण शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि हिमाचल प्रदेश, एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) सूचकांक, 2020-21 की राष्ट्रीय रैंकिंग में 57.1 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर आ गया है, जबकि 2018-19 में हिमाचल प्रदेश 18वें स्थान पर था।

## डरोह स्कूल में किया बाल मेले का आयोजन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह में भवारना शिक्षा खंड के 17 स्कूलों के 125 स्कूली छात्रों के बाल मेले का एक दिवसीय आयोजन किया गया। इनमें मॉडल, बाद-विवाद, स्किट एंड ड्रामा,क्रिएटिव राइटिंग, प्रोजेक्ट, ग्रुप सॉन्ग वा डांस, क्विज, फन गेम्स, टीएल एम, सोलो सॉन्ग वा डांस शामिल किया गया। बाद-विवाद प्रतियोगिता में पहला स्थान स्कूल की दक्षशाइनी ने, दूसरा स्थान जीएसएसएस खैरा की पूर्वी पटियाल ने हासिल किया। साइंस प्रोजेक्ट में डरोह प्रथम, जीएसएस बारी ने दूसरा स्थान हासिल किया। ग्रुप सॉन्ग में डरोह प्रथम, खैरा ने दूसरा स्थान पाया है। ग्रुप डांस में खैरा प्रथम व पुन्नर स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। स्किट एंड ड्रामा मेंसलोह स्कूल प्रथम व भवारना दूसरे स्थान पर रहा। क्रिएटिव राइटिंग में भाटिलू प्रथम व डरोह दूसरे स्थान पर रहा। क्विज प्रतियोगिता में डरोह स्कूल प्रथम, भवारना दूसरे व खैरा तीसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डरोह स्कूल प्रधानाचार्य रजनीश अत्री ने की।

## भाषण स्पर्धा में मटौर स्कूल की तान्या थर्ड



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** अंडर-19 लड़के एवं लड़कियों का जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य रूप से भाषण प्रतिभागियों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें मटौर स्कूल की तान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तान्या के स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य संदीप शर्मा वा अन्य सदस्यों ने भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान राजेश कुमार ने भी तान्या को बधाई दी।

## जयसिंहपुर कॉलेज में कल होगा पीटीए का गठन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में 18 अक्तूबर को 11 बजे प्रो. उपेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में अभिभावक-अध्यापक संघ की आम सभा महाविद्यालय परिसर में होगी। इस दौरान पीटीए की नई कार्यकारणी का गठन किया जाएगा तथा महाविद्यालय के वार्षिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक इस आम सभा में सादर आमंत्रित हैं।

## केवल चयनित स्थानों पर ही बिकेंगे पटाखे

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना के प्रभारी उधम सिंह ठाकुर ने कहा है के इलाके में पटाखे बेचने वालों को पहले एसडीएम के कार्यालय से अनुमति लेनी होगी और अनुमति लेने के बाद वह चिन्हित स्थान पर ही पटाखे बेच सकेंगे ।उन्होंने कहा की गाड़ियां पार्क करने के लिए वाहन चालकों को चाहिए कि वह सड़क के किनारे लगाई गई व्हाइट लाइन का पालन करें और अपनी गाड़ियां व्हाइट लाइन के बाहर ही खड़ी करें अन्यथा गलत पार्किग में उनका भारी चालान भी हो सकता है।

## बलहर में पुस्तकालीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

**अनंत ज्ञान, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलहर स्थित वेदव्यास परिसर में 17 तारीख से दो दिवसीय पुस्तकालय सेमिनारका आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद व्यास परिसर की निदेशक प्रो.सत्यम कुमारी व पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने बताया कि एन ईपी 2020 के संदर्भ में शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुद्धार: संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर के विशेषज्ञ, पुस्तकालयाध्यक्ष, शिक्षाविद् और शोधार्थी भाग लेंगे। इसमें मुख्यातिथि के रूप में डॉ. विक्रम कुमार शर्मा (पुस्तकालयाध्यक्ष, केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय धर्मशाला) और विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवराम राव के. (पुस्तकालय विभागाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला) शामिल होंगे।

## महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि भगवान का प्रकट दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर धर्मशाला वाल्मीकि सभा द्वारा शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे बच्चों ने लव कुश का किरदार अदा किया। यह शोभा यात्रा वाल्मीकि मंदिर से होते हुए कोतवाली बाजार, पोस्ट आफिस, डिपू बाजार, कचहरी अड्डा से होते हुए वापस वाल्मीकि मंदिर में संपन्न हुई। वाल्मीकि सभा धर्मशाला के प्रधान रमन कुमार ने बताया कि वीरवार को वाल्मीकि मंदिर में झंडा रस्म अदा की जाएगी। इसके उपरांत वाल्मीकि मंदिर में हवन का आयोजन भी किया जाएगा। उसके बात दोपहर बाद करीब एक बजे से शाम पांच बजे तक भक्तों के लिए लंगर आयोजित किया जाएगा।

# पूर्व में हुई उपेक्षा से पिछड़ा देहरा : कमलेश

## विधायक ने कहा, अब सीएम सुक्खू के नेतृत्व में बनी सरकार क्षेत्र के साथ करेगी न्याय

**अनंत ज्ञान, देहरा**



पूर्व में हुई की उपेक्षा के चलते देहरा विधानसभा क्षेत्र विकास की दौड़ में काफी पीछे रह गया। मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार अब देहरा के विकास को प्राथमिकता देकर क्षेत्र के साथ न्याय करेगी। देहरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गठुतर में बुधवार को स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए विधायक कमलेश ठाकुर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि देहरा और यहां के लोगों की जरूरतों और समस्याओं को पूर्व में किसी ने गंभीरता से नहीं समझा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देहरा प्रदेश में आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित होगा।

कमलेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पिछले तीन महिने में ही देहरा विधानसभा क्षेत्र के लिए दो सौ करोड़ से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए हैं। देहरा में प्रशासन को लैंड बैंक बनाने के निर्देश सरकार द्वारा दिए गए हैं। देहरा में बनने वाले सर्किट हाउस, इंडोर स्टेडियम, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, देहरा अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट और लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग तथा बिजली बोर्ड के सर्किल कार्यालय के निर्माण को लेकर सरकार ने विभागों को उचित दिशानिर्देश दिए हैं।

**देहरा विधानसभा क्षेत्र की पंचायत गठुतर में जनता को किया संबोधित**

उन्होंने बताया कि इसके अलावा देहरा में बिजली की तारों को भूमिगत करने के प्रोजेक्ट तथा सड़क निर्माण के कार्यों सहित जल स्त्रोतों के उपयुक्त दोहन की दिशा में भी सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जिला कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित कर रही है। इसके तहत देहरा में भी कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि देहरा के बनखंडी में बन रहे जूलोजिकल पार्क का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके साथ पौंग डैम के आस-पास पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

### जनसमस्याओं का किया निपटारा

**विधायक** ने लोगों के साथ संवाद किया और जनसमस्याओं को सुना। अधिकतम समस्याओं का मौके पर निपटारा किया तथा शेष के समयबद्ध निवारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। स्थानीय प्रधान ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गठुतर पंचायत में विकासात्मक कार्यों के लिए सरकार द्वारा लगभग 25 लाख स्वीकृत किए गए हैं। कार्यक्रम में डीएफओ देहरा सन्नी वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुरेश वालिया, नायब तहसीलदार स्वतंत्र, एसडीओ विद्युत बोर्ड त्रिलोक सिंह, एसडीओ जल शक्ति विभाग मुनीष कुमार, ग्राम पंचायत प्रधान ठाकुर दास, उपप्रधान सुतीन कुमार, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश, पूर्व उपप्रधान कमल गुलेरिया, एससी सेल के ब्लॉक अध्यक्ष कमल किशोर, वार्ड मेंबर कमलेश देवी, सुमना देवी, मंजीत कुमार, सचिव इंद्रजीत शर्मा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## एयरपोर्ट पर सुनवाई अब 30 अक्तूबर को

**गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर आज 16 अक्तूबर को सुनवाई हुई और लगभग 35 मिनट बहस हुई। क्योंकि एयरपोर्ट का मामला मेरिट के आधार पर चला हुआ है और इसका फैसला अब 30 अक्टूबर को होगा। ग्रामीण संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि प्रभावित ग्रामीणों की नजरे अब उच्च न्यायालय और मानव अधिकार पर टिकी हुई हैं। इलाके की जनता को अब नेताओं से विश्वास उठ चुका है तथा जनता के न्यायालय पर विश्वास है कि न्यायालय जनता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे।

## कोपरा व आसपास आज पावर कट

**नूरपुर।** राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड उप मंडल सुलयाली के सहायक अभियंता तनुज मेहरा ने बताया कि 17 अक्तूबर को 11केवी औंद फीडर प्रात: 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बंद रहेंगे। कोपरा, भटका, औंद, हदल, बास्सा फरकुंडा, नूरपुर टाउन पेयजल परियोजना इत्यादि प्रभावित रहेंगे।

# टांडा अस्पताल में लोग पीने के पानी को तरसे

## प्याऊ के अधिकतर नल खराब, खरीद के पानी पी रहे लोग

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

टांडा अस्पताल में मरीजों के साथ आए तीमारदार व अन्य लोग यहां के मैदान में आराम से बैठकर भोजन इत्यादि करते हैं, परंतु उन्हें पीने के लिए पानी तक नहीं मिलता। सर्दियों का मौसम शुरू है, यहां आने वाले कई मरीज टेस्ट इत्यादि की रिपोर्ट के लिए घंटों इंतजार करते हैं और ऐसे में वे धूप सेंकने के लिए उक्त स्थान पर बैठते हैं। परंतु पानी के लिए यहां-वहां भटकते हैं।

ऐसा नहीं है कि यहां पर पेयजल व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी के लिए यहां पर प्याऊ बना रखे हैं, परंतु विडंबना यह है कि प्याऊ के अधिकांश नल टूटे हुए या बंद हैं। ऐसे में यहां आए लोगों को अपनी जेब से पैसे खर्च कर पानी पीने के लिए बाहर से मंगवाना पड़ता है। सलूणी से आए बशीर खान का



टांडा अस्पताल में बनाया गया प्याऊ, जिसके अधिकतर नल खराब हैं।

कहना है कि वह पिछले 4 दिनों से अपने मरीज के साथ हैं, पर यह पीने के पानी की व्यवस्था न होने से उन्हें 20 रुपए के हिसाब से पानी मंगवाना पड़ा। इस प्याऊ में 5 से 6 नल लगे हैं पर एक भी नहीं चलता है। इनमें से कुछेक की तो टूटियां ही गायब हैं।

ऐसे ही तीसा से सुभाष चंद, इंदौरा से सुषमा देवी, बिलासपुर के कर्म चंद, भरमौर से आए साधु राम और कई लोग है जो इस मजबूरी से इन हालातों से गुजर रहे हैं। अब इसे प्रशासन की लापरवाही कहें या मामला उनके ध्यान में ही नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं डिप्टी एमएस

**टांडा** मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डिप्टी एमएस व हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अरविंद राणा से बात की तो उन्होंने कहा कि मामला आपके माध्यम से ध्यान में आया है। उन्होंने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए कर्मचारियों को उक्त प्याऊ पर खराब पड़े नलों की जगह नए नल लगवाने के निर्देश दिए।

## मनकोटिया ने सीएम सुक्खू का आभार जताया

**डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरिंदर सिंह मनकोटिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कर्मचारियों तथा पेंशनरों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने से प्रदेश के 1.80 कर्मचारी और 1.70 पेंशनर लाभान्वित होंगे। यह पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने दिवाली के अवसर पर, इतिहास में पहली बार कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली की वजाय 28 अक्तूबर को वेतन व पेंशन की अदायगी करने की ठानी है। मुख्यमंत्री ने एक और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए बोर्डों व निगमों के 1 लाख कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मालामाल कर दिया।

# कब्जा कर मस्जिद बनाना और इबादत करना गलत : अफजल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजल ने जिला मुख्यालय धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि हाल ही में देश और हिमाचल में मस्जिद मामलों को लेकर जो बवाल हुआ है उसमें सरकार की ओर से जो कार्रवाई हुई है वह सही है। उन्होंने कहा कि मस्जिद का निर्माण ऐसे स्थान पर सही होता है, जहां पर या तो भूमि दान की हो या फिर खरीदी गई हो, न कि कब्जा कर मस्जिद बनाई जाए। मोहम्मद अफजाल ने कहा कि कब्जा कर मस्जिद बनाया जाना सही नहीं है और न ही उसमें इबादत करना सही है।

उन्होंने कहा कि पूजा और इबादत घर मंदिर मस्जिद या ऐसे स्थान, जहां भगवान या अल्लाह निवास होता है, वही होने चाहिए न कि इसका प्रदर्शन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें समाज में भाईचारे और सद्भावना का माहौल बनाए रखना है। चाहे हम किसी भी धर्म या मजहब से हों हम जब सड़क पर हों तो एक भारतीय के रूप में हों। वहीं, वक्फ मामले में उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के समय के चल रहे कानून में बदलाव जरूर हुए हैं, लेकिन इसका लाभ चंद लोग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड का असली मक्सद विधवाओं और यतीमों को मदद पहुंचाना है वक्फ में मौजूदा समय में चुनाव होने चाहिए और इसमें सभी धर्म के लोगों को प्रतिनिधित्व मिलने के साथ-साथ महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए(

# मां के आंचल में मिलता है सभी दुखों से छुटकारा : ओपी चौधरी

**अनिल छांगू, जवाली**

जिला के फतेहपुर क्षेत्र के रैहन के गोलबं गांव मे मंगलवार रात को जय बाबा शिवो थान रामलीला क्लब के बैनर तले पुर्व पंचायत प्रधान अनिल पप्पू की ओर से इस बार 15वां मां भगवती जागरण मां वैष्णो देवी का आयोजन किया गया। इसमें भजन सुनकर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। सुबह छह बजे प्रसाद वितरण के साथ ही जागरण संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के पुर्व उपाध्यक्ष व प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के पुर्व मे रहें अध्यक्ष ओपी चौधरी ने विशेष रूप से शिरकत की। चौधरी ने कहा कि मां के आंचल में आने के बाद हर व्यक्ति सभी दुखों से दूर हो जाता है। जो सच्चे मन से मां के दरबार में आता है, उसका बेड़ा पार हो जाता है। यदि हम सच्चे मन से मां की पूजा करें तो मां हमें इस भवसागर से पार ले जा सकता है। हमेशा दूसरों की भलाई के लिए प्रयास करने चाहिए। कलाकारों ने माता की सुंदर-सुंदर भजन गाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जागरण में माता का अलौकिक श्रृंगार, पंच मेवे का प्रसाद, फूलों की होली, इत्र वर्षा के कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। (अनंत ज्ञान)

## शातिरों ने युवक को 50.15 लाख रुपए का लगाया चूना

**धर्मशाला।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में सात गुना मुनाफा कमाने के चक्कर में बैजनाथ के सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने 50.15 लाख रुपए का चूना लग गया। युवक पहले भी ऑनलाइन ट्रेडिंग करता रहा है। जानकारी के अनुसार व्हाट्सएप ग्रुप में युवक को शातिरों ने उससे न खरीदे जाने वाले शेयर भी खरीदने का झांसा दिया। इसमें युवक ने इंस साल अगस्त से करीब 10 ट्रांजेक्शन में 50.15 लाख रुपए की राशि शातिरों के हाथों लूटा दी। ठगी का शिकार होने का एहसास होने पर युवक ने साइबर थाना धर्मशाला में मामले की शिकायत की है।

# अरनी विवि के स्टूडेंट्स ने जीएनए गियर्स लिमिटेड में जानी गियर्स बनाने की प्रक्रिया

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**




अर्नी विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन और वाणिज्य विभाग ने हाल ही में मेहटियाना, होशियारपुर रोड, पंजाब स्थित जीएनए गियर्स लिमिटेड के लिए एक समृद्ध और ज्ञानवर्धक औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया। जीएनए गियर्स, जिसकी स्थापना 1946 में हुई थी, ऑटोमोटिव उद्योग में एक अग्रणी नाम है और हल्के, मध्यम, भारी तथा ऑफ-हाइवे वाहन खंड के सभी प्रकार के गियर्स के निर्माण में विशेषज्ञता रखता है। 76 वर्षों से अधिक समय से यह उद्योग ऑटो उत्पादों के विकास और उत्पादन में उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए प्रमुख भूमिका निभा रहा है, और अपनी तकनीकी उत्कृष्टता के लिए विश्वभर में पहचाना जाता है। इस औद्योगिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपने शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक दुनिया के व्यावसायिक परिदृश्यों के साथ जोड़ने का अवसर प्रदान करना था। यात्रा के दौरान छात्रों ने न केवल कंपनी के उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण और नवाचारों को देखा, बल्कि व्यवसाय संचालन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और मार्केटिंग रणनीतियों के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में भी गहन जानकारी प्राप्त की। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रीय फोटो स्पर्धा में रोमांचिता प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में तीन दिवसीय इंडियन एसोसिएशन फिजिक्स टीचर्स के 38वें वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों से शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. पी. बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और एससी गोयल विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम के



दौरान नेशनल अन्वेषिका नेटवर्क ऑफ़ इंडिया-2024 के जूनियर वर्ग की परीक्षा में रत्नाबाई बालबाई जूनियर कॉलेज ऑफ साइंस, मुलुंड के अरहूम गांधी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल ओबरा के आकाश ने द्वितीय स्थान और कैनेडियन इंटरनेशनल स्कूल बैंगलोर की तेजल मनुगुरू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, नेशनल फोटो प्रतियोगिता में रोमांचिता चौधरी ने प्रथम, मालविका नायक ने द्वितीय और आस्था पी शिंदे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कबीर आश्रम मरूंह नागनी में बैठक आज

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव के साथ लगते कबीर आश्रम मरूंह नागनी में 17 अक्तूबर को कबीर सभा एवं आश्रम कमेटी की ओर से बैठक रखी गई है। बैठक के बाद आश्रम में व आश्रम परिसर की साफ सफाई भी की जाएगी। सभा के सदस्यों से अपील है कि कबीर आश्रम नागनी में सुबह 10 बजे पहुंच जाएं, सत्संग के बाद दोपहर भोजन की व्यवस्था भी की गई है। यह जानकारी आश्रम कमेटी के प्रधान सेवानिवृत्त कैप्टन हरनाम सिंह ने दी।

# भेड़-बकरियों में फुट रॉट रोग के उपचार के लिए विभाग मुस्तैद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. प्रदीप शर्मा ने बुधवार को पालमपुर में विभागीय अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रवासी भेड़-बकरियों के झुंडों में फुट रॉट रोग (पैरों की सड़न) के संदर्भ में स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि विभाग के पशु चिकित्सकों द्वारा प्रवासी भेड़-बकरियों में फुट रॉट रोग के प्रकोप पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, कांगड़ा जिले में प्रवासी गद्दी चरवाहों के कम से कम 60 झुंडों में फुट रॉट रोग की व्यापकता की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सकों और फार्मासिस्टों सहित विभाग की 10 त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का गठन किया गया है, जो ऐसे झुंडों में किसी भी बीमारी की घटना को देखेंगे।

# आरएस बाली ने कांगड़ा में वाल्मीकि मंदिर के सौंदर्यीकरण को दिए 2 लाख

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के अवसर पर वाल्मीकि सभा कांगड़ा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष, कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने महर्षि वाल्मिकी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके धर्म और समाज के प्रति योगदान को नमन किया।

बाली ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को महर्षि वाल्मीकि द्वारा दिए गए विचारों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण पूरे संसार को हमेशा प्रेरणा देती है। इस प्रेरणा को लेकर हम पूरे समाज को एक रख सकते हैं। उन्होंने कहा महर्षि वाल्मीकि द्वारा



लिखी रामायण में भगवान राम का जीवन पूरे संसार को मुश्किलों की परवाह न करते हुए सत्य के पथ पर चलते हुए विजय प्राप्त करना सीखाता है।

आरएस बाली ने वाल्मीकि सभा कांगड़ा में वाल्मीकि मंदिर के सौंदर्यीकरण करने की बात कही। उन्होंने वाल्मीकि सभा कांगड़ा के लिए 2 लाख रुपए और एक अन्य मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 1 लाख रुपए दिए। उन्होंने वाल्मीकि सभा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में भी शिरकत की।

**सौगात**

## बैजनाथ कूड़ा संयंत्र में वैज्ञानिक तरीके से होगा कूड़े का निष्पादन : किशोरी लाल

# सीपीएस ने किए 3 करोड़ के उद्घाटन-शिलान्यास

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने बुधवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के बुहली कोठी और लोहारडी में 3 करोड़ 5 लाख के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। सीपीएस ने बुहली कोठी में सवा करोड़ की लागत से निर्मित ठोस अपशिष्ट संयंत्र केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि बड़ी खुशी का दिन है बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत ने अपना ठोस अपशिष्ट सन्यंत्र स्थापित किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शहरी विकास मंत्री



विक्रमादित्य का बैजनाथ के आधुनिक कूड़ा संयंत्र देने के लिए अभार प्रकट किया।

किशोरी लाल ने कहा कि इस संयंत्र में वैज्ञानिक तरीके से कूड़े के निष्पादन होने से नगर पंचायत के सभी वार्ड साफ सुथरे रहेंगे और जगह-जगह पर लगे कूड़े के ढेरों से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि कूड़े का वैज्ञानिक रूप में निष्पादन होने से नगर पंचायत को यहां तैयार उत्पादों से आय भी होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे यहां सुंदर पार्क भी बनाया जाएगा। इसके उपरांत मुख्य संसदीय सचिव ने छोटा भंगाल क्षेत्र के लोहारडी में स्वार्ड गांव को जोड़ने के लिए लम्माडग खड्ड पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुल के कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधान सभा क्षेत्र में बड़ा और छोटा भंगाल घाटी पिछड़ा इलाका है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा में जोड़ना और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिये गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वार्ड के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूर्ण होने की दिशा में शुरुआत हुई है। अगर लोग जमीन देते हैं तो इस पुल के बनने के बाद चेरना से भुजलिंग सड़क का निर्माण भी उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बीड़ राजगुंधा बरोट सड़क का शेष कार्य पर 9 करोड़ व्यय किए गए हैं और सड़क पास होने पर बैजनाथ से बरोट तक बस सेवा आरंभ की जाएगी। मुल्थान में कॉलेज भवन निर्माण के लिए 5 करोड रुपए की राशि दी गई है। साथ ही मुल्थान बाजार में ऊहल खड्ड के साथ प्रोटेक्शन वॉल लगाने के लिए 3 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### खग्गल, घनोटला, रोपा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत लाइनों की आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य के चलते 17 अक्तूबर को गांव खग्गल, घनोटला, रोपा और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। उपमंडल के सहायक अभियंता सुनील कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### 30 नवंबर तक बंद रहेगा बड़सर-गुजरेड़ा नेरी सड़क मार्ग

**अनंत ज्ञान,बड़सर।** बड़सर-गुजरेड़ा-नेरी सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 30 नवंबर तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि बड़सर-गुजरेड़ा-नेरी सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 30 नवंबर तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बड़सर-धनेटा सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। जिलाधीश ने क्षेत्र के सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### महल स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महल में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसएमसी प्रधान मेहर चंद पटियाल रहे। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन व स्वयंसेवियों द्वारा किये कार्य से प्रभावित होकर 5100 रुपए दिए। स्थानीय पाठशाला की प्रधानाचार्य माति सीमा डोगरा ने बच्चों के जज्बे की तारीफ की। इस शिविर में 12वीं कक्षा के रोहित कुमार को लड़कों में बेस्ट वालंटियर तथा साक्षी हमारी को लड़कियों में बेस्ट वालंटियर घोषित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार प्रवक्ता ने कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट पढ़ी। इस शिविर में शौर्य पटियाल, अक्षत, जतिन, साहिल, हर्ष, राहुल, रितिका, हार्षता, वसु, सिमरन, रायना, महक व अन्य स्वयंसेवी मौजूद रहे।

### विजय वल्लभ कॉलेज में प्रेरणा कार्यक्रम का समापन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय में एक सप्ताह से चल रहे प्रेरणा कार्यक्रम का सफल समापन हो गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनामिका शर्मा ने बताया कि नए सत्र के आरंभ में नवागुंतक प्रशिक्षु छात्रों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रेरण कार्यक्रम एक ऐसी प्रक्रिया है, जो नए छात्रों को उनकी नई भूमिकाओं और वातावरण में समायोजित होने में मदद करती है। पवन लता ने संप्रेषण कौशल, डॉली ने प्रेरणा कौशल, अनुपम ने आत्म संयम, अनिल ने संवेगात्मक बुद्धि, कुमारी मोनिका ने अनुकूलनशीलता, अमिता ने सक्रिय श्रवण कौशल, कुमारी वैशाली ने नेतृत्व, वीरेंद्र ने योग, गुलशन ने पुस्तकालय का महत्व, मंजू ने आत्मविश्वास तथा सपना ने अधिगम व्यवहार जैसे कौशलों से प्रशिक्षु छात्रों को अवगत करवाया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष अजय जैन तथा वाइस चेयरमैन निर्मल जैन विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### पशु चिकित्सालय नादौन का दर्जा बढ़ाने की मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के पशुपालकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से पशु चिकित्सालय नादौन को अपग्रेड करके इसे वेटनरी पॉलीक्लिनिक का दर्जा देने की मांग की है। पशुपालकों का कहना है कि कई बार उन्हें अपने पशु उपचार के लिए 70 किलोमीटर दूर हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को ले जाने पड़ते हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जबकि प्रदेश के हर जिले में पशुपालकों को अपने पशुओं के उपचार के लिए वेटनरी पॉलीक्लिनिक एवं वेटनरी जोनल अस्पताल उपलब्ध हैं, लेकिन मात्र हमीरपुर जिले में ही यह संस्थान न होने के कारण हमें अपने पशुओं के उपचार के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ये सब पशु पालन विभाग के विभागीय आंकड़े स्पष्ट रूप से बयां करते हैं। गौर रहे कि यदि पशु चिकित्सालय नादौन को यदि पशु पॉलीक्लिनिक का दर्जा दिया जाता है तो इससे न केवल जिला हमीरपुर के पशुपालकों को अपने पशुओं के उपचार के लिए पशु पॉलीक्लिनिक की सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि इससे नादौन विधानसभा के अतिरिक्त हमीरपुर, सुजानपुर, भोरंज, बड़सर, जसवां परागपुर,ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के पशु पालकों को भी अपने पशुओं के उपचार के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

### वार्ड 8, 9 और 10 के उपभोक्ता कल करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के सहायक अभियंता सौरभ राय ने हमीरपुर शहर के वार्ड नंबर 8, 9 और 10 के सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 18 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से भोटा चौक स्थित विद्युत उपमंडल-2 के कार्यालय में अपनी आईडी को आधार नंबर से लिंक करवा दें। उन्होंने कहा कि इसके लिए उपभोक्ता अपने घरेलू मीटर का बिल और आधार कार्ड और अपना फोन साथ लाएं।

### भगवती स्कूल में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती



**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल के छात्रों ने महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई, जिसमें छात्रों ने भाषण भी दिए। कक्षा छठी से अभिराज व सातवीं से सुहानी ने भाषण के माध्यम सें महान कवियों और ऋषियों में से एक महर्षि वाल्मीकि के बारे में अपने विचार प्रकट किए। अध्यापको में सुमन लता और निखिल शर्मा ने भी अपने विचारों के माध्यम से वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने छात्रों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की बधाई दी।

### टौणी देवी स्कूल में स्वयंसेवियों का किया मार्गदर्शन



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन का माहौल अत्यंत उत्साहजनक और प्रेरणादायक रहा। शिविर में आए सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुरेश ठाकुर ने स्वयंसेवियों से संवाद किया और उन्हें अनुशासन, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी के महत्व पर विशेष मार्गदर्शन दिया।

### छात्राओं को करवाया एक्सपोजर विजिट



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना हमीरपुर के सौजन्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत सुपर मैग्नेट स्कूल की 31 किशोरियों के लिए एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से किशोरियों को जीवन कला कौशल सिखाने तथा उनके सशक्तिकरण के लिए पोस्ट ऑफिस, पुलिस थाना और बैंक का भ्रमण करवाया गया।

राजेंद्र राणा ने लोगों की समस्याओं को लेकर निर्माण कंपनी व प्रशासन को चेताया, बोले-

# समय रहते कंपनी ने समस्या का समाधान नहीं किया तो लोगों के साथ करेंगे प्रदर्शन

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



कोल्हू सिद्ध मंदिर के निरीक्षण के दौरान लोगों से बातचीत करते राजेंद्र राणा।

हमीरपुर से धर्मपुर के बीच बन रहे नेशनल हाईवे के निर्माण से स्थानीय लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पूरी तरह से उखाड़ दी गई है, जिससे न केवल लोगों के घरों में मिट्टी और धूल भर रही है, बल्कि आने-जाने में भी कठिनाइयां हो रही हैं। लोगों को वैकल्पिक रास्तों से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और निर्माण कार्य में लगी कंपनी की ओर से कोई समुचित संवाद नहीं हो रहा है।

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाया था और सरकार को चेतावनी दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसी बीच टौणी देवी से आगे स्थित प्रसिद्ध कोल्हू सिद्ध मंदिर जो इस क्षेत्र की कुलदेवता का मंदिर है और जहां हजारों श्रद्धालु पूजा के लिए आते हैं, उसे भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।

बुधवार को राजेंद्र राणा ने स्थानीय लोगों के आग्रह पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जिला प्रशासन से चर्चा की। उन्होंने जल्द से जल्द इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को कहा।

राणा ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन और निर्माण कंपनी समय रहते इन मुद्दों का समाधान नहीं करते, तो लोग विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार पर होगी। राणा ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान पानी की पाइपलाइनों को भी उखाड़ दिया गया है, जिससे लोगों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की किल्लत को लेकर जब दरकोटी वासियों ने प्रदर्शन किया तो सरकार ने उनके ऊपर एफआईआर करके मुकद्दमे दर्ज कर दिए गए, जिसकी हम घोर निंदा करते हैं।

राणा ने कहा कि लोगों के ऊपर दर्ज किए मुकदमों को रद्द किया जाए है और समस्याओं का हल किया जाए। मौके पर पुजारी रघुबीर सिंह, भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष अर्चना चौहान, बारी पंचायत के उपप्रधान सुमेश कुमार, ग्रामीण संजीव कुमार, जय राज चौहान, हरबंस सिंह, रजनीश शर्मा, बलवंत सिंह, कर्मवीर, अनंत राम परमार, दलजीत, तानों देवी, शीला देवी, संतोष कुमार, पवन कुमार, योग राज इत्यादि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने जांची व्यवस्थाएं

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

- जिला कांग्रेस कमेटी करेगी मुख्यमंत्री का जगह -जगह स्वागत
- 19 व 20 को हमीरपुर के कई विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास

उपचुनावों के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर प्रवास पर आ रहे हैं, जिसके लिए जिला प्रशासन और जिला कांग्रेस कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उपायुक्त अमर जीत सिंह ने जिला प्रशासन और नगर परिषद हमीरपुर के अधिकारियों के साथ शहर में करवाए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर भी उपस्थित रहे।

वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी भी मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के अनुसार शहर में किए गए विकास कार्यों को और तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, क्योंकि अभी तक जितने भी कार्य नगर परिषद हमीरपुर द्वारा करवाए गए हैं, उनका उद्घाटन नहीं हो सका है। उपचुनावों के चलते भी शहर में जितना भी सौंदर्यीकरण का कार्य हुआ है, उसे जनता को समर्पित तो कर दिया गया है, लेकिन उद्घाटन नहीं किया जा सका। बताया जा रहा है कि बस स्टैंड हमीरपुर के शापिंग कांप्लेक्स में रानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा भी हाल में लगाई गई है, उसका अनावरण करेंगे। इसी के साथ नए बस स्टैंड की प्रोग्रेस कितनी हुई है, इसका भी जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री के इस दौरे में डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे और मेडिकल कॉलेज के सभागार के साथ प्रधानाचार्य आवास का शिलान्यास भी करेंगे।

उपायुक्त हमीरपुर अमर जीत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 19 और 20 अक्तूबर को जिला हमीरपुर के प्रवास पर रहेंगे। इसी दौरे को लेकर शहर में किए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज और नए स्टैंड की प्रोग्रेस की फीडबैक भी लेंगे। (अनंत ज्ञान)

### अणु खुर्द, बल्ह और अन्य गांवों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 17 अक्तूबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते अणु खुर्द, ब्राह्मणी, कोहलड़ी, बल्ह और साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### राजस्थान व हिमाचल के बीच खेला गया क्रिकेट मैच रहा ड्रॉ

**नादौन।** अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम नादौन में राजस्थान व हिमाचल की टीम के बीच खेला गया चार दिवसीय क्रिकेट मैच ड्रॉ रहा है।

अंडर 23 कर्नल सीके नायडू चार दिवसीय क्रिकेट ट्रॉफी के चौथे दिन हिमाचल की टीम ने 5 ओवर में दो विकेट पर 6 रन से आगे खेलते हुए चौथे दिन का मैच समाप्त होने तक हिमाचल की टीम 97 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन ही बना पाई। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने बताया कि राजस्थान के गेंदबाज एमके जांगड़ा ने तीन शर्मा ने एक हिमांशु ने दो अनिरुद्ध सिंह ने एक तथा क जोशी ने एक विकेट ली।

## प्लेसमेंट ड्राइव में एनआईटी हमीरपुर के छात्रों को अच्छे पैकेज पर मिली नौकरी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



देश के प्रतिष्ठित संस्थानों हिमाचल प्रदेश के एनआईटी संस्थान हमीरपुर ने पिछले तीन सालों में प्लेसमेंट में बड़ी उड़ान भरी है। एनआईटी हमीरपुर का सत्र 2023-24 के लिए भर्ती सूचकांक 82 प्रतिशत पर पहुंच गया है। इस सत्र में देश की नामी 219 कंपनियां एनआईटी हमीरपुर में प्लेसमेंट करने के पहुंची हैं।

इस दौरान 107 कंपनियों ने सीधे एनआईटी हमीरपुर का दौरा किया औद्योगिक परिदृश्य में अस्थिरता के बावजूद गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, ब्लूमबर्ग, एडोब, सैमसंग, मारुति, लार्सन एंड टूब्रो आदि जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों ने इस संस्थान से अधिकतम छात्रों की भर्ती की। इस संस्थान में कई विभाग हैं जिन्हें 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हुई है, जैसे केमिकल इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर और मैनेजमेंट स्टडीज। 98 प्रतिशत छात्रों को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में नौकरी मिली।

कंप्यूटर विज्ञान, गणित और कंप्यूटिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों का प्लेसमेंट कंपनियों का फोकस रहा। सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को 75 प्रतिशत प्लेसमेंट हुई है। यूजी स्तर पर औसत पैकेज 10 लाख रुपए और दोहरी डिग्री पर 15.65 लाख रुपए रहा है। संस्थान पिछले तीन वर्षों में 1.75 करोड रुपए के उच्च वेतन पैकेज को प्राप्त करने का गौरव प्राप्त कर रहा है। माइक्रोसॉफ्ट और गूगल ने 50 लाख से अधिक के पैकेज वाले भरपूर छात्रों को लिया है। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी ने बताया कि यहां छात्रों को प्रभावशाली पाठ्यक्रम और कॉर्पोरेट व्याख्यान श्रृंखला के साथ कॉर्पोरेट सेक्टर में वर्तमान जरूरतों और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है।

प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सोमेश कुमार शर्मा ने बताया कि अगले साल भी शानदार प्लेसमेंट इंडेक्स की उम्मीद है। इस कामयाबी का श्रेय एनआईटी की टीम व छात्र समूह का अथक प्रयासों को जाता है। (अनंत ज्ञान)

### पटवार खानों में राजस्व सेवाओं के लिए निर्धारित दरों पर ही लिया जा रहा शुल्क

**अनंत ज्ञान,नादौन।** नादौन के तहसीलदार रोहित कंवर ने तहसील नादौन के पटवारखानों में विभिन्न सेवाओं की ऐवज में शुल्क की वसूली के संबंध में स्पष्ट किया है कि यह शुल्क सरकार द्वारा अधिसूचित संशोधित दरों के अनुसार ही लिया जा रहा है तथा लोगों को इसकी बाकायदा रसीद भी दी जा रही है। शुल्क के संबंध में एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित एक खबर को निराधार बताते हुए तहसीलदार ने कहा कि शुल्क और रसीद का पूरा रिकॉर्ड भी मेंटेन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब सभी तरह के शुल्क के लिए ऑनलाइन सिस्टम है। शुल्क की अदायगी के साथ ही संबंधित व्यक्ति के मोबाइल नंबर पर इसका मैसेज जाता है और इसकी ऑनलाइन रसीद भी जनरेट होती है। यह ऑनलाइन सिस्टम पूरी तरह पारदर्शी है। तहसीलदार ने बताया कि सभी पटवारियों को आम लोगों को प्राथमिकता के आधार पर राजस्व संबंधी सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पंचायत जनप्रतिनिधियों के इस्तीफे के नियमों पर आपत्तियां या सुझाव आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश की विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के त्यागपत्र देने से संबंधित नियमों में कुछ संशोधनों का प्रस्ताव है। पंचायतीराज विभाग ने इन संशोधित नियमों के संबंध में 30 दिन के भीतर आपत्तियां या सुझाव आमंत्रित किए हैं। जिला पंचायत अधिकारी शशिबाला ठाकुर ने बताया कि इन संशोधित नियमों का प्रारूप हिमाचल प्रदेश के राजपत्र (ई-गजट) पर उपलब्ध है। अगर किसी व्यक्ति को संशोधित नियमों के इस प्रारूप पर कोई आपत्ति हो या फिर वह अपने सुझाव रखना चाहता है तो वह इस प्रारूप के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर अपनी आपत्तियां या सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। जिला पंचायत अधिकारी ने जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों से अपील की है कि अगर इस अवधि के दौरान उन्हें कोई आपत्ति या सुझाव प्राप्त होता है, तो वे इन्हें तुरंत जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करें, ताकि इन आपत्तियों एवं सुझावों को जिला स्तर पर संकलित करके पंचायतीराज विभाग के विशेष सचिव को अग्रेषित किया जा सके।

## सीआईडी सब-इंस्पेक्टर बनकर व्यक्ति को परेशान करने का मामला आया सामने

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन क्षेत्र में एक युवक व उसके साथी पर सीआईडी सब इंस्पेक्टर बनकर एक व्यक्ति को परेशान करने का मामला सामने आया है। नादौन शहर के शिकायतकर्ता संजय आहलुवालिया ने इस संदर्भ में पुलिस थाना नादौन में शिकायत की है कि एक युवक ने अपने एक साथी को सीआईडी में तैनात सब इंस्पेक्टर बताकर जबरन हिरासत में लेकर थाना ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने निजी कार्य से मिनी सचिवालय नादौन में गए हुए थे, तभी आरोपी युवक और उसके साथी ने उन्हें रोक लिया और जबरन वाहन में बैठने को मजबूर किया। जान से मारने की धमकी दी और थाने ले गया।

पुलिस ने पूछताछ की और उन्हे बताया कि संजय के ऊपर कोई मामला नहीं है। पुलिस थाना प्रभारी बाबू राम शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज करके छानबीन की जा रही है। शिकायतकर्ता संजय आहलुवालिया ने बताया कि इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस के अलावा सीएम सुक्खू को भी की है। जिस पर हिमाचल के मुख्य सचिव प्रमोद सक्सेना ने पुलिस अधीक्षक हमीरपुर को भेजा है।

### छात्र गुलेला पुल के पास से लापता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** परमार्थ सीनियर सेकेंडरी स्कूल धरोग में नौंवी कक्षा में पढ़ने वाला छात्र कार्तिक राणा बुधवार को गुलेला पुल के पास से लापता हो गया है। बताया जा रहा है कि उसके पेपर लगे हुए हैं और 12 बजे के बाद से ही लापता है। छात्र के परिजनों ने उसे काफी ढूंढा लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। छात्र की उम्र 14 साल बताई जा रही है। परिजनों से इसकी शिकायत पुलिस थाना हमीरपुर में करवा दी है। थाना प्रभारी ललित महंत ने बताया कि शिकायत के आधार पर छात्र को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है।

### करियर प्वाइंट विवि हमीरपुर में सत्र 2024-25 में पीएचडी की सीटों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डायरेक्टर डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश प्राइवेट शिक्षण संस्थान रेगुलेटरी कमीशन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सिविल इंजीनियरिंग, फिजिक्स, गणित, लॉ में सत्र 2024-25 में पीएचडी की सीटों को भरने की मान्यता दे दी है। इससे पहले भी विश्वविद्यालय में 200 रिसर्च स्कॉलर विभिन्न विषयों में अपनी पीएचडी कर रहे हैं। एडमिशन के लिए करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा लेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 21 अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी डीआरडी एट दी रेट सीपीयूएच डॉट ईडीयू डॉट इन पर लॉग इन कर सकते हैं।

## सुपर हाईवे पर दो कारों में टक्कर दो कार सवार गंभीर रूप से घायल

**एसके शर्मा, जाहू**





जाहू पुलिस चौकी के अंतर्गत कांगूघटी गांव के पास जाहू भोटा सुपर हाईवे पर दो कारों में जोरदार टक्कर होने से दो गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार दोनों ही कारें बहुत तेज रफ्तार से जा रही थीं। एक कार जाहू से सुलगवान की तरफ व दूसरी जाहू से सुलगवान की तरफ जा रही थी।

कारों में टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग एकदम सड़क पर पहुंच गए। सुलगवान से जाहू की तरफ जाने वाली कार में चार व्यक्ति बैठे हुए थे, जबकि जाहू से सुलगवान की तरफ जाने वाली कार में एक ड्राइवर ही कार में सवार था। लोगों के द्वारा घायल व्यक्तियों को कार से बाहर निकाला गया जिनमें एक लड़के ओम व लड़की ज्योति को गहरी चोटें आई हैं। दुर्घटना होने की जानकारी पुलिस को देने पर मौके पर जाहू पुलिस चौकी के प्रभारी व अन्य कर्मचारियों के पहुंचने के बाद घायल लोगों को भोरंज अस्पताल ले जाया गया। इन दोनों को गहरी चोटें होने की वजह से बोरिंग अस्पताल से हमीरपुर अस्पताल को रेफर कर दिया गया है।

जाहू पुलिस चौकी के प्रभारी फिरोज अख्तर ने बतायाकि क दुर्घटना के कारणों की छानबीन की जा रही है।

### कूड़ा जलाने से लोग परेशान



हमीरपुर। डीसी ऑफिस परिसर के साथ बचत भवन के रसोई घर में कूड़ा जलाया जा रहा है जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है।

### उठाऊ पेयजल योजना जाहू का कल भोरंज के विधायक सुरेश कुमार करेंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज के तहत जल शक्ति विभाग मंडल भोरंज के सौजन्य से उठाऊ पेयजल योजना जाहू का शुभारंभ समारोह 18 अक्तूबर को होगा। भोरंज जल शक्ति मंडल के अधिशाषी अभियंता प्रदीप चड्ढा ने बताया कि 18 अक्तूबर को सुबह 11 बजे भोरंज के विधायक सुरेश कुमार जल शक्ति उपमंडल लदरौर के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत उठाऊ पेयजल योजना जाहू का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर भोरंज के विधायक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस योजना से जाहू क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से होगी।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस भलवानी पंचायत के गांव ठारा में धूमधाम से मनाया



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस भलवानी पंचायत के अंतर्गत गांव ठारा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास हिमाचल प्रदेश जिला कार्यक्रम अधिकारी हमीरपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि भोरंज के विधायक सुरेश कुमार के द्वारा शिरकत की गई। विधायक सुरेश कुमार के द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर पौधरोपण भी किया। इस दौरान विधायक सुरेश कुमार के द्वारा टॉपर बेटियों इशिता और रचित को भी सम्मानित किया गया। कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाली चार बेटियों शिवानी, भावना, जिया, शिल्पा को भी सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेवानिवृत्त कृष्णा कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजना देवी, निर्मला देवी, सिमरो देवी को भी आंगनबाड़ी केंद्रो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर विधायक सुरेश कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डीपीओ अनिल कुमार, सुपरवाइजर अभिषेक ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## तेंदुए की दहाड़ से सहमे जोलवासी विभाग से पिंजरा लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत जोल में इन दिनों तेंदुए का आतंक बढ़ गया है। शाम ढलते ही तेंदुआ दहाड़ना शुरू कर देता है, जिसके चलते लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनका सुबह-शाम घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों को अब यह भी डर सताने लगा है कि छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल में अकेले कैसे भेजें। आजकल फसल और घास चारों तरफ फैला हुआ है, लोग अब खेत खलिहान में भी जाने से भी कतरा रहे हैं कि कहीं तेंदुआ उन पर हमला न कर दे। ग्रामीणों ने बताया की 3 से 4 तेंदुए क्षेत्र में घूम रहे है। पिछले दिनों मेहर सिंह की बकरी को भी तेंदुआ ने मार डाला था, जिससे भी ग्रामीणों में दहशत है। क्षेत्र वासियों में मेहर चंद, गौरव डोगरा, प्रेम चंद भारद्वाज, कुलदीप चंद भारद्वाज, जगत राम भारद्वाज, यशवंत भारद्वाज, शशि भारद्वाज, नीरज भारद्वाज, गोपाल दास, पप्पू ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि जोल गांव में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए, ताकि गांव में किसी प्रकार की बड़ी अनहोनी होने से बचा जा सके।

वनरक्षक शुभम ने बताया कि कि इस बारे में उन्हें शिकायत मिली है। विभाग जोल गांव के आसपास पिंजरा लगाकर तेंदुए को जल्द ही पकड़ने की कोशिश करेगा।

**आयोजन** एनआईटी हमीरपुर में चौथा अंतरराष्ट्रीय आईसीएनएएओ-2024 सम्मेलन का आज होगा शुभारंभ

## विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान सहित शोधार्थी शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर का गणित और वैज्ञानिक कंप्यूटिंग विभाग आईसीएनएएओ-2024 विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 17 से 19 अक्तूबरके दौरान कर रहा है। इस सम्मेलन में विभिन्न देशों से लगभग 130 प्रतिभागी एवं 45 वक्ता भाग लेंगे।

भारत के प्रत्येक कोने से साथ-साथ जर्मनी, इटली, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका जैसे देशों के प्रतिभागी एवं विषय विशेषज्ञ इस सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में आएंगे। सम्मेलन का उद्देश्य एनालिसिस और ऑप्टिमाइजेशन के क्षेत्र में वर्तमान अनुसंधान एवं विकास, भविष्य में उपयोगिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान एवं विचार मंथन करना है। इस सम्मेलन में शोधार्थी एवं विद्वान ज्ञान का आदान-प्रदान करेंगे, जिससे शोधार्थियों को भविष्य में अपने शोध के लिए एक नई दिशा मिलेगी, जो देश को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों की व्याख्यान के साथ-साथ, शोधार्थियों द्वारा 130 शोध पत्र व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ-साथ लगभग 30 से 40 शोध पत्र ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत होंगे। शोधार्थियों को विषय विशेषज्ञों के साथ बातचीत एवं उनके मार्गदर्शन का भरपूर अवसर उपलब्ध रहेगा।

एनआईटी हमीरपुर शिक्षा एवं शोध में उच्च गुणवत्ता के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है तथा समय-समय पर ऐसी सम्मेलनों, कार्यशालाओं, गोष्ठियों आदि का आयोजन करता है ताकि शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा मिल सके तथा गुणवत्ता का समावेश किया जा सके। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. एस पोनुसामी, आईआईटी मद्रास के प्रतिष्ठित प्रोफेसर होंगे। इस अवसर पर एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में प्रो. ई मॉल्कोव्स्की, स्टेट यूनिवर्सिटी नोवी पजार, सर्बिया और प्रो. ई करापिनार, तुर्की से आमंत्रित हैं।

संस्थान की रजिस्ट्रार अर्चना संतोष ननोटी ने बताया कि यह सम्मेलन शोध एवं विचारों के आदान-प्रदान का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा। हम इस सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को नई संभावनाओं की दिशा में अग्रसरित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें विश्वास है कि यह सम्मेलन शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने में सहायक होगा।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता के लीग मैच में जीता सोलन



**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज में अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता का दूसरा दिन प्रतियोगिता के लीग मैच खेले गए। राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ और धर्मपुर कॉलेज के मैच में राजगढ़ 3-0 से जीता। सोलन कॉलेज और बंगाणा कॉलेज के मैच में सोलन 3-0 से जीता। मंडी कॉलेज और घुमारवीं कॉलेज के मैच में मंडी 3-0 से जीता। संजौली कॉलेज और रामपुर कॉलेज के मैच में रामपुर 3-0 से जीता। नेरवां कॉलेज और आरकेएमवी शिमला के मैच में आरकेएमवी 3-0 से जीता। जोगिंद्रनगर कॉलेज और चंबा कॉलेज के मैच में जोगिंद्रनगर 3-0 से जीता। सरकाघाट कॉलेज ने सेंट बेडस शिमला को हराया। सरस्वती नगर कॉलेज ने बनीखेत कॉलेज को हराया। सुंदरनगर कॉलेज ने ननखंडी कॉलेज को हराया। सीमा कॉलेज रोहड़ू ने संगड़ाह कॉलेज को हराया। संजौली कॉलेज ने भोरंज कॉलेज को हराया। कुल्लू कॉलेज ने सलूणी कॉलेज को हराया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 17 अक्तूबर को खेला जाएगा।

ऐसे देश को छोड़ देना चाहिए, जहां न आदर है, न जीविका, न मित्र, न परिवार और न ही ज्ञान की आशा। –विनोबा भावे

## संपादकीय

# संबंधों में तनाव

भारत और कनाडा के बीच संबंध दिन-ब-दिन बिगड़ते ही जा रहे हैं। दोनों देशों में इन दिनों खासा तनाव आ गया है और ये रिश्ते सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। इसकी शुरुआत खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से हुई। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत सरकार पर आरोप लगाया कि वह खालिस्तान समर्थकों को समर्थन दे रहा है, जो भारत की संप्रभुता के लिए खतरा है। कनाडा का कहना है कि वह अपने देश में अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा कर रहा है और वह किसी भी हिंसक गतिविधि के खिलाफ है। भारत ने अपने उच्चायुक्त समेत कई अफसरों को वापस बुला लिया है। वहीं, कनाडा के पांच राजनयिकों को भी देश छोड़ने के लिए कहा है। हालांकि, यह पहली बार नहीं हुआ बल्कि इससे पहले भी दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी आती रही। वर्ष 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट में हुई बमबारी में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश कनाडा के नागरिक थे। इस हमले के लिए भारत ने कनाडा में रहने वाले खालिस्तान समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया था। वर्ष 1999 में कनाडा की सरकार ने भारत पर खालिस्तान समर्थकों को समर्थन देने का आरोप लगाया। 2007 में कनाडा ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा नियमों को सख्त कर दिया, जिससे भारत में नाराजगी हुई थी।

2010 में भारत ने कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर की यात्रा रद्द कर दी थी, क्योंकि कनाडा ने खालिस्तान समर्थकों को समर्थन देने का आरोप लगाया था। सवाल यह उठता है कि आखिर कनाडा की भारत से क्यों नहीं बनती? कनाडा, भारत जैसे देश से चिढ़ता क्यों है? इस तनाव के कारण दोनों देशों के बीच के आर्थिक और राजनीतिक संबंधों पर भी असर पड़ रहा है। भारत ने कनाडा के साथ अपने व्यापारिक संबंधों की समीक्षा करने का फैसला किया है, जबकि कनाडा ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा नियमों को सख्त कर दिया है। यह तनाव दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है, और इसका समाधान निकालने के लिए दोनों पक्षों को बातचीत करने की जरूरत है। नि:संदेह भारत-कनाडा के रिश्ते सुधर सकते हैं।

सबसे पहले तो दोनों देशों के नेताओं के बीच बातचीत होना जरूरी है, जिससे आपसी समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। विश्वास बहाली सबसे अहम है। दोनों देशों को एक-दूसरे के प्रति विश्वास बहाल करना होगा। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान से रिश्तों में मजबूती आएगी। शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग से रिश्तों में सुधार हो सकता है। दोनों देशों को आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करना चाहिए। राजनयिकों को आपसी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए काम करना चाहिए। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है। भारत ने कनाडा पर आरोप लगाया है कि वह आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन दे रहा है। दोनों देशों के आर्थिक हितों में टकराव भी रिश्तों में तनाव पैदा करता है। इसके अलावा राजनीतिक मतभेद भी रिश्तों में तनाव पैदा करते हैं।

गलती किसकी है, यह कहना मुश्किल है, लेकिन दोनों देशों को आपसी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए बातचीत करनी चाहिए और एक-दूसरे की चिंताओं को समझना चाहिए। भारत की ओर से खालिस्तान समर्थन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग करना चाहिए और आर्थिक सहयोग बढ़ाना चाहिए। वहीं, कनाडा की ओर से भी खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई करनी जरूरी है। वीजा नियमों में बदलाव करना समय की मांग है। भारत की चिंताओं को समझना भी उतना जरूरी है जितना कनाडा खालिस्तानियों की गतिविधियों को लेकर परेशान है। इन कदमों से दोनों देशों के बीच के रिश्तों में सुधार हो सकता है। यदि भारत और कनाडा के रिश्ते और खराब होते हैं, तो इससे कई क्षेत्रों में फर्क पड़ सकता है जैसे- दोनों देशों के बीच व्यापार कम हो सकता है, जिससे आर्थिक नुकसान होगा। कनाडा के निवेश में कमी हो सकती है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। कनाडा भारत को अंतरराष्ट्रीय संगठनों में समर्थन देने में असमर्थ हो सकता है। दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग कम हो सकता है, जिससे आतंकवाद और अन्य सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना मुश्किल होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों देशों के बीच गलतफहमी जल्द ही दूर हो जाएगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री

**भगवंत** मान भारतीय राज्य पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। वह एक प्रसिद्ध राजनेता, अभिनेता, गायक और हास्य कलाकार भी हैं। उन्होंने 'आम आदमी पार्टी' से साल 2014 में लोकसभा का चुनाव संगरूर से लड़ा था और सांसद बने। साल 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में पार्टी ने भगवंत मान को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था। पंजाब में आम आदमी पार्टी की शानदार जीत के बाद भगवंत मान को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया है। अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भगवंत मान ने मनप्रीत सिंह बादल की पार्टी 'पंजाब पीपल्स पार्टी' से की थी, लेकिन बाद में मनप्रीत कांग्रेस में शामिल हो गए तथा भगवंत मान 'आम आदमी पार्टी' में आ गए। भगवंत मान का जन्म सतोज नामक गांव में हुआ था जो पंजाब के संगरूर की सुनाम तहसील के जिले में स्थित है। इनके पिता का नाम मोहिंदर सिंह और माता का नाम हरपाल कौर है। भगवंत मान ने इंद्रप्रीत कौर से शादी की थी, लेकिन बाद में 2015 में उन्होंने अपने रास्ते अलग कर लिए।


भगवंत मान
जन्म : 17 अक्तूबर, 1973

उनके दो बच्चे (एक पुत्र और एक पुत्री) हैं। अपने खाली समय में भगवंत मान राजनीतिक व्यंग्य लिखते हैं और अक्सर वॉलीबॉल खेलते हैं। वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी ने भगवंत मान को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में मैदान में उतारा। जिसके बाद 10 मार्च 2022 को पंजाब लोकसभा चुनाव, 2022 का परिणाम जारी किया गया। जिसमें आम आदमी पार्टी ने 92 सीटों पर जीत दर्ज की और भगवंत मान ने 16 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ■

## अपनी बात

**महर्षि** वाल्मीकि हमारे देश के महानतम कवियों में से एक है। वह चारशानी और सुमाली के पुत्र थे। उनका जन्म भारत में ही हुआ था, परंतु उनकी जन्मतिथि आज भी विवादों में ही है, क्योंकि उनके जन्म के बारे में कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है, जिससे उनकी सही जन्म तिथि के बारे में कुछ भी कहा जा सके, लेकिन रामायण के समयकाल को शामिल करते हुए यह कहा जाता है, कि वह पहली शताब्दी से लेकर पांचवीं शताब्दी के बीच के रहे होगें। उनका पुराना नाम रत्नाकरदाह था, लेकिन अपने महान कार्यो के कारण वो महर्षि वाल्मीकि के नाम से चर्चित हुए। वह हमारे देश के सबसे प्रचीन कवि है। संत वाल्मीकि को 'महर्षि' और 'आदि कवि' नामक उपाधियों से भी सम्मानित किया गया है, जहां 'महर्षि' का अर्थ 'महान संत' या 'महान ऋषि' है, और 'आदि कवि' का अर्थ है 'प्रथम कवि'। यह हमारे हिंदू महाकाव्य के महान पवित्र पुस्तक 'रामायण' की लेखक भी है महर्षि वाल्मीकि जयंती (परगट दिवस के रूप में भी जाना जाता है), हमारे हिंदू धर्म के प्रसिद्ध त्योहारों में से एक है। यहां जयंती शब्द से ही हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि यह महान ऋषि वाल्मीकि के जन्मदिवस के अवसर के रूप में मनाया जाता है। यह पूरे चांद के दिन यानी कि पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। –प्रमोध, भड़वाल

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# गरीबी उन्मूलन की वास्तविक लड़ाई गरीबों को खुद लड़नी पड़ेगी

**अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस विशेष**

वर्ष का हर दिवस अपने आप में महत्वपूर्ण है, मगर हर दिवस को मनाने के अपने मायने होते हैं। 22 दिसंबर, 1992 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संकल्प लिया कि हर वर्ष 17 अक्तूबर को गरीबी उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में विश्व भर में मनाया जाएगा और सभी सदस्य देशों को अपने राष्ट्रीय संदर्भ में उचित रूप से गरीबी और अभाव के उन्मूलन के संबंध में ठोस कार्यक्रमों व गतिविधियों को प्रस्तुत करने और बढ़ावा देने के लिए इस दिन को समर्पित करने के लिए एक अच्छी सामाजिक व व्यवहारिक सोच के साथ आमंत्रित किया। इस दिवस का उद्देश्य बेशक गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देना रहा होगा, मगर क्या आज विश्व के किसी देश में ऐसा हो पाया है? हालांकि इस दिवस ने विश्व के सभी गरीबों के मुंह बंद करने का प्रयास अवश्य किया है कि मात्र इस बात से कि विश्व पटल आप के लिए भी सोचा जाता है, मगर गरीबी उन्मूलन की वास्तविक लड़ाई गरीबों को खुद ही लड़नी पड़ेगी। वैसे गरीबी कोई अभिशाप नहीं है। यह लोगों के द्वारा बनाया गया एक तंत्र है जो समाज में जीवन स्तर को रेखांकित करने वाला एक पैमाना है।

गरीब आदमी कोई घिन्न करने की वस्तु नहीं बल्कि वह तो शिष्टाचार, ईमानदारी, सदाचार और आत्मस्वाभिमान का पर्याय होता है। मगर आज तक उनका दलन, शोषण व तिरस्कार समाज में होता आया है। पेरिस केट्रोकांडरों में एक लाख से ज्यादा लोग वर्ष 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा पर हस्ताक्षर करने जुटे थे, ताकि उस समय के हालात के अनुसार अत्यधिक गरीबी, हिंसा और भूख के शिकार लोगों को सम्मानित किया जा सके। उन्होंने घोषणा की कि गरीबी मानवाधिकारों का उल्लंघन है और इन अधिकारों का सम्मान सुनिश्चित करने के लिए अपनी एकजुटता की पुष्टि की। हालांकि यूनेस्को का मानना था कि गरीबी के खिलाफ़ सतत लड़ाई के लिए शिक्षा, विज्ञान और रचनात्मक अर्थव्यवस्था के लिए समर्थन के माध्यम से गरीब व्यक्तियों की क्षमताओं को मजबूत करना आवश्यक है जो रोजगार के साथ-साथ गौरव और सम्मान की भी स्रोत है। हालांकि यूनेस्को कर्मण्यतापूर्वक इस योजना को फलीभूत करने की दिशा में अग्रसर लगता है। गरीबी उन्मूलन से समस्त मानवता अवश्य परिवर्तित होगी। गरीबी को समाप्त करना सिर्फ गरीबों की मदद करना नहीं है, बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का अवसर देने के साथ-साथ राष्ट्र विकास की भागीदारी भी शामिल है।


**लेखक : हंस ठाकुर**
बग्गी, सुंदरनगर

गरीबी की पहचान हेतु विश्व व्यापक मापदंड सुनिश्चित होने चाहिए-रोटी, कपड़ा, मकान, जल व बिजली वर्तमान में सब की जरूरत है। चाहे गरीब हो या अमीर- मगर खेतीबाड़ी करने वालों का प्रतिशत निरंतर घटता जा रहा है। आजादी से पूर्व हम विदेशों से अनाज आयात करते थे, मगर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बहुत से अनाज विदेशों को निर्यात किए जाते हैं। यदि घुमंतू कबीलों को छोड़ दिया जाए तो किसान वर्ग ही शेष बाधित नजर आता है। वह इसलिए नहीं उभर पाता, क्योंकि उसके उत्पन्न किए अनाज का मूल्य निर्धारित करने का उसे अधिकार ही नहीं दिया गया। अत: वह शोषित व गरीब श्रेणी में जाने को बाध्य है। यदि उसे यह अधिकार दे दिया जाए। तो मुफ्त राशन व्यवस्था सहित कई कार्यक्रम सरकारी स्तर पर ठप पड़ सकते हैं। वैसे भारतीय रत्न टाटा जी ने गरीबों के लिए एक दिव्य स्वपन एक लाख में गरीबों को कार मुहैया कारवाई, जो भविष्य में कोई ही कर पाएगा। ईमानदारी पूर्वक इस तरह के पहलुओं पर भी विचार करना होगा। संयुक्त राष्ट्र को हर सदस्य देश से इस दिशा में सुधार कार्यान्वयन की समीक्षा करनी चाहिए।

हर जगह शीत युद्ध का दौर पुन: लौट आया लगता है। कहीं, विश्व के गरीब भी इस दिशा में आगे न बढ़ जाए। अत: सतर्कतता अवश्यंभावी है। बेशक विश्व का सबसे गरीब देश दक्षिण सूडान है और सबसे अमीर देशों की श्रेणी में कतर, मकाऊ या लक्जमबर्ग है- मगर इस गरीबी-अमीरी को पाटने के उपाय भी ढूंढने होंगे अन्यथा गरीबी उन्मूलन दिवस मात्र औपचारिकता बनकर रह जाएगा। विश्व समुदाय को इसके हर रणनीतिकहल सुलझाने होंगे। हर देश को अपने प्राकृतिक संसाधन सुदृढ़ करने होंगे। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की दर हर देश को बढ़ानी होगी। हालांकि अमीर देशों में कर की दरें बहुत कम है। सब देश की नीतियों पर निर्भर करता है। हालांकि कुछ देशों में संसाधनों के मध्यनजर इस दिवस को एक बहुआयामी घटना के अंतर्गत आय की कमी और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए - सुरक्षित आवास, पौष्टिक भोजन की कमी, स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच, खतरनाक कार्य स्थल परिस्थितियां, न्याय तक असमान पहुंच और भांत -भांत की शिक्षा योजनाएं व राजनीतिक अक्षमता के पालों में झुलाया जा रहा है। हर सुविधा के आवंटन में हर क्षेत्र में राजनीतिक हस्तक्षेप रहता है।

हर विभाग में कागजी घोड़े दौड़ते रहते हैं और कई बार तो गरीबी के बंधन से मुक्त होने वाला-जीवन के बंधन से ही इस संकट में मुक्त हो जाता है। इस दिवस को सार्थक करने के लिए- प्रधानमंत्री आवास योजना, कम मूल्य पर राशन, स्वास्थ्य योजनाओं में आभा सहित विभिन्न प्रकार के कार्ड व शिक्षा क्षेत्र में मुफ्तवर्दी व किताबें तथा अन्य सुविधाएं, न्यायालय में मुफ्त वकील की सुविधा जैसी कई योजनाएं धरातल पर लायी गई हैं, परंतु गरीबी उन्मूलन दिवस के उपलक्ष्य पर हर क्षेत्र में पारदर्शिता व मानक कौन सुनिश्चित करेगा? देश की सरकार, प्रदेश की सरकार या स्थानीय निकाय संयुक्त राष्ट्र को यह भी पारदर्शितापूर्वक स्पष्ट करना चाहिए। आज वर्ष का, हर दिन लगभग राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाने लगा है और मनाने में ही करोड़ों अरबों का खर्च हो रहा है-पर गरीबी है की उन्मूलन का नाम ही नहीं ले रही। पूंजीपति हमेशा देश के संसाधनों का दोहन करके आगे बढ़ रहे हैं और देश को अनाज पैदा करके देने वाला बिचौलियों के हाथ की कठपुतली बना रहता है। क्या गरीब किसानों को अन्य निर्माता कंपनियों की तरह अपने अनाज के न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने का हक नहीं है? आज गरीब ई-सुविधा के चक्कर में दरदर धक्के खाता नजर आता है।

यह गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम गरीब उत्पीड़न कार्यक्रम नहीं बनना चाहिए? भारतवर्ष में गरीबी उन्मूलन की दिशा में- एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम एक अच्छी पहल है। जो वर्ष 1978-89 में शुरू की गई थी, मगर उसमें भी 50 प्रतिशत का वर्गीकरण का भेदभाव है। हालांकि इस लक्षित समूह में कृषि मजदूर, छोट व सीमांत किसान और ग्रामीण कारीगर आते हैं। गरीब तो गरीब है भाई - फिर ये तुष्टिकरण क्यों? चाहे वह किसी भी वर्ग से हो-सबसे ज्यादा जरूरतमंद तक सुविधा पहुंचने से पहले ही यह वर्गीकरण राजनीतिक स्तर पर दूर होना चाहिए। बेशक गरीबी उन्मूलन के लिए जवाहर ग्राम समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व अन्य राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम शामिल हो, जिसमें विधवाओं, विकलांग व्यक्तियों, समाज का बीपीएल वर्ग जिसका चयन हमेशा हर जगह विवादास्पद बना रहता है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# भगवान राम में विश्वास करें, संशय में न पड़ें

आज साईं बाबा को लेकर सियासत हो रही है और एक मुहिम सा हो गया है आखिर सच्चाई क्या है आज साईं बाबा को लेकर सियासत हो रही है, लेकिन कुछ प्रश्न जरूर है जो संदेह पैदा करती है साईं बाबा का समाधि स्थल जैसा लगता नहीं है वह एक मजार सा दीखता। खाने के बारे में भी कहीं कहीं नॉन वेज का भी जिक्र आता है और उनके सारे सहयोगी का भी शिरड़ी में मजार है आज साईं बाबा को लेकर सियासत हो रही है, लेकिन कुछ प्रश्न जरूर है जो संदेह पैदा करती है साईं बाबा का समाधि स्थल जैसा लगता नहीं और भगवान राम से कोई ऐसी खास चीज नहीं मिली है जो भगवान राम के आदर्शों से जोड़ता हो आदर्शों राम केवल एक नाम भर नहीं, बल्कि वे जन-जन के कंठहार हैं, मन-प्राण हैं, जीवन-आधार हैं। उनसे भारत अर्थ पाता है। वे भारत के प्रतिरूप हैं और भारत उनका। उनमें कोटि-कोटि जन जीवन की सार्थकता पाता है। भारत का कोटि-कोटि जन उनकी आंखों से जग-जीवन को देखता है। उनके दृष्टिकोण से जीवन के संदर्भों-परिप्रेक्ष्यों-स्थितियों-परिस्थितियों-घटनाओं-प्रतिघटनाओं का मूल्यांकन-विश्लेषण करता है। भारत से राम और राम से भारत को विलग करने के भले कितने कुचक्र-कलंक रचे जाएं, भले कितनी 'वामी-विदेशी' चालें चली जाएं, यह संभव होता नहीं दिखता, क्योंकि राम भारत की आत्मा हैं। राम भारत के पर्याय हैं। राम निर्विकल्प हैं, उनका कोई विकल्प नहीं। जिस प्रकार आत्मा को शरीर से और शरीर को आत्मा से कोई विलग नहीं कर सकता, उसी प्रकार राम को भारत से विलग नहीं किया जा सकता। राम के सुख में भारत के जन-जन का सुख आश्रय पाता है, उनके दु:ख में भारत का कोटि-कोटि जन आंसुओं के सागर में डूबने लगता है और वे अश्रु-धार भी ऐसे परम-पुनीत हैं कि तन-मन को निर्मल बना जाते हैं। सारे महापुरुषों ने इसी सनातन धरम की शिक्षा दी है सब से उसी एक ईश्वर की भक्ति की है। साईं बाबा ने भी सदा उस एक ईश्वर की भक्ति की है, उनका तारक मंत्र भी यही था कि 'सबका मालिक एक है' मगर कुछ लोगों ने साईं बाबा को ही ईश्वर के स्थान पर बैठा दिया और उनकी पूजा अर्चना शुरू कर दी, और जनता में यह झूठा भ्रम फैला दिया कि जो साईं बाबा कि भक्ति करता है वो धनवान हो जाता है, अश्रुओं की उस निर्मल-अविरल धारा में न कोई ईर्ष्या शेष रहती है, न कोई अहंकार, न कोई लोभ, न कोई मोह, न कोई अपना, न कोई पराया। कैसा अद्भुत है यह चरित-काव्य, जिसे बार-बार सुनकर भी और सुनने की चाह बची रहती है और रसपान की प्यास बनी की बनी रह जाती है! कैसा अद्भुत है यह नाम जिसके स्मरण मात्र से नयन-चकोर उस मुख-चंद्र की ओर टकटकी लगाए एकटक निहारते रह जाते हैं! उस चरित्र को अभिनीत करने वाले, उस चरित्र को जीने वाले, लिखने वाले हमारी आत्यंतिक श्रद्धा के सर्वोच्च केंद्र बिंदु बन जाते हैं। उसके सुख-दु:ख, हार-जीत, मान-अपमान में हमें अपना सुख-दु:ख, हार-जीत, मान-अपमान प्रतीत होने लगता है। उसकी प्रसन्नता में सारा जग हंसता प्रतीत होता है और उसके विषाद में सारा जग रोता है


**लेखक :संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**


**कब्जा**
हेमांशु मिश्रा

*ब्याही मुंडू लेया गवाई, जालु सह बणया जवाई।*
*तलाक दे एक केसे च, मां थी नूहां ते सताई।*
*पौण पट्टाके, बोली माता, बीमार होया ता,सौंदी न थी।*
*चोट लगने पर, रोंदी भी थी। नौकरिया लगी,नच्ची भी थी।*
*नखरे चुकी, बड्डा किता, लाड प्यारे ने, ब्याही दिता,*
*मेरा गलाया,मनगा मुन्नू, तांहि ता, ब्याह जे किता।*
*लाड़ियो जो भी, सुनना था, जरूरी,तीसा दी भी, होंगी कोई मजबूरी?*
*लाड़ी आयी, रौंदे पटोंदे!! पयोकिये छडे, सहेलियाँ*
*छड्डियाँ,सेहन छडडेया,खलोने छडे,छड्डी दिते,*
*भाईभरोजी,इको ही इत्थु, मेरा लाड़ा,गलाया मनगा,*
*मेरा ही लाड़ा, मिंजो सुनगा, मिंजो मनगा,*
*तांहि ता ब्याह मैं इसने किता। दोनों दियाँ गलां,*
*भारी भरकम, रश्ता टूटना,था इकदम। तलाक़े दा घट,*
*तकसीमा दा ज्यादा, मामला था, पेचिदा ज्यादा।*
*गलाया मनगा, कब्जे च रहँगा, मिंजो सुनगा,*
*बस मिंजो ही सुनगा,मेरे ही बस कब्जे रहँगा।*
*सस नूहाँ दी खटपट, अजकल कब्जे दी है, ता है?*
*घर बसाना ता, जागता तू भी,मुस्त्रिका रेहना,सीखी ले!!*
*माता लाड़िये दी, बरोबर इज्जत करना,टैम देना,तोले ही तू,*

# बच्चों का प्रभावी और स्वस्थ पालन-पोषण राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाता है

आज का बच्चा कल के देश या समाज का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। कल का राष्ट्र आज के बच्चों जैसा होगा। इसलिए आज हमें बच्चों की अच्छी परवरिश और अच्छे संस्कारों पर जोर देने की जरूरत है। इसके लिए माता-पिता और शिक्षकों को मिलकर बच्चों को कल के लिए तैयार करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा और उनमें अच्छी आदतें विकसित करने के लिए अधिक सतर्क रहना होगा। बच्चों का पालन-पोषण दुनिया में सबसे कठिन और सबसे संतुष्टिदायक कामों में से एक है और जिसके लिए आप शायद सबसे कम तैयार महसूस करते हों। मेरी राय में कुछ युक्तियां हैं, जो आपको माता-पिता के रूप में अधिक संतुष्ट महसूस करने में मदद कर सकती हैं। अपने बच्चे का आत्म-सम्मान बढ़ाएं, जब बच्चे स्वयं को अपने माता-पिता की आंखों से देखते हैं तो उनमें स्वयं की भावना विकसित होने लगती है। आपकी आवाज का लहजा, आपकी शारीरिक भाषा और आपकी हर अभिव्यक्ति आपके बच्चों द्वारा आत्मसात कर ली जाती है। माता-पिता के रूप में आपके शब्द, शैली और कार्य अन्य की तुलना में उनके विकास को अधिक प्रभावित करते हैं।

उपलब्धियों की प्रशंसा, भले ही छोटी हो, उन्हें गर्व महसूस कराएगी, बच्चों को स्वतंत्र रूप से काम करने देने से वे सक्षम और मजबूत महसूस करेंगे। इसके विपरीत, टिप्पणियां कम करने या किसी बच्चे की दूसरे के साथ प्रतिकूल तुलना करने से बच्चे बेकार महसूस करेंगे। बोझिल बयान देने या शब्दों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने से बचें। 'क्या बेवकूफी भरा काम है!' जैसी टिप्पणियां या 'आप अपने छोटे भाई से ज्यादा एक बच्चे की तरह व्यवहार करते हैं!' शारीरिक प्रहार की तरह ही नुकसान पहुंचाएगा। इसलिए अपने शब्दों का चयन सावधानी से करें और दयालु बनें। अपने बच्चों को बताएं कि हर कोई गलतियां करता है और आप तब भी उनसे प्यार करते हैं, भले ही आपको उनका व्यवहार पसंद न हो।

**अच्छाई की खोज करें**

क्या आपने कभी यह सोचना बंद किया है कि एक दिन में आप अपने बच्चों के प्रति कितनी बार नकारात्मक प्रतिक्रिया करते हैं? आप स्वयं को प्रशंसा करने की अपेक्षा अधिक बार आलोचना करते हुए पा सकते हैं।

आप उस बॉस के बारे में कैसा महसूस करेंगे जिसने आपके साथ इतना नकारात्मक मार्गदर्शन किया, भले ही वह नेक इरादे से किया हो? अधिक प्रभावी तरीका यह है कि बच्चों को कुछ सही करते हुए पकड़ा जाए, आपने बिना पूछे अपना बिस्तर बनाया जो आपकी सराहना का प्रतीक है! या 'मैं तुम्हें अपनी बहन के साथ खेलते हुए देख रहा था और तुम बहुत धैर्यवान थे।' ये कथन बार-बार डांटने की तुलना में लंबे समय तक अच्छे व्यवहार को प्रोत्साहित करने में अधिक मदद करेंगे। हर दिन प्रशंसा करने योग्य किसी चीज की खोज करें। पुरस्कारों के प्रति उदार रहें, आपका प्यार, आलिंगन और प्रशंसाएं अद्भुत काम कर सकती हैं और अक्सर पर्याप्त पुरस्कार देती हैं। जल्द ही आप पाएंगे कि उसका व्यवहार बढ़ रहा है जिसे आप देखना चाहेंगे। अपने अनुशासन और निर्धारित सीमाओं के अनुरूप रहें हर घर में अनुशासन बहुत जरूरी है। अनुशासन का लक्ष्य बच्चों को स्वीकार्य व्यवहार चुनने और आत्म-नियंत्रण सीखने में मदद करना है।


**लेखक : डीआर शर्मा**
प्रधानाचार्य, झंडूता

वे आपके द्वारा उनके लिए तय की गई सीमाओं का परीक्षण कर सकते हैं, लेकिन जिम्मेदार वयस्क बनने के लिए उन्हें उन सीमाओं की आवश्यकता है। घर के नियम स्थापित करने से बच्चों को आपकी अपेक्षाओं को समझने और आत्म-नियंत्रण विकसित करने में मदद मिलती है। कुछ नियमों में ये शामिल हो सकते हैं जैसे कि मारना, नाम-पुकारना या आहत करने वाली छेड़खानी की अनुमति नहीं है। माता-पिता द्वारा की जाने वाली एक सामान्य गलती परिणामों का पालन न करना है। आप अपने बच्चों को एक दिन बात करने के लिए अनुशासित नहीं कर सकते और अगले दिन उसे अनदेखा नहीं कर सकते। लगातार बने रहना सिखाता है कि आप क्या अपेक्षा करते हैं। बच्चों के लिए अपना समय निकालें, माता-पिता और बच्चों के लिए पारिवारिक भोजन के लिए एक साथ इकट्ठा होना अक्सर मुश्किल होता है, साथ में गुणवत्तापूर्ण समय बिताना तो दूर की बात है, लेकिन संभवत: ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे बच्चे इससे अधिक पसंद करेंगे। सुबह दस मिनट पहले उठें ताकि आप अपने बच्चे के साथ नाश्ता कर सकें या बर्तन सिंक में छोड़ दें और रात के खाने के बाद टहलें।

जिन बच्चों को अपने माता-पिता से वह ध्यान नहीं मिल पाता जो वे चाहते हैं, वे अक्सर गलत व्यवहार करते हैं या दुर्व्यवहार करते हैं, क्योंकि उन पर इस तरह से ध्यान दिया जाना निश्चित है। कई माता-पिता अपने बच्चों के साथ समय निर्धारित करना फायदेमंद समझते हैं। साथ रहने के लिए प्रत्येक सप्ताह एक 'विशेष रात' बनाएं और अपने बच्चों को यह निर्णय लेने में मदद करने दें कि समय कैसे बिताना है। जुड़ने के अन्य तरीके खोजें- अपने बच्चे के लंचबॉक्स में एक नोट या कुछ विशेष रखें। ऐसा प्रतीत होता है कि किशोरों को छोटे बच्चों की तुलना में अपने माता-पिता से कम ध्यान देने की आवश्यकता होती है। चूंकि माता-पिता और किशोरों के लिए एक साथ मिलने के अवसर कम होते हैं, इसलिए जब उनका किशोर बात करने या पारिवारिक गतिविधियों में भाग लेने की इच्छा व्यक्त करता है तो माता-पिता को उपलब्ध रहने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। अपने किशोर के साथ संगीत समारोहों, खेलों और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने से देखभाल का संचार होता है और आपको महत्वपूर्ण तरीकों से अपने बच्चे और उसके दोस्तों के बारे में अधिक जानने का मौका मिलता है। यदि आप कामकाजी माता-पिता हैं तो दोषी महसूस न करें। पॉपकॉर्न बनाना, खेलना और विंडो-शॉपिंग जैसी आपकी कई छोटी-छोटी चीजें बच्चे याद रखेंगे। अपने बच्चों को भी सुनें जब वे आपसे कुछ कहना चाहते हैं। अक्सर जब बच्चे अपने माता-पिता तक पहुंचने की कोशिश कर रहे होते हैं तो उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है। इसलिए माता-पिता को उन शब्दों को महत्व देना होगा जो बच्चे बताना चाहते हैं। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खाद्य अधिकार :हिमाचल की पारंपरिक फसलों से स्वस्थ भविष्य की ओर

स्वस्थ समाज और समृद्ध भविष्य की नींव हाल ही में हरिद्वार में आयोजित ज्ञानकुंभ के समापन समारोह में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीधर बहरा का भाषण सुनने का अवसर मिला। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने तीन प्रमुख चुनौतियों पर जोर दिया—सभी को भरपेट पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना, और स्वच्छ पर्यावरण का संरक्षण। इन बुनियादी चुनौतियों को हल किए बिना विश्व खाद्य दिवस 2024 की थीम 'बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार' की परिकल्पना ही नहीं की जा सकती।

ये तीनों चुनौतियां इतनी गहराई से आपस में जुड़ी हैं कि इन्हें अलग-अलग समझना या हल करना असंभव है। इनमें से किसी एक पहलू पर ध्यान केंद्रित कर, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर जीवन और भविष्य का निर्माण नहीं कर सकते। विश्व खाद्य दिवस 2024 की थीम इस पर जोर देती है कि हर व्यक्ति को न केवल पर्याप्त मात्रा में भोजन मिलना चाहिए, बल्कि वह भोजन पौष्टिक, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भी होना चाहिए, ताकि वह स्वस्थ और समृद्ध जीवन जी सके तथा अपने भविष्य को बेहतर बना सके, लेकिन पौष्टिक, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन का उत्पादन तभी संभव है जब हमारी मिट्टी और पानी शुद्ध हों। भोजन सिर्फ पेट भरने का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन के लिए आवश्यक ऊर्जा और पोषण का स्रोत है। आहार और विचार ही बेहतर जीवन का आधार है और अगर कोई व्यक्ति पौष्टिक भोजन से वंचित रहता है, तो उसकी सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे उसकी उत्पादकता और जीवनशैली भी प्रभावित होती है। खाद्य असुरक्षा के कारण कुपोषण से जुड़ी बीमारियां, जैसे एनीमिया, अवसाद, और विभिन्न प्रकार के संक्रमण, व्यक्ति के जीवन को कम आयु से ही प्रभावित करना प्रारंभ कर देते हैं, लेकिन जब शरीर को सही मात्रा में पोषक तत्व एवं स्वछ पर्यावरण मिलता हैं, तो न केवल बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है, बल्कि मानसिक और शारीरिक विकास भी सही ढंग से होता है।


**लेखिका: प्रो. तारा देवी सेन**
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

विशेष रूप से बच्चों का संपूर्ण विकास उनके आहार पर निर्भर करता है, इसलिए बेहतर जीवन के लिए भोजन का अधिकार अनिवार्य है और जब तक हम प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण भोजन का अधिकार सुनिश्चित नहीं कर लेते, तब तक न तो बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है और न ही एक स्वच्छ, स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण। इन तीनों पहलुओं—खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, और पर्यावरणीय संतुलन—का समन्वय ही हमें एक बेहतर भविष्य की ओर ले जा सकता है। हर साल 16 अक्तूबर को मनाया जाने वाला विश्व खाद्य दिवस न केवल वैश्विक खाद्य सुरक्षा के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि भूख, कुपोषण और गरीबी को समाप्त करने के लिए जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम है।

इस दिवस की स्थापना 1945 में खाद्य और कृषि संगठन द्वारा की गई थी, और तब से यह दुनिया भर में भोजन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए एक प्रमुख अवसर बन गया है। दुनिया भर में करोड़ों लोग आज भी भूख और कुपोषण का सामना कर रहे हैं। यह समस्या केवल गरीब देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित देशों में भी खाद्य असुरक्षा बढ़ती जा रही है। खाद्य असुरक्षा के पीछे कई कारण हैं, जिनमें गरीबी, असमानता, प्राकृतिक संसाधनों की कमी, और जलवायु परिवर्तन प्रमुख हैं। पर्यावरणीय चुनौतियां और कृषि भूमि का क्षरण भी खाद्य उत्पादन को प्रभावित कर रहे हैं। भारत जैसे कृषि-प्रधान देश में भी बड़ी संख्या में लोग अब भी पौष्टिक भोजन से वंचित हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य और विकास बाधित हो रहा है। अगर हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में बात करें तो बेहतर पर्यावरणीय परिस्थितियों के बावजूद, पर्यावरण और विकास में संतुलन न बना पाने के कारण पर्यावरणीय ह्रास एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। सड़कों को चौड़ा करने के लिए कृषि योग्य भूमि कम हो रही है और रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और स्प्रे के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी और जल संसाधनों का क्षरण हो रहा है।

जलवायु परिवर्तन के कारण कई पारंपरिक फसलों के आवास में भी बदलाव आ चुका है, जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बन गई है। इस स्थिति में, हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक फसलें जैसे मोरिंगा (सहजन), नागफनी, सी-बकथॉर्न, और मिलेट्स (जैसे चौलायी, फाफरा, और काठू) भोजन सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं। ये फसलें, जिन्हें अकसर 'सुपरफूड' कहा जाता है, न केवल पोषण से भरपूर हैं, बल्कि कठोर जलवायु परिस्थितियों में भी उगने की क्षमता रखती हैं। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है, बल्कि खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पुलिसकर्मियों की कमी से जूझ रहा पुलिस थाना सुंदरनगर

## पुलिस थाने का महत्वपूर्ण बीट सिस्टम भी मात्र कागजों तक ही सीमित

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



सुंदरनगर पुलिस थाना का दृश्य।

हिमाचल प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन की टैगलाइन के साथ कार्य कर रही सुक्खू सरकार का प्रभाव अब पुलिस विभाग में देखने को मिल रहा है। इसके अंतर्गत जिला मंडी का पुलिस थाना सुंदरनगर स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। उपमंडल के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में पुलिस थाना सुंदरनगर में कुल 54 पद स्वीकृत हैं, लेकिन थाने में विभिन्न रैंक पर 44 पुलिसकर्मी ही तैनात हैं। वहीं, इनमें से भी कुछ पुलिसकर्मी बीते कई महीनों से मंडी पुलिस लाइन में तैनात हैं। इससे थाना क्षेत्र में कड़ी कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पुलिस का बीट सिस्टम भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। आलम यह है कि पुलिस थाने के शहरी क्षेत्र की 6 बीटों में गश्त करना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। पुलिसकर्मी और जांच अधिकारी 18 घंटे तक ड्यूटी दे रहे हैं, जिससे कर्मियों पर काम का अधिक दबाव है। बता दें कि पुलिस थाना सुरक्षा की दृष्टि से सुंदरनगर उपमंडल का सबसे महत्वपूर्ण थाना है। इसमें शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र भी आते हैं। इस समय थाना में जांच की दृष्टि से सब-इंस्पेक्टर पद पर स्वीकृत 3 पदों पर मात्र एक सब-इंस्पेक्टर तैनात हैं।

इंस्पेक्टर के एक पद पर तैनात अधिकारी थाना प्रभारी है, जिनकी थाने से संबंधित अन्य कार्यों का कार्यभार रहता है। पुलिस थाने की रीढ़ कहे जाने वाले एचएएसआई, एचएचसी और कांस्टेबल के स्वीकृत 27 पदों पर मात्र 22 पुलिसकर्मी ही तैनात हैं। इनमें से कुछ कर्मी अन्य स्थानों पर ड्यूटी दे हैं।

वहीं, पुलिस थाना सुंदरनगर में बीट सिस्टम मात्र कागजों तक ही सीमित है। पुलिस विभाग किसी भी थाना क्षेत्र में बीट सिस्टम के आधार पर कानून-व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए उपयोग में लाता है। पुलिस थाना सुंदरनगर के अलावा ट्रैफिक पुलिस भी कर्मियों के अभाव से जूझ रही है। हालात यह है कि त्योहारी सीजन और उसके बाद पर्यटक सीजन को सुचारु रुप से चलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को काफी अधिक परेशानी सामने आ रही है। जिला मंडी का प्रवेश द्वार होने के कारण सुंदरनगर से वीआईपी मूवमेंट लगातार बनी रहती है। (अनंत ज्ञान)

> मामले पर एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत चल रहे पुलिस पोस्ट डैहर और ट्रैफिक पुलिस अभी तक सैंक्शन नहीं है। इनमें पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और पुलिस थाना को कानून व्यवस्था में सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जिला मंडी के विभिन्न पुलिस थानों में पुलिसकर्मियों कि कमी चल रही है। अन सैंक्शन पुलिस चौकियों और यूनिट को चलाने के लिए पुलिसकर्मियों को भेजा जाता है।
> —साक्षी वर्मा, एसपी मंडी

## शिक्षा मंत्री ने गर्ल्स बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल में जांची व्यवस्थाएं



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बच्चों के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश के एकमात्र गर्ल्स बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल का औचक निरीक्षण किया, बल्कि खिलाड़ी छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याएं भी जानीं। इस दौरान धर्मपुर के विधायक और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर भी उनके साथ मौजूद थे।

हॉस्टल की खिलाड़ी छात्रों ने मंत्री को विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाते कहा कि स्पोर्ट्स हॉस्टल में चार दिवारी और समुचित भवन के न होने पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुरक्षा न होने के कारण दिन-रात उन्हें भय लगा रहता है। अरसा से भी पुराने स्कूल के दो कमरों को तोड़कर इस जीवांशीर्ण भवन में हिमाचल की 20 बास्केटबॉल खिलाड़ी लड़कियां रह रही हैं। जर्जर भवन होने के चलते उन्हें उसी में रहना पड़ता है, जिसे उनके खेल पर भी असर पड़ता है।

उन्होंने मंत्री को बताया कि एक कमरे में 10 खिलाड़ी छात्रों को रहने पर मजबूर होना पड़ रहा है। विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि उन्होंने धर्मपुर में आयोजित हिमाचल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री से एकमात्र मांग रखी थी कि सरकाघाट कॉलेज में भी महिला छात्रावास खोला जाए, ताकि यहां से पास आउट होने वाली बास्केटबॉल छात्राएं वहां पर भी रहकर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग ले सकें, जिससे हिमाचल प्रदेश का खेलों में स्तर ऊंचा हो सके। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भूप सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, पूर्व सचिव एवं पंचायत प्रधान प्रमोद वर्मा, कांग्रेस लीगल सेल के को-ऑर्डिनेटर केके वर्मा, प्रिंसिपल सुरेश पठानिया सहित कई आलाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मैरामसीत तक नहीं कोई वर्षा शालिका

**भीम बसेडू, महादेव।** फोरलेन सहित निकट धार्मिक स्थली भौणधार की तराई से गुजरते मार्ग पर वर्षा शालिकाएं निर्मित करने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गांव धनेश्वरी पुल से लेकर मैरामसीत गांव तक की इस करीब दस किलोमीटर तक की दूरी में एक भी वर्षाशालिका न होने से लोगों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। खासकर ग्राम पंचायत कलाहोड़ व खिलड़ा के लोगों समेत मंडी जिले की तहसील सरकाघाट आदि के यात्रियों का भी आना -जाना लगा रहता है। इस व्यस्त मार्ग पर कोई सरकारी यात्री विश्राम कक्ष आदि न मिलने से परेशान होते हैं। मैरामसीत, डडोल्र रडू धारंडा, खिलड़ा संपर्क मार्ग, धारंडा स्कूल आदि का इलाका है जहां सरकारी कर्मचारियों के साथ -साथ विद्यार्थी तथा अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोग यहां वर्षा शालिका सुविधा न होने से वर्षों से एक और कठोर जीवन जीने को विवश हैं। लोगों ने लोक निर्माण विभाग व सुक्खू सरकार से उक्त स्थानों पर शीघ्र ही वर्षा शालिका सुविधा देने का पुरजोर अनुरोध किया है। (अनंत ज्ञान)

### प्रश्नोत्तरी में प्रकाश की टीम ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा खंड द्रंग-2 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव में बुधवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रकाश की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में तीन टीमें बनाई गईं। इस दौरान सौरमंडल, खेल, हिंदी व इंग्लिश व्याकरण, भारत व हिमाचल प्रदेश से संबंधित प्रश्न पूछे गए हैं, जिसमें सभी सवालों का सही जवाब देकर प्रकाश की टीम ने बाजी मारी। वहीं कनिका की टीम दूसरे, जबकि सुशील की टीम तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने किया। प्रतियोगिता की विजेता टीम को शिक्षक ने केले देकर सम्मानित किया।



### आपदा प्रबंधन पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गोहर।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण समर्थ अभियान के अंतर्गत बस स्टॉप चैलचौक व बस स्टैंड गोहर में भूंकप्ररोधी व सुरक्षित पद्धति मकान के निर्माण व किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध मांडव्य कला मंच के कलाकारों द्वारा नुक्कड़-नाटक व गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के तहत कलाकारों द्वारा भूकंपरोधी पद्धति से निर्मित मकान और प्राकृतिक आपदा पर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को नदी-नालों के आसपास घर न बनाने आदि के बारे जागरूक किया गया। इस दौरान राजेश, हरिचरण, अमित, टिकेश, कुशाल, ध्रुव, आर्यन, श्रेया, मिलन, मीनाक्षी, चेतन कलाकार ने प्रस्तुति दी।



### बार एसोसिएशन सुंदरनगर के चुनाव 24 को



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सिविल न्यायालय सुंदरनगर के अधिवक्ताओं की बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव की घोषणा बुधवार को हो गई है। बैठक में एसोसिएशन के सदस्यों ने चुनाव कमेटी का गठन किया, जिसमें पंडित अरुण प्रकाश आर्य को सर्वसम्मति से कमेटी चेयरमैन, किमलेश डोगरा, अमर चंद ठाकुर और जीआर ठाकुर को कमेटी के सदस्य के तौर पर नियुक्त किया गया। आर्य ने बताया कि बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने 24 अक्तूबर को चुनाव और उसी दिन मतगणना कराए जाने का ऐलान किया है। 19 अक्तूबर से चुनावों को लेकर नॉमिनेशन के साथ चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके बाद 21 को छंटनी की जाएगी। चुनाव लड़ने वाले अधिवक्ता 22 अक्तूबर दोपहर बाद 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। 24 अक्तूबर को सुबह 10 से दोपहर बाद 4 बजे तक बार एसोसिएशन सुंदरनगर के सदस्यों द्वारा मतदान करने के बाद मतगणना कर नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### एनएसएस कार्यशाला में पहुंचे 172 स्कूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बुधवार को बाल स्कूल मंडी एनएसएस राज्य स्तरीय एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति के प्रधानाचार्य और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यशाला में 172 प्रधानाचार्य और एनएसएस पीओ ने भाग लिया जिसमें लाहौल-स्पीति से 2 स्कूल, कुल्लू से 46 और मंडी के 124 स्कूलों के प्रधानाचार्यों और एनएसएस पीओ ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य स्रोत व्यक्ति के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कृष्ण रहे और साथ ही डीएचई शिमला से एचएम रोकेश कुमारी, को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार और जिला को-ऑर्डिनेटर ललिता कुमारी सहित प्रधानाचार्य बाल स्कूल मंडी जय श्री कपूर भी मौजूद रहीं। इस कार्यशाला में एनएसएस द्वारा सोसाइटी और गांव के लिए किस प्रकार से कार्य करना है और किस प्रकार कि ग्रांट दी जाती है और किस प्रकार से इसको खर्च किया जाना है इस पर चर्चा कि जाती है। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर इंस्पेक्शन सैल कश्मीर सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रधानाचार्य और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी को एनएसएस से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी जाती है जिससे उन्हें इस सारी बाते ज्ञात रहे की उन्हें किस प्रकार से ग्रांट का प्रयोग करना है और किसी भी प्रकार की उनके मन में शंका न रहे।



### विद्यार्थियों को सेवा और संस्कार का पढ़ाया पाठ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अशोक कुमार, सुभाष ठाकुर और हराबाग के केंद्रीय शिक्षक माधो प्रसाद विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य गोपाल चंद ने की, जिन्होंने कार्यक्रम अधिकारी भागमल और सह-प्रभारी निधि शर्मा द्वारा सप्ताह के गतिविधियों का खाका पेश किया। मुख्यातिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के बीच संस्कारों और सेवा भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर न केवल छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाते हैं, बल्कि समाज निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को भी सुनिश्चित करते हैं। शिविर में कुल 25 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जो पूरे सप्ताह विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाएंगे।

### यात्रियों पर थोपे गए नए सामान शुल्क जनविरोधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के सह-मीडिया प्रभारी व धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश सड़क परिवहन निगम द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार के निर्देशानुसार यात्रियों पर थोपे गए नए सामान शुल्क को जनविरोधी और अव्यवहारिक करार दिया है। इस निर्णय के तहत अब यात्रियों को 0 से 80 किलोग्राम तक के सामान के लिए अपने टिकट के अलावा 1/4 से लेकर पूरी एक सवारी तक का अतिरिक्त टिकट लेना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त यदि सामान बिना यात्री के भेजा जा रहा है, तो सामान के वजन के अनुसार 1/4 से लेकर दो सवारियों तक का टिकट, भेजने वाले को अदा करना पड़ेगा। रजत ठाकुर ने इस निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह नियम सीधे तौर पर आम जनता की जेब पर भारी पड़ने वाला है। इससे न केवल आम नागरिक, बल्कि छोटे व्यापारियों और रोजमर्रा के यात्रियों को भी आर्थिक रूप से नुकसान होगा। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में जहां अधिकतर लोग सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर रहते हैं, ऐसे जनविरोधी निर्णय अस्वीकार्य हैं। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार से तुरंत इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है और जनता से जुड़े मामलों में अधिक संवेदनशीलता दिखाने का आग्रह किया है।



### चोरी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल टीम ने चोरी मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 मंडी ने आरोपी को इसी वर्ष उद्घोषित आरोपी घोषित कर दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी सुनील कुमार पुत्र हेम सिंह निवासी त्रियांबली, जिला मंडी पर पुलिस थाना सदर मंडी में वर्ष 2016 में एफआईआर दर्ज की थी। इसके उपरांत आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चालान को मंडी न्यायालय ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 के समक्ष पेश किया गया। जहां आरोपी लगातार पेशियों से गैर-हाजिर रहा। इस पर आरोपी की धरपकड़ को लेकर पुलिस द्वारा जगह-जगह दबिश दी गई। जिला पुलिस के पीओ सेल मंडी की टीम को आरोपी की मौजूदगी जिला मंडी के त्रियांबली क्षेत्र में होने की जानकारी प्राप्त हुई। इस पर त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए पीओ सेल टीम ने एचएचसी मोहिंद्र सैनी, रवि कुमार और नरेश कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने आरोपी को आगामी कानूनी प्रक्रिया के लिए पुलिस थाना सदर मंडी के हवाले कर दिया है। पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पीओ सेल मंडी ने चोरी मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है और आगामी कार्रवाई जारी है।

## राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव

## सिली सोल्स फाउंडेशन दिल्ली ने प्रस्तुत किया भावपूर्ण नाटक 'मंडला'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान व रंगमंडल द्वारा मंडी के सतोहल में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य समारोह की तीसरी संध्या पर सिली सोल्स फाउंडेशन दिल्ली द्वारा प्रस्तुत नाटक मंडला का भावपूर्ण मंचन किया गया। प्रियंका शर्मा द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक ने हाल में मौजूद दर्शकों को प्रभावित किया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से सतोहल नाटक प्रेक्षागृह में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय नाट्य महोत्सव की तीसरी संध्या में दिल्ली के नाटक ग्रुप सिली सेल्स फाउंडेशन की प्रस्तुति मंडला में दो महिला और एक पुरुष कुल तीन चरित्र है। नाटक में प्रियंका शर्मा ने लेखन और निर्देशन के अलावा ममता का मुख्य किरदार निभाया है। वहीं जीवन के रोल में राहुल दक्ष और मोहिनी की भूमिका में निकिता रावत प्रभावी अभिनय किया है, जबकि प्रकाश व्यवस्था दीप कुमार, संगीत कपिल सारस्वत ने दिया।



नाटक मंडला में कलाकार।

## पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा ने की सरकाघाट में सैनिक कल्याण ऑफिस खोलने की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा हिमाचल प्रदेश ने सरकाघाट में एक महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश संयुक्त मोर्चा पूर्व सैनिक (जेसीओ एवं ओआर) के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने की। इसमें संगठन के महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश तपवाल तथा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

सर्वप्रथम संगठन को मजबूत करने के लिए सरकाघाट में एक यूनिट का संगठन किया गया, जिसमें की पदाधिकारी को नियुक्त किया गया जो की अपने लेवल पर सरकाघाट में अपने संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे तथा वे संयुक्त मोर्चा हिमाचल प्रदेश के साथ एफिलिएटिड रहेंगे। इसके साथ ही पूर्व सैनिकों ने डायरेक्टर सैनिक कल्याण विभाग हमीरपुर के द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के अनदेखी तथा सीएसडी कैंटीन सरकाघाट में सामान की कमी तथा कई अन्य मुद्दों के ऊपर भी चर्चा की। कैप्टन वर्मा ने बताया कि इसके साथ ही बहुत पूर्व सैनिकों के एक रैंक एक पेंशन के मुद्दे को भी बारीकी से गहन चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने संगठन की तरफ से प्रदेश के 12 जिलों के जिलाधीशों को पत्र लिखकर मांग की है कि वह अपने ऑफिस में एक्स सर्विसमैन हेल्पलाइन विंडो का निर्माण करें, ताकि उसमें पूर्व सैनिक अपनी समस्याओं को भेज सकें और उनका समय बद्ध तरीके से निवारण किया जा सके। उन्होंने ही बताया कि उन्हें जिला ऊना के डीसी से चिट्ठी आई है कि उन्होंने इसको लागू भी कर दिया है।

## क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के सदस्य कुल्लू शोभायात्रा में हुए शामिल



**अनंत ज्ञान, महादेव।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा कुल्लू के निमंत्रण पर श्री राम शिला से रघुनाथ मंदिर तक श्री राम जी के सम्मान में युवा क्षत्रिय जितेंद्र राजपूत के सान्निध्य में भव्य शोभायात्रा में क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के सदस्यों के साथ बल्ह से कुल्लू विस्थापित बसेडू क्षत्रियों के साथ बुधवार को शामिल हुए। श्री राम, हनुमान जी का पूजन, कन्या उच्च पूजन, शस्त्र पूजन के उपरांत शोभायात्रा का श्रीगणेश देखते ही बना।

## विद्युत उपमंडल चौंतड़ा में केवाईसी करवाने की अंतिम तारीख 31 अक्तूबर तक

**जोगिंद्रनगर।** विद्युत उपमंडल चौंतड़ा के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू और होटल बिजली उपभोक्ताओं के लिए केवाईसी प्रक्रिया पूरी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं को 31 अक्तूबर तक अपनी केवाईसी करवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति संबंधी सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए उपभोक्ताओं को अपने आधार कार्ड और बिजली बिल की प्रति साथ लानी होगी। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पहले विद्युत उपमंडल कार्यालय चौंतड़ा में अपनी केवाईसी करवाने पहुंचें।

## एकलव्य एजुकेशनल अकादमी में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



एकलव्य एजुकेशनल अकादमी, जोगिंद्रनगर में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए नए बैच की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। अकादमी की निर्देशिका खुशबू शर्मा ने बताया कि यह प्रक्रिया 22 अक्तूबर तक चलेगी। छात्रों के लिए यह एक सुनहरा मौका है, खासकर उन छात्रों के लिए जो पुलिस भर्ती परीक्षा में सफल होना चाहते हैं।

खुशबू ने बताया कि अकादमी में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें विशेषज्ञों द्वारा पाठ्यक्रम और रणनीति सिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अकादमी ने आईआरडीपी (इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम) और बीपीएल श्रेणी के छात्रों के लिए विशेष छूट की व्यवस्था की है। इन श्रेणियों में आने वाले छात्रों को आधी फीस पर प्रवेश दिया जाएगा।

पुलिस भर्ती परीक्षा की कक्षाओं में प्रवेश के लिए छात्रों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन करने की सुविधा दी गई है। जो छात्र इस प्रक्रिया में शामिल होना चाहते हैं, वे अकादमी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या अकादमी के कार्यालय में जाकर ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

## जिला स्तरीय सात दिवसीय योग शिविर संपन्न

**सुंदरनगर।** सुनील उपाध्याय एजुकेशन ट्रस्ट और सेवार्थ विद्यार्थी जिला सुंदरनगर ने वृद्ध आश्रम में आयोजित सात दिवसीय योग कैंप का समापन किया। योग शिक्षिका भानु प्रिया ने इस योग कैंप में वृद्धजनों को योग सिखाया। इस योग कैंप के अंतिम दिन नगर संघचालक गोविंद चौहान, स्टूडेंट फॉर सेवा के विभाग संयोजक रजनीश ठाकुर उपस्थित रहे। चौहान ने सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट व एसएफएस के इस प्रयास की सराहना की व कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## मुख्यमंत्री जोगिंद्रनगर में बंद हुए संस्थानों को पुनः खोलें : जम्वाल

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे का स्वागत करते हुए मांग की है कि तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा जोगिंद्रनगर में खोले गए संस्थानों, जिन्हें कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही बंद कर दिया था, को फिर से खोला जाए। जम्वाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि जयराम सरकार के समय मकरीडी में खोला गया लोक निर्माण विभाग का सबडिवीजन, जो 5 माह से कार्य कर रहा था, बंद कर दिया गया है। उन्होंने पूर्व सांसद रामस्वरूप शर्मा की गृह पंचायत में बंद हुए पशु चिकित्सालय समेत कई अन्य संस्थानों को फिर से शुरू करने की अपील की। पिछले 18 महीनों से जोगिंद्रनगर में विकास कार्य ठप पड़े हैं और अस्पताल की सुविधाएं भी घट गई हैं। उन्होंने अस्पताल को 200-बेड का करने और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने की मांग की।



## मुख्यमंत्री सुक्खू आज जोगिंद्रनगर में करेंगे विकास योजनाओं के लोकार्पण

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंडी जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि मुख्यमंत्री 17 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे जोगिंद्रनगर पहुंचेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे और जोगिंद्रनगर के मेला मैदान में लोगों से मिलेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। उनका रात्रि ठहराव जोगिंद्रनगर में ही होगा। 18 अक्तूबर को प्रातः मुख्यमंत्री कुल्लू के लिए प्रस्थान करेंगे।



## हिमाचल में भाजपा सदस्यता का आंकड़ा 12 लाख पार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



कार्यशाला में संबोधित करते हुए विधायक राकेश जम्वाल।

विधायक व मुख्य प्रवक्ता भाजपा राकेश जम्वाल ने भाजपा सदस्यता अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत सक्रिय सदस्यता की कार्यशाला को सुंदरनगर जिला कार्यालय में संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक विनोद कुमार, दिलीप ठाकुर, जिला अध्यक्ष हीरालाल, जिला महामंत्री ओम प्रकाश, राजेंद्र भुट्टो, सभी मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उन्होंने इस दौरान हिमाचल प्रदेश में भाजपा सदस्यता आंकड़ा 12 लाख होने पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही, सुंदरनगर जिला को सबसे अधिक सदस्यता कराने पर विशेष रूप से बधाई दी और कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भाजपा की मजबूत संगठन शक्ति और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने हिमाचल कांग्रेस सरकार की नाकामियों पर भी जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनहित से भटक चुकी है और विकास कार्यों में पूरी तरह विफल रही है। जनता के विश्वास को धोखा दिया जा रहा है, और सरकारी नीतियां प्रदेश की प्रगति को रोक रही हैं। प्रदेश के लोगों से अपील की कि वे भाजपा के साथ जुड़कर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में योगदान दें। प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और उनका मंत्रिमंडल केंद्र की योजनाओं के अलावा प्रदेश में किसी भी प्रकार का विकास नही करवा रहे और केंद्र का आभार जताने के बजाय मात्र केंद्र की आलोचना करने का कार्य करते नजर आते हैं। अपनी गारंटियों पर आज पात्रता की शर्तें लगाकर किसी भी वर्ग को कोई लाभ न देकर पिछली जयराम सरकार की सुविधाएं भी खत्म कर दी हैं।

## असमंजस | नहीं चाहिए नया बस ठहराव, पुराने को करो जल्द बहाल

# स्कूल बाजार में नए बस स्टॉप पर भड़के लोग

**पुष्पराज, मंडी**



पुराने बस स्टॉप को बहाल करने के विरोध में स्कूल बाजार में एकत्रित हुए लोग।

मंडी शहर के स्कोड़ी चौक बस स्टॉप को बहाल करने की मांग अब जोर पकड़ रही है। लोगों ने बस स्टॉप को बहाल न करने की एवज में आमरण अनशन तक बैठने की चेतावनी जिला प्रशासन को दे दी है।

बुधवार को लोगों ने शहर के स्कूल बाजार में नए बस ठहराव का विरोध किया। इस दौरान सुनिता ठाकुर व डिंपल ठाकुर ने बताया कि स्कोड़ी चौक के बस स्टॉप बंद करने के बाद आए दिन शहर में नए-नए बस स्टॉप बनाए जा रहे हैं जिसको लेकर गांवो से आने वाले लोगों को इन बस ठहराव के बारे में बिल्कुल जानकारी नहीं है। जिससे कई बार तो उनको बसें नहीं मिल पाती या बसें ही नहीं रूकती। उन्होंने कहा कि स्कोढी चौक में बंद किया बस ठहराव काफी पुराना है और पिछले लगभग 40 वर्षों से लोग यहीं से बस लेते और उतरते थे। इस बस ठहराव से अस्पताल भी काफी कम दूरी पर है, परंतु जब से बस स्टॉप को बंद किया तब से लोगों को समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। उन्होनें कहा कि उन्हें कोई नया बस स्टॉप नहीं चाहिए जो पुराना बस स्टॉप है वही बहाल होना चाहिए।

वहीं, पन्ना लाल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर स्कोढी चौक के बस ठहराव को बहाल नहीं किया गया तो फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा और कोटली क्षेत्र की 18 पंचायतों के लोगों के साथ वह आमरण अनशन में बैठ जाएगें। (अनंत ज्ञान)

### अब सिनेमा घर के समीप उतार रहे सवारियों को

**बता** दें कि मंडी शहर के स्कोड़ी चौक से बस ठहराव को हटाने के बाद प्रशासन ने सवारियों को बस में बैठाने व उतारने के लिए 2 नए बस स्टॉप निर्धारित किए हैं। पहले रिवालसर व कोटली की ओर आने-जाने वाली बसों के लिए स्कोड़ी चौक ही बस स्टॉप था, लेकिन अब जेल रोड स्थित सिनेमा घर के समीप सवारियों को उतारा व स्कूल बाजार में सवारियों को बस में बैठाया जा रहा था जिसका लोग अब विरोध कर रहे है।

## रजवाड़ी स्कूल के स्टूडेंट्स ने आम, लीची नींबू की फसलों बारे लिया प्रशिक्षण

**नेरचौक।** तीन दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग के तहत 14 से 16 अक्तूबर तक रजवाड़ी स्कूल के बच्चों ने फल संतति एवं प्रदर्शन केंद्र, हराबाग, उद्यान विभाग, सुंदरनगर में विभिन्न बागवानी फल फसलों के बारे में प्रशिक्षण हासिल किया, जिसमें आम के नर्सरी पौधों में ग्राफ्टिंग तथा लीची के पौधों में एयर लेयरिंग की तकनीक से पौधे तैयार करने की जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त अन्य फल फसल जैसे कि नींबू, जापानी फल, प्लम, सेब के पौधों की नर्सरी तैयार करने की जानकारी भी प्राप्त की। डॉक्टर बबीता फल संतति एवं प्रदर्शन केंद्र, हराबाग ने मूलभूत बागवानी पद्धति तथा इससे संबंधित वर्तमान में चल रहे विभिन्न कार्यों के बारे में अवगत करवाया। व्यावसायिक कृषि शिक्षक, विवेक कुमार ने बताया कि ऑन-जॉब ट्रेनिंग समग्र शिक्षा व्यावसायिक विषय के अंतर्गत करवाया जा रहा है।

## बग्गी स्कूल में लाल सिंह कौशल ने मेधावियों को किया सम्मानित

**आदर्श यादव, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में लाल सिंह कौशल निदेशक को-ऑपरेटिव बैंक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की साल भर की कमाई ही वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह है। जिसका बच्चे हर साल बेसब्री से इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर ज्ञान व संस्कार से ही एक विद्यार्थी अच्छा नागरिक बन सकता है। प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने मुख्यातिथि को शॉल-टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की कुछ विशेष समस्याओं बारे अपनी बात रखीं। एसएमसी प्रधान सरिता देवी ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए के लिए बधाई दी। स्थानीय पंचायत प्रधान विकास गुप्ता ने अपने विचार सांझा करते हुए विद्यालय के विकास के लिए धन राशि का प्रावधान करने के लिए निवेदन किया। (अनंत ज्ञान)



डॉ. नीरज कुमार (आईएफएस) निदेशक शहरी विकास विभाग हिप्र से भेंट करते हुए नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट। बता दें कि डॉ. नीरज कुमार (आईएफएस) निदेशक शहरी विकास विभाग हिप्र से नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की तथा नगर निगम मंडी के विकासात्मक कार्यों व महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरस्कार लेकर लौटे खिलाड़ियों का भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, ऊना।** सुरक्षित निर्माण मॉडल को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ जिला ऊना की छात्रा चाहत और छात्र राजवीर को इस मॉडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें मुख्यमंत्री के द्वारा शिमला के गेयटी थियेटर में सम्मानित किया गया। बुधवार को प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों और मॉडल बनाने में उनका सहयोग करने वाले छात्रों प्रिंस, चंदन, ध्रुव, नंदिनी, आवंशिका सिमरन व साइंस अध्यापिका मीना राणा के स्कूल पहुंचने पर सामूहिक विद्यालय परिवार की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति ने भी इन बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कपिल देव व अन्य सदस्य, प्रधानाचार्या स्नेह लता शर्मा व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### अंबिका धीमान एकल गायन में प्रथम, स्वागत



**अनंत ज्ञान, ऊना।** क्लस्टर लेवल के 10 स्कूलों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चूरूडू में भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन सभी स्कूलों में से सीनियर सेकेंडरी स्कूल टकारला की आठवीं की छात्रा अंबिका धीमान ने एकल गायन में प्रथम स्थान हासिल किया। आठवीं की रिया ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा सोनिया चौधरी ने स्केचिंग में प्रथम स्थान हासिल करके अपना परचम लहराया। स्कूल पहुंचने पर इन बच्चों का विद्यालय में बच्चों और स्टाफ द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य अनिल बख्शी ने स्कूल स्टाफ तथा बच्चों की तरफ से प्रथम स्थान हासिल करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है। इस अवसर पर स्टाफ के सभी सदस्य अभी मौजूद रहे।

### थानाकलां स्कूल में हैंडवॉश डे मनाया




**विनोद शर्मा, लठियानी।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक थानाकलां के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने विश्व हैंडवॉश डे मनाते हुए स्कूल के विद्यार्थियों को सही ढंग से हाथ धोने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सोनाक्षी शर्मा अंकित धीमान, प्रियांशु ने विद्यार्थियों को हाथ धोने की एक साधारण तरीका 'सुमन' के याद रखने के लिए प्रेरित किया। सोनाक्षी शर्मा ने 'सुमन' का अभिप्राय बताते हुए बताया कि एस से सीधा हाथ धोना यू से उल्टा, एम से मुट्ठी ए से अंगूठा और एन से नाखून एवं के से कलाई को किस प्रकार धोना है, के बारे जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने बताया स्वयंसेवियों को तीन समूह में बांट कर प्रोजेक्ट का कार्य दिया गया। इसमें एक समूह ने स्कूल कैंपस की सफाई की एवं घास कटाई की तथा अन्य ग्रुप ने भी दिए गए प्रोजेक्ट काम को बखूबी से संपन्न किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल, राधिका, कांता देवी, संयोगिता शर्मा, पंकज ठाकुर, पवन कुमार, ओंकार सिंह, पवन कुमारी व शिक्षक मौजूद थे।

### फायर मॉकड्रिल का आयोजन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा की राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, रोड सेफ्टी क्लब, बंगाणा के तत्वावधान में व डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी, उपायुक्त ऊना के आदेश पर जनजागरूकता और क्षमता निर्माण अभियान आपदा जोखिम न्यूनीकरण अंतरराष्ट्रीय दिवस 'समर्थ 2024' के उपलक्ष्य एकदिवसीय फायर मॉकड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर बंगाणा अग्नि शमन अधिकारी सब फायर ऑफिसर मदन लाल व प्रदीप सिंह, दीनू राम, विजय और चालक सुरजीत सिंह की टीम ने महाविद्यालय में आकर छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि इस दौरान महाविद्यालय के समस्त छात्रों व समस्त स्टाफ ने भाग लिया।

### बिजली उपभोक्ता 31 तक केवाईसी करवाएं

**बंगाणा।** विद्युत उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि बिजली बोर्ड की ओर से विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने (केवाईसी) का समय 31 अक्तूबर तक है। यह केवाईसी विद्युत उपमंडल बंगाणा के कार्यालय में 10 से 6 बजे तक व विद्युत अनुभाग लठियाणी में 21 व 22 अक्तूबर, विद्युत अनुभाग धुंदला में 23 व 24 अक्तूबर, विद्युत अनुभाग तलमेहड़ा और हटली में 25 अक्तूबर को केवाईसी करवा सकते हैं। इसके लिए जरूरी दस्तावेज बिजली मीटरों के बिल, आधार कार्ड व राशन कार्ड हैं। अतः यदि कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है, तो भविष्य में विद्युत बिल में आने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है। यह जानकारी विद्युत उपमंडल बंगाणा के सहायक अभियंता इंजीनियर उदित सिंह ने दी है।

# प्रदेश सरकार पंजीकृत कामगारों और आश्रित बच्चों को विवाह के लिए देगी आर्थिक सहायता

## हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने लोगों को किया जागरूक

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि हिमाचल सरकार ने पंजीकृत कामगारों और आश्रित बच्चों के विवाह के लिए प्रदान की जाने वाली सहायता राशि को 51 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपए करने का निर्णय लिया है।

इसके अलावा लाभार्थियों के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए भी समुचित वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने यह जानकारी हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा बुधवार को ऊना के मलाहत में निर्माणाधीन पीजीआई सैटेलाइट सेंटर में प्रवासी मजदूरों और मैड़ी खास में ग्रामीणों के लिए आयोजित जागरूकता शिविरों में दी। मैड़ी में आयोजित शिविर में श्री चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**श्रमिकों को वितरित किए इंडक्शन चूल्हे और वॉशिंग मशीनें :** इस दौरान नरदेव सिंह कंवर ने पीजीआई सैटेलाइट सेंटर में श्रमिक कल्याण बोर्ड से पंजीकृत 60 प्रवासी मजदूरों को श्रमिक कार्ड वितरित किए।

इसके अलावा मैड़ी खास में ग्रामीणों को 35 इंडक्शन चूल्हे और 5 वॉशिंग मशीनें भी वितरित कीं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रवासी मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध है।

इस मौके पर प्रदेश टूरिज्म विकास बोर्ड के निदेशक मंडल के सदस्य पीतांबर जसवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष वरुण पुरी, मैड़ी की प्रधान रीना ठाकुर, श्रम कल्याण अधिकारी अमन शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



लाभार्थियों के साथ विधायक सुदर्शन बबलू और कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष।

### गरीबों के उत्थान में निहित है राज्य का विकास: विधायक

इस मौके पर श्री चिंतपूर्णी के सुदर्शन बबलू ने कहा कि प्रदेश का विकास राज्य के गरीब लोगों के उत्थान से होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब लोगों के कल्याणार्थ संचालित की गई अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से अमलीजामा पहना रही है। श्री चिंतपूर्णी क्षेत्र का संपूर्ण विकास उनका ध्येय है। मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन में क्षेत्र में विकास कार्यों को नए आयाम दिए जा रहे हैं। इस दौरान विधायक ने मैड़ी खास पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों को करने के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### एकल नारी को गृह निर्माण के लिए 4 लाख का प्रावधान

कंवर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर पंचायत में एकल नारी को अपना पक्का मकान बनाने के लिए 4 लाख रुपए की सहायता राशि का प्रावधान किया है। उन्होंने सभी कामगारों से बोर्ड के साथ पंजीकरण कराने का आह्वान किया। श्रमिक कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवाने के लिए भवन एवं अन्य निर्माण कार्य मे कार्यरत श्रमिकों की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उनके लिए पिछले 12 माह में काम किया होना अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए कामगार को संबंधित जिला श्रम अधिकारी के कार्यालय मे आधार कार्ड, बैंक पास बुक की प्रति, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति तथा 2 पासपोर्ट फोटो व 90 दिनों का कार्य का सर्टिफिकेट श्रम कल्याण अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे।

# जिले में राजस्व मामलों के निपटारे को विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में राजस्व से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए एक विशेष अभियान आरंभ किया गया है। इसमें सभी लंबित राजस्व दुरुस्ती मामलों का 31 अक्तूबर तक शत-प्रतिशत निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के तहसीलदारों और कानूनगो के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी इस अभियान को सफल बनाने के लिए गंभीरता से कार्य करें ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित मामलों का निपटारा हो सके। उन्होंने बताया कि यह अभियान मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशों के अनुपालन में शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार ऊना जिले में यह मुहिम आरंभ की गई है। बता दें, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर को जिले में लंबित राजस्व मामलों की समीक्षा और निपटारे की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में ऊना जिले में कुल 103 मामले लंबित हैं, जिनमें राजस्व प्रविष्टियों की दुरुस्ती की आवश्यकता है। इन सभी मामलों का निपटारा निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाएगा।

गुर्जर ने जिले के सभी तहसीलदारों और कानूनगो से लक्ष्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह अभियान ऊना जिले के नागरिकों को त्वरित और प्रभावी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस विशेष अभियान के माध्यम से ऊना जिले में लंबित राजस्व मामलों का शीघ्र समाधान होगा, जिससे जनता को त्वरित राहत मिलेगी और राजस्व प्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।



एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर तहसीलदारों और कानूनगो के साथ बैठक करते हुए।

# हरोली में चाक-चौबंद होगी बिजली आपूर्ति प्रणाली, 80 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इस दिशा में आने वाले समय में करीब 80 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार पूरे प्रदेश में बिजली वितरण को सुचारु बनाने और ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में समुचित बिजली वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है, इसके लिए राज्य में लगभग 23 हजार नए बिजली के खंभे लगाए जाएंगे। इस योजना में आने वाले समय में हरोली में करीब 1200 खंभे लगेंगे। इस कदम से स्थानीय निवासियों को स्थिर और निर्बाध बिजली सेवा प्राप्त होगी, जिससे क्षेत्र की विकास प्रक्रिया को और गति मिलेगी। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली में नवस्थापित विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिशासी अभियंता के कार्यालय के लोकार्पण के अवसर पर दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सेवा के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

हमारा मुख्य उद्देश्य है कि हर घर और संस्थान को निर्बाध बिजली उपलब्ध हो, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। क्षेत्र में बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है, जिसमें बिजली की तारों, ट्रांसफार्मरों और खंभों के उन्नयन के साथ अन्य सुधार भी शामिल हैं। इस योजना का प्राथमिक लक्ष्य बिजली कटौती की समस्या को कम करना और उपभोक्ताओं को बेहतर एवं विश्वसनीय सेवा प्रदान करना है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वीपीएस के छात्र छाए



**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिक्षा विभाग के द्वारा एक दिवसीय लड़कों की 65वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता 13 अक्तूबर को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं में संपन्न हुई, जिसमें राज्यभर से विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें वशिष्ट पब्लिक स्कूल के छात्र युगांश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रेसलिंग प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं के छात्र युगांश कुमार ने 79 किलोग्राम में कांस्य पदक हासिल किया। जिला स्तरीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमांदरी में 13 से 14 अक्तूबर तक संपन्न हुए। लड़कों की अंडर-14 रिले रेस प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा के सक्षम सिंह, सातवीं कक्षा के तरनवीर सिंह, सातवीं कक्षा के अभिनव, पांचवीं कक्षा के आरव चौधरी ने गोल्ड मेडल हासिल किया। 100 मीटर रेस प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं के सक्षम सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया। 200 मीटर रेस प्रतियोगिता में तथा लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में सक्षम सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। उन्होंने स्कूल के शारीरिक शिक्षकों का धन्यवाद किया। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने इस उपलब्धि के लिए विजेता रहे छात्रों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### अभिनय ने पीएचडी की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर हासिल किया प्रथम स्थान



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के गांव अमलैहड़ में एक होनहार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अमलैहड़ के 24 वर्षीय अभिनय जसवाल ने इंस्टिट्यूट ऑफ वुड साइंस एंड टेक्नोलॉजी बेंगलुरु और फॉरेस्ट रीसर्च इंस्टिट्यूट देहरादून दोनों संस्थाओं में पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिनय जसवाल के पिता राजीव जसवाल किसान हैं और माता सीमा कुमारी-गृहिणी। अभिनय जसवाल ने बाहरवीं कक्षा की पढ़ाई एसटीडीआर पब्लिक स्कूल गगरेट से और एमएससी देहरादून से उत्तीर्ण की।

### ऊना खेल छात्रावास के लिए खिलाड़ियों का चयन 21 को ऊना में

**ऊना।** प्रदेश भर के जूडो एवं हॉकी खिलाड़ियों के लिए खेल छात्रावास ऊना में चयन पाने का अवसर है। आगामी 21 अक्तूबर को जिला खेल विभाग के माध्यम से इंदिरा गांधी खेल मैदान पर ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इसमें जिला ऊना सहित राज्य के सभी जिलों के खिलाड़ी हिस्सा ले पाएंगे। यहां जूडो की 16 सीटों के लिए संबंधित खिलाड़ी ट्रायल दे पाएंगे तो हॉकी के एक गोलकीपर सीट के लिए प्रवेश प्रक्रिया में हुनर दिखा सकते हैं। 21 अक्तूबर को सुबह 8 बजे से इंदिरा गांधी खेल मैदान पर पंजीकरण शुरू कर दिया जाएगा। जिला खेल विभाग ऊना के अधिकारी उत्तम डोड ने बताया कि ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन खेल एवं शारीरिक गुणवत्ता के कौशल के आधार पर किया जाएगा। संबंधित खिलाड़ी इसमें भाग लें।

### मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग में दाखिले के लिए मांगे आवेदन

**ऊना।** आईटीआई ऊना में सत्र 2024-25 के लिए एक वर्षीय मोटर ड्राइविंग एवं हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी ऑपरेटर ट्रेनिंग में दाखिले लेने के लिए 24 अक्तूबर तक आवेदन मांगे गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य आईटीआई ऊना ने बताया कि अभ्यार्थी दाखिले के लिए निर्धारित प्रपत्र सामान्य श्रेणी के लिए 300 रुपए और आरक्षित वर्गों के लिए 200 रुपए भुगतान करके संबंधित संस्थान से किसी भी कार्य दिवस के दौरान प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी को 26 अक्तूबर प्रातः 10 बजे मूल प्रमाण पत्र सहित संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण की वार्षिक फीस 10,570 रुपए रहेगी। इसके लिए अभ्यर्थी की आयु 20 वर्ष निर्धारित की है तथा शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास और लाइट मोटर व्हीकल का लाइसेंस होना अनिवार्य है।

# बहडाला में श्रमिकों को दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के सौजन्य से जिला श्रम विभाग ऊना ने अंबेडकर भवन बहडाला में जागरूकता शिविर लगाया गया। इस जागरूकता शिविर की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने की।

इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विधवा महिलाओं के बच्चों को निशुल्क उच्च शिक्षा प्राप्त करने और हर पंचायत में एकल नारी को खुद का घर बनाने के लिए

**जिला श्रम विभाग ऊना ने जागरूकता शिविर लगाया**

4 लाख रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने पंजीकृत कामगार बोर्ड या आश्रित बच्चों के विवाह के लिए सहायता राशि 51 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए का प्रावधान किया है।

नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि प्रदेश में हर पंचायत में मंदबुद्धि बच्चों, बजुर्गों के साथ-साथ विभिन्न ट्रेडों में आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं को पंजीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड अधिनियम 1996 के अनुसार वह सभी कामगार जो भवन, मार्गों, सड़क, सिंचाई, जल निकास, तट बंध, बाढ़ नियंत्रण, टेलिफोन लाइनों, संचार माध्यमों व अन्य कार्य मे अपनी सेवाए किसी भी रूप में दे रहे हैं, वे सभी श्रमिक कामगार कल्याण बोर्ड मे पंजीकृत हो सकते हैं। कंवर ने बताया कि पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य निर्माण कार्य मे कार्यरत श्रमिको की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य और पिछले 12 माह में काम किया होना अनिवार्य है।

पंजीकरण के लिए कामगार को संबंधित जिला श्रम अधिकारी के कार्यालय मे आधार कार्ड, बैंक पास बुक की प्रति, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति तथा 2 पासपोर्ट फोटो व 90 दिनों का कार्य का सर्टिफिकेट श्रम कल्याण अधिकारी के कार्यालय मे प्रस्तुत करने होंगे। इस मौके पर ऊना विस के पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा, श्रम कल्याण अधिकारी अमन शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीसी ने बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिले में बाल मजदूरी की रोकथाम के उद्देश्य से बुधवार को जिले के विभिन्न ढाबों और अहातों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ चाइल्ड लेबर के मामले पहचानने के लिए ऊना, जलग्रां, बहडाला, देहलां और मैहतपुर में ढाबों और अहातों का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप, जिला श्रम अधिकारी रणवीर सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन के कुलवीर सिंह तथा वरदान मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान पांच किशोरों की उम्र संदिग्ध दायरे में पाई गई। इन किशोरों से संबंधित दस्तावेज़ जैसे आधार कार्ड और अन्य प्रमाणपत्रों की मांग की गई है, ताकि उनकी सही उम्र का पता लगाया जा सके। यदि उनकी उम्र 18 वर्ष से कम पाई जाती है, तो संबंधित प्रतिष्ठान मालिकों को नोटिस जारी किया जाएगा और नियमों के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही, बच्चों को तत्काल रेस्क्यू कर उनके माता-पिता या बाल केयर सेंटर में सुरक्षित रखा जाएगा। जतिन लाल ने सभी से अपील की कि यदि उन्हें कहीं भी बाल मजदूरी से संबंधित कोई मामला दिखे, तो वे तुरंत इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या जिला प्रशासन को दें।

**आयोजन** | राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के कार्यक्रम में बोले विधायक

# कुटलैहड़ को बनाएंगे प्राकृतिक खेती का हब

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में आत्मा प्रोजेक्ट विभाग द्वारा राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के मौके कृषि विभाग के सौजन्य से 'प्राकृतिक खेती कुशल किसान योजना' के तहत एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, वहीं एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि विवेक शर्मा का विभागीय अधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत और सम्मान किया। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि आत्मा प्रोजेक्ट ओर प्राकृतिक खेती जैसी योजनाएं केंद्र सरकार की हैं और वर्ल्ड बैंक इन योजनाओं को फाइनेंस करता है, लेकिन बीते दो वर्षों में जब से हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से इन योजनाओं के लिए कोई फंडिंग नहीं हो रही है और केंद्र सरकार राज्य सरकार से सौतेला व्यवहार कर रही है।

विवेक ने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान' योजना की धरातल पर शुरुआत की है।

शर्मा ने कहा कि 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान' योजना के सफल परिणाम देखने को मिल रहे हैं और राज्य में किसानों की आय में बढ़ोतरी हो रही है। विवेक शर्मा ने कहा कि केंद्र से कोई सहयोग न मिलने पर भी मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा राज्य में किसानोंर बागवान को आर्थिक मजबूत करने के लिए इस योजना पर बल दिया है ताकि राज्य में किसान आत्म निर्भर बन सके। विवेक शर्मा ने कहा कि उपमंडल बंगाणा विभागीय अधिकारी फील्ड में जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक करें ताकि कुटलैहड़ विस क्षेत्र को प्राकृतिक खेती का हब बनाया जा सके।

इस मौके पर राज्य कांग्रेस सचिव देसराज मोदगिल, सुरेंद्र हटली, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष मीना चौधरी, केसी शर्मा, थाना प्रभारी रोहित चौधरी, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, तहसीलदार अमित, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, जिला पार्षद सदस्य सत्या देवी, पूर्व प्रधान मोहिंद्र सिंह के अलावा सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में विधायक ने उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

# यातायात नियमों की अवहेलना पर चला डीएसपी का चाबुक, एक माह में 3872 चालान

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर डीएसपी डॉ. वसुधा सूद का ऐसा चाबुक चला है कि एक माह के भीतर ही उपमंडल पुलिस अधिकारी अंब के अधीन आने वाले पुलिस थानों में 3872 चालान हुए हैं। इनमें से 2222 चालान न्यायालय को भेजे गए हैं जबकि 1650 चालानों से नौ लाख 82 हजार रुपये के करीब जुर्माना वसूल किया गया है। सबसे ज्यादा चालान करने में पुलिस थाना अंब अव्वल रहा है। पुलिस थाना अंब में एक माह के भीतर 1903 चालान किए गए हैं।

उपमंडल अंब व गगरेट कुछ ही सालों में सड़क दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात हुए हैं। यहां सड़क दुर्घटनाओं में मौत का शिकार होने वालों का आंकड़ा भी अच्छा-खासा है। इसी के चलते एसडीपीओ डॉ. वसुधा सूद ने वाहन चालकों से सख्ती से निपटने का निर्णय लिया। डॉ. वसुधा सूद के आदेश पर यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू किया तो एक ही माह में 3872 वाहन चालक नपे। जिन वाहन चालकों को हवा से बातें करने का शौक था, उन पर भी विशेष रूप से शिकंजा कसा गया। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की पालिसी अपनाते हुए पुलिस ने करीब 284 चालान ओवर स्पीड के एक ही माह के भीतर किए। इसके अलावा बिना हेलमेट का प्रयोग किए दोपहिया वाहन चलाने का शौक पालने वाले भी नपे गए हैं।

एक माह के भीतर ही पुलिस ने बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वाले 568 वाहन चालकों के चालान किए हैं। यातायात नियमों की अवहेलना करने पर वाहन चालकों को सबक सिखाने में पुलिस थाना अंब अव्वल रहा है। पुलिस थाना अंब ने एक माह के भीतर ही करीब 1903 चालान किए हैं। दूसरे नंबर पर चिंतपूर्णी पुलिस थाना ने एक माह के भीतर 1063 चालान किए हैं, जबकि गगरेट पुलिस थाना ने एक माह के भीतर 906 चालान किए हैं।

एसडीपीओ डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले अपनी जान भी खतरे में डालते हैं तो दूसरों की जान भी खतरे में डालते हैं। उच्च अधिकारियों के आदेश पर इन पर अब शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक माह में एसडीपीओ के अंतर्गत आने वाले पुलिस थानों में 3872 चालान किए गए हैं जबकि नौ लाख 82 हजार रुपए के करीब जुर्माना वसूल किया गया है।





जमलू देवता के अस्थायी शिविर में श्रद्धालु देवता के दर्शन करते हुए (दाएं) अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान अस्थायी शिविर में विराजमान लगघाटी के भुट्टी क्षेत्र के क्षेत्रपाल थान देवता (दाएं) बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी दशहरा उत्सव में भगवान आदि ब्रम्हा के शिविर में देवता का आशीर्वाद लेते हुए।

# रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में देवी-देवता रोजाना लगा रहे हाजिरी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

देवी-देवताओं के महाकुंभ दशहरा उत्सव में भगवान रघुनाथ जी का अस्थायी शिविर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अधिष्ठाता भगवान रघुनाथ का शिविर भक्तिमय हो उठा है और शिविर में सुबह से शाम तक घाटी के आराध्य देव अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं।

दशहरा उत्सव के चौथे दिन बुधवार को भी रोजाना की तरह सुबह के समय ही भगवान रघुनाथ जी की षोडशोपचार के बाद भव्य श्रृंगार किया गया तथा राम सीता, हनुमान व नरसिंह भगवान की विधिवत तरीके से पूजा की गई। यह ऐतिहासिक व पुराण संगत पूजा भगवान राम जी के कारदार अठारह करडू के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह तथा रघुनाथ जी के मंदिर के पुजारियों की ओर से वेद मंत्रों के माध्यम से की गई।

वहीं, भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर के साथ ही उत्सव में आए सभी देवी-देवताओं के शिविरों में रोजाना पूजा-अर्चना हो रही है और श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान के भजनों व जयकारों से पूरी कुल्लू घाटी गुंजायमान हो उठी। वहीं, उत्सव के दौरान सात दिनों तक भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन का सिलसिला रोजाना चलता रहेगा। एक दिन में भगवान की सात आरतियां उतारी जा रही हैं। रात को भगवान के शिविर में चंद्राउली नृत्य कुछ विशेष लोगों की ओर से किया जा रहा है। यह सभी कार्यक्रम या रस्में दशहरे के अंतिम दिन तक इसी तरह चलती रहेंगी। रघुनाथ के शिविर में दिनभर दशहरा देखने आ रहे देश-विदेश के पर्यटकों के अलावा स्थानीय लोग शीश नवा रहे हैं। पुरातन भारतीय संस्कृति दर्शन करने के लिए खासकर विदेशी पर्यटकों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। साथ ही दशहरे में पहुंचे सैकड़ों देवी-देवता भी रोजाना भगवान रघुनाथ के शिविर में पहुंच कर शीश नवा रहे हैं। पूरा ढालपुर मैदान देव वाद्ययंत्रों की थाप से गूंज उठा है। बहरहाल, सैकड़ों देवी-देवताओं की उपस्थिति में भगवान रघुनाथ का शिविर भक्तिमय हो उठा है। (अनंत ज्ञान)





अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के चौथे दिन भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में हाजिरी भरने जाते हुए देवता (दाएं) रघुनाथ जी अस्थायी शिविर में विराजमान।

## प्रतिदिन आठ बार होगा भगवान का श्रृंगार

**उत्सव** के दौरान रघुनाथ जी का श्रृंगार एक दिन में आठ बार किया जा रहा है। रघुनाथ जी दशहरा उत्सव के अधिष्ठाता देव माने जाते हैं। रघुनाथ जी रोज सीता माता के साथ सज-धज कर अपने अस्थायी शिविर में अपने सिंहासन पर विराजमान होते हैं। दशहरा पर्व में हर रोज रघुनाथ जी का श्रृंगार सुंदर वस्त्रों तथा कीमती आभूषणों से किया जाता है। यही नहीं ढालपुर मैदान के बीचों-बीच बने भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में सैकड़ों देवी-देवता रोजाना हाजिरी भरने आते हैं और रघुनाथ जी के साथ मिलन करे अपने अस्थायी कैंपों में वापस लौटते हैं। यह देव मिलन का क्षण लोगों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनता है। दशहरे में रघुनाथ जी का शाही स्नान श्रद्धालुओं सहित देश-विदेश से आए लोगों के लिए भी आषर्कण का केंद्र बना हुआ है। संध्या के समय रघुनाथ जी की आरती से पहले अस्थायी शिविर में चंद्राउली नृत्य दशहरा देव समागम की शोभा को दो गुणा बढ़ा देता है। अयोध्या से रघुनाथ जी की मूर्ति लाने के बाद ही दशहरा उत्सव शुरू हुआ था। अपने आप में अनुठी देव संस्कृति के लिए प्रसिद्ध कुल्लू के दशहरा उत्सव में रघुनाथ जी का विशेष महत्व है तथा दशहरा उत्सव में रघुनाथ जी को मुख्य देवता के रूप में पूजा जाता है। रघुनाथ जी के बिना दशहरा उत्सव का कोई अस्तित्व नहीं है। दशहरा उत्सव के पहले रघुनाथ जी सीता माता और हनुमान सहित अपने अस्थायी शिविर में विराजमान होते हैं। बहरहाल, रघुनाथ जी प्रतिमा जो एक अंगुष्ठ मात्र है, उसका रोज शाही स्नान होता है और इनका कीमती आभूषणों और सुंदर वस्त्रों से श्रृंगार किया जाता है।

## शाही अंदाज में निकली भगवान नरसिंह की तीसरी जलेब, परिक्रमा कर बांधा रक्षासूत्र


**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के चौथे दिन बुधवार को करीब साढ़े चार बजे भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर स्थित राजा की चानणी से भगवान नरसिंह की तीसरी शाही जलेब निकली। तीसरे दिन भी जलेब के माध्यम से भगवान नरसिंह ने ढालपुर की परिक्रमा कर रक्षासूत्र बांधा।

ढालपुर स्थित राजा की चनणी से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, कॉलेज गेट, फूड कोर्ट होते हुए करीब साढ़े पांच बजे जलेब वापस ढालपुर स्थित चनणी पहुंची। इस दौरान देवी-देवता व देवलु और अन्य लोग वाद्ययंत्रों की थाप पर झूमते हुए जलेब के साथ-साथ आगे बढ़े। जलेब में भगवान रघुनाथजी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह पालकी में सवार हुए और पालकी के आसपास सैंज घाटी के पांचग देवी-देवता चले। नरसिंह भगवान की तीसरी जलेब में सैंज घाटी के देवता लक्ष्मी नारायण रैला, मनु ऋषि शैंशर, माता आशापुरी, रिंगू नाग रैला, कमला भगवती गोही शामिल हुए। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव से एक दिन पूर्व तक जलेब का यह सिलसिला रोजाना जारी रहेगा। लिहाजा, सदियों से चली आ रही इस परंपरा का आज भी अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में बखूबी निर्वहन हो रहा है और सैकड़ों लोग इसके साक्षी बन रहे हैं। यह जलेब भगवान नरसिंह की मानी जाती है और राजा नरसिंह का प्रतिनिधि होने के नाते नरसिंह के रूप में इस पालकी में भगवान रघुनाथजी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह हर साल विराजमान होते हैं। राजा की चनणी से लेकर रथ मैदान होते हुए ढोल-नगाड़ों की थाप पर परिक्रमा पर निकले देवी-देवता व लोग नाचते-गाते हुए वापस चनणी पहुंचते हैं।



चौथे दिन ढालपुर से गुजरती भगवान नरसिंह की शाही जलेब।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी



चौथे दिन रथ मैदान में आयोजित हो रहे खेल उत्सव में वॉलीबाल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए देशभर के खिलाड़ी।

### तीसरी सांस्कृतिक संध्या में इंडोनेशिया के कलाकारों ने मोहा सबका मन

## ट्रैप बैंड के कलाकारों ने दर्शकों को खूब नचाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में देश-विदेश से आए कलाकारों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर सारेगामापा फेम ममता भारद्वाज ने अपनी प्रस्तुति से भरपूर मनोरंजन किया।

इसके बाद उत्तराखंड से आए कलाकारों से हैरतअंगेज कारनामा दिखाते महिला कलाकार के सिर पर जली आग की लपटों के बीच चाय उबाल कर सभी को आश्चर्य चकित कर दिया। इसके बाद विदेशी सांस्कृतिक दल की प्रस्तुति में इंडोनेशिया के कलाकारों ने अपने अंदाज में रामायण का मंचन कर उपस्थित सभी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान इंडोनेशिया के कलाकारों ने पारंपरिक परिधानों में बहुत ही संक्षिप्त में राम लक्ष्मण, सीता, हनुमान और रावण के किरदारों को बेहद अनोखे अंदाज में पेश किया, जिसे दर्शकों ने बहुत प्यार दिया। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर सांस्कृतिक संध्या के मुख्यातिथि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह शामिल हुए। इस मौके पर सुंदर सिंह ठाकुर के साथ-साथ डीसी तोरुल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन गोकुल



चंद्रन विशेष तौर पर मौजूद रहे। तीसरी सांस्कृतिक संध्या की स्टार नाइट में लोकप्रिय ट्रैप बैंड के कलाकारों ने कलाकेंद्र में उपस्थित सभी दर्शकों को झूमने और सीटियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर नॉर्थ जोन कलचर के कलाकारों ने राजस्थान की संस्कृति पेश की, जबकि इस मौके पर भास्कर कॉलेज के कलाकारों ने हिमाचल प्रदेश के परंपरागत गीतों की प्रस्तुति दी। जबकि लाहौल के गायक अनिल सूर्यवंशी ने अपने गीतों से दर्शकों को खूब झुमाया।



सांस्कृतिक संध्या में चंडीगढ़ के ट्रैप बैंड के कलाकर प्रस्तुति देते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स ने सीखी हॉस्पिटैलिटी की बारीकियां



**पतलीकूहल।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराईं के 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने शिरढ रिजॉर्ट रायसन में 14 से 16 तक हॉस्पिटैलिटी का प्रशिक्षण लिया। माइंड लीडर्स के वोकेशनल ट्रेनर रोहित गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में एनएसक्यूएफ के अंतर्गत टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी का विषय पढ़ाया जा रहा है। इसके पाठ्यक्रम में प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम 20 घंटों की अनिवार्य ऑन जॉब ट्रेनिंग करवाई जाती है। विद्यार्थियों को पहले दिन फ्रंट ऑफिस की विभिन्न प्रक्रियाएं जैसे ग्रीटिंग, चेक इन, चेक आऊट, रिजर्वेशन कंफर्मेशन, रूम स्टेटस, बिल सेटलमेंट, सेल्स आदि का प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन लंच से पहले हाउसकीपिंग और बाद में बेकरी का प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन एफ एंड बी प्रोडक्शन और सर्विस का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें स्टूडेंट्स ने अतिथियों को सेवा प्रदान की। सेल्स मैनेजर सोहन लाल ने विद्यार्थियों को बताया कि इस क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं हैं।

### आनी स्कूल राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** एससीईआरटी सोलन में संपन्न राज्य स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में कुल्लू का प्रतिनिधित्व करते हुए पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आनी स्कूल तीसरी बार राष्ट्र स्तर पर हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगा। राष्ट्रीय लोकनृत्य और राष्ट्रीय भूमिका निर्वाह प्रतियोगिता एनसीईआरटी के तत्वाधान में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष खंड स्तर से राष्ट्र तक करवाई जा रही है। इन कार्यक्रमों में थीम आधारित विषयों में से किसी एक प्रतियोगिता में प्रतिभागिता सुनिश्चित करनी होती है। पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य एवं वर्तमान में अतिरिक्त प्रभार शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा कुल्लू अमर चौहान की प्रेरणा से विद्यालय के शिक्षकों ने इस प्रतियोगिता को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और थीम आधारित स्क्रिप्ट स्वयं तैयार कर आठवीं और नौवीं कक्षा का समूह रहता है। 5 से 6 विद्यार्थी इसमें सहभागी हो सकते हैं। प्रतियोगिता का अधिकतम समय 6 मिनट का रहता है। प्रतियोगिता में तत्कालीन आदर्श विद्यालय और अब पीएमश्री आदर्श विद्यालय के नाम से विदित यह विद्यालय जहां विविध क्षेत्रों में छात्रों को अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान कर उनकी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है।

## टैक्सी चालक शिव राम ने पैसों से भरा पर्स लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

**अनंत ज्ञान, आनी**

ईमानदारी अभी जिंदा है और इसकी जीती जागती मिसाल आनी के टैक्सी यूनियन का एक चालक बना है।

टैक्सी यूनियन आनी के टैक्सी चालक शिव राम ने ईमानदारी का परिचय देते हुए नोटों से भरा पर्स सवारी को वापस लौटाया। टैक्सी यूनियन आनी के प्रधान निंटू कौशल ने बताया कि आनी टैक्सी यूनियन का सदस्य और टैक्सी नंबर एचपी 01-एए-3001 का चालक शिव राम एक शादी समारोह में बुकिंग पर गया था। बारात खुड्डीजल देहुरी से हरिपुर स्थित एक होटल में आई थी और फिर वापस खुड्डीजल देहुरी लौटी थी। अगले दिन जब शिव राम अपनी टैक्सी की सफाई कर रहा था, तो उसे टैक्सी में एक पर्स मिला, जिसमें 9 हजार रुपए की नकदी के अलावा जरूरी दस्तावेज थे। ईमानदारी का परिचय देते हुए टैक्सी चालक शिव राम ने टैक्सी यूनियन



आनी के प्रधान निंटू कौशल को सूचित करते हुए इस पर्स को लौटाने की बात कही, जिसके बाद निंटू कौशल और शिव राम ने पर्स को खोला और उसमें पड़े आधार कार्ड से पर्स के मालिक को कॉल किया और उसे आनी बुलाकर पर्स नकदी समेत इसके मालिक को लौटा दिया। अपना पर्स पूरी की पूरी नकदी, दस्तावेज समेत पाकर पर्स मालिक ने टैक्सी चालक शिव राम और टैक्सी यूनियन आनी की ईमानदारी को एक प्रेरणा बताया है।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में उत्तराखंड के कलाकार अपनी प्रस्तुति के दौरान सिर पर आग लगा कर चाय बनाते हुए।

## सुमति राठौर ने घाटी के औषधीय पौधों के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंजार**



गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान हिमाचल क्षेत्रीय केंद्र (जीबी पंत) मौहल द्वारा बंजार में पर्यावरण जागरूकता और आपदा की तैयारी एवं जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ हुआ।

16 से 18 तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का संचालन संस्थान के शोधार्थियों सुमति राठौर, साक्षी ठाकुर, डिंपल कुमारी और धर्म चांद द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर बंजार कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर सुजाता कार्यक्रम की मुख्यातिथि रही। जीबी पंत संस्थान के केंद्र प्रमुख ने कार्यक्रम की मुख्यातिथि डॉक्टर सुजाता एवं विशेषातिथि डॉक्टर कविता का टोपी मफलर से सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन की शुरुआत जीबी पंत संस्थान के केंद्र प्रमुख राकेश कुमार सिंह के स्वागत संबोधन से की गई। संस्थान की शोधार्थी सुमति राठौर द्वारा सैंज घाटी के औषधीय पौधों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की।

### इंटरनेट से भविष्य की तैयारी, सैंज नदी में पहुंची हाइड्रो प्रोजेक्ट्स की नई विदेशी तकनीक

## नदी में बाढ़ और जलस्तर को मापेगी अब तीसरी आंख

**अनंत ज्ञान, सैंज**

कुल्लू की सैंज घाटी में प्राकृतिक बाढ़, नदी की गहराई व जलस्तर में लगातार होने वाली बढ़ोतरी को अब इंटरनेट सिस्टम के जरिए विदेशी तकनीकी वाली तीसरी आंख अलर्ट करेगी।

पार्वती बेसिन में स्थापित हाइड्रो प्रोजेक्ट कंपनियों ने मौसम पूर्वानुमान के तहत चेतावनी प्रणाली स्थापित कर दिए हैं। लिहाजा सैंज घाटी में नदी किनारे बसे ग्रामीणों को अब राहत भरी खबर है। पार्वती पावर स्टेशन



बिहाली में जानकारी के मुताबिक एनएचपीसी ने निहारनी गांव में नदी किनारे अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित किया है, जबकि प्रदेश पॉवर निगम ने घाटी के सुदूर गांव शाकटी में चेतावनी यंत्र को मौसम विभाग के इंटरनेट सॉफ्टवेयर से जोड़ दिया है। भविष्य में अब सैंज नदी बाढ़ की स्थिति में दुर्गम गांव शाकटी से लेकर लारजी तक हूटर के साथ सचेत करती रहेगी। पार्वती पावर स्टेशन बिहाली में तैनात महाप्रबंधक प्रभारी प्रकाश चंद ने बताया कि करोड़ों रुपए की लागत से नई तकनीक की स्थापना की गई है। इस नई टेक्निक में डैम के गेट खुलते ही जोर जोर से हूटर बजाए जाएंगे। इससे लोग उसी समय अलर्ट हो जाएंगे। सेंसर बेसड इस अरली वॉरनिंग सिस्टम का सियूंड डैम से लेकर लारजी तक नदी के किनारे आधा दर्जन हूटर स्थापित किए गए हैं। यह हूटर न सिर्फ बजेंगे, बल्कि इससे आवाज के माध्यम से संदेश प्रसारित करने का भी प्रावधान किया गया है। हूटर ओमनीडायरेक्शनल होगा, जो चारों दिशाओं में सुनाई देगा। यहां उल्लेखनीय यह है कि कुल्लू की जल विद्युत परियोजनाओं में डैम सेफ्टी एक्ट की अवेलना न हुई होती, तो बीते वर्ष नदियों की तबाही से बचा जा सकता था।

## केलांग में की गई 65 किसान महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला आयुष अधिकारी बनिता शर्मा ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा महिला किसान दिवस के अवसर पर आयुष विभाग की ओर से केलांग में महिला किसानों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर का शुभारंभ विधायक अनुराधा राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कुल 65 किसान



महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टर सुशीला, डॉक्टर महेश, डॉक्टर सुरेश ने अपनी सेवाएं दीं तथा फार्मासिस्ट सुषमा, शालिनी, अनीता व विक्रम सहायता के लिए मौजूद रहे।

# पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द

**एजेंसी, बेंगलुरु**

बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को कोई खेल नहीं हो सका। अंपायरों और अन्य मैच अधिकारियों ने दोपहर दो बजे मैदान का मुआयना किया जब दिन में पहली बार थोड़ी देर के लिए बारिश रूकी, लेकिन हालात को देखकर दो बजकर 34 मिनट पर खेल रद्द करने का फैसला किया गया।

इससे पहले आउटफील्ड कवर और पिच पर डाले कवर की पहली परत मुआयने के लिए हटाई गई तो दर्शक काफी रोमांचित हो गए, लेकिन सुबह से हो रही बारिश के कारण खेल हो पाना संभव नहीं था।

सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण सुबह नौ बजे टॉस भी नहीं हो सका। खराब मौसम के बावजूद मैदान पर काफी तादाद में दर्शक जमा थे। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंडोर अभ्यास करते देखकर दर्शक



बारिश के कारण कवर से ढका मैदान।

काफी रोमांचित भी हो गए। दूसरे दिन भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। दोनों टीमें बारिश के कारण अभ्यास भी नहीं कर सकी थी। दूसरे दिन का खेल सुबह नौ बजकर 15 मिनट पर शुरू होगा और टॉस आठ बजकर 45 मिनट पर कराया जाएगा।

# हॉकी इंडिया लीग में खेलने को बेताब हैं हरमनप्रीत और उदिता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया लीग की नीलामी में सबसे महंगे बिके हरमनप्रीत सिंह और उदिता दुहान टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीतने के लिए बेताब हैं।

हरमनप्रीत सिंह को पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब ने तीन दिन तक चली नीलामी के पहले दिन 78 लाख रुपए में खरीदा। वहीं उदिता को श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रुपए में खरीदा। पुरुषों की लीग में आठ टीमें होंगी, जबकि पहली बार हो रही महिला लीग में चार टीमें भाग लेंगी।

हरमनप्रीत ने कहा ,'' मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है। मेरा नाम नीलामी के लिए आया तो मैं आंखें गड़ाकर देख रहा था। मैं उम्मीद कर रहा था कि सरदार सिंह मेरे नाम पर बोली लगाए



ताकि मुझे हरियाणा और पंजाब के लिए खेलने का मौका मिल सके।'' उन्होंने कहा ,'' जब सूरमा हॉकी क्लब ने मुझे खरीदा तो मैने राहत की सांस ली। मैं बहुत ही खुश हूं।''

भारतीय कप्तान ने कहा ,'' हमारे पास काफी संतुलित टीम है। इसमें अनुभवी, बड़े नामी और युवा खिलाड़ी हैं जो भविष्य में काफी



बड़े सितारे बन सकते हैं।''

भारतीय महिला टीम की डिफेंडर उदिता ने कहा ,''हॉकी इंडिया ने पुरुषों के साथ महिला लीग शुरू करके नए मानदंड कायम किए हैं। हमारे लिए यह अपनी प्रतिभा दिखाने और बतौर खिलाड़ी खुद को निखारने का सुनहरा मौका होगा। मैं अपना शत-प्रतिशत देने की कोशिश करूंगी।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज 2025-26 पर्थ में शुरू होगी

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज वेस्टर्न आस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरू होगी। पहला टेस्ट 21 से 25 नवंबर तक पर्थ में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट चार से आठ दिसंबर तक ब्रिसबेन में होगा, जो दिन-रात का टेस्ट होगा। एडीलेड ओवल में तीसरा टेस्ट 17 से 21 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। मेलबोर्न में पारंपरिक बॉक्सिंग-डे टेस्ट 26 दिसंबर से और सिडनी में 5वां टेस्ट चार से आठ जनवरी के बीच खेला जाएगा। एशेज इस समय ऑस्ट्रेलिया के पास है, जिसने 2023 में इंग्लैंड में ड्रॉ खेला था।

### बेन डकेट का शतक के बावजूद इंग्लैंड दूसरे टेस्ट में लड़खड़ाया

**मुल्तान।** बेन डकेट के शानदार शतक के बावजूद इंग्लैंड का शीर्ष क्रम दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन पाकिस्तान के स्पिनरों के मुफीद पिच पर लड़खड़ा गया, जिससे स्टंप तक पहली पारी में उसका स्कोर छह विकेट पर 239 रन रहा। इंग्लैंड की टीम पहली पारी के हिसाब से पाकिस्तान से 127 रन से पीछे है। पाकिस्तान की टीम लंच के तुरंत बाद पहली पारी में 366 रन पर सिमट गई। डकेट ने 129 गेंद में 114 रन की शतकीय पारी खेली, जिससे इंग्लैंड की टीम ने दबदबा बनाया हुआ था, लेकिन उसने पाकिस्तान के स्पिनरों साजिद खान (86 रन देकर चार विकेट) और नोमान अली (75 रन देकर दो विकेट) ने चार विकेट जल्दी जल्दी गंवा दिए।

### ग्लैमरस से शुरू की संजना गणेशन ने यात्रा

नई दिल्ली । एक प्रशंसित टीवी होस्ट और खेल प्रस्तुतकर्ता, संजना गणेशन ने ग्लैमरस दुनिया से अपनी यात्रा एक आशाजनक मॉडलिंग के साथ शुरू की। उनके शिष्टता और आकर्षण ने उन्हें विभिन्न सौंदर्य प्रतियोगिताओं के मंचों पर शोभा बढ़ाने के लिए प्रेरित किया, जिनमें से कुछ में वे फाइनलिस्ट भी रहीं, लेकिन यह केवल उनकी पेशेवर उपलब्धियां ही नहीं हैं जो ध्यान आकर्षित करती हैं। उनका निजी जीवन भी चर्चा में रहा है। 15 मार्च, 2021 को, उन्होंने भारतीय गेंदबाजी के मुख्य खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह से शादी की।



महिला टी-20 विश्व कप

## ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्रों में सेमीफाइनल में पहुंचा

# दक्षिण अफ्रीका पर ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी

**एजेंसी, दुबई**

8वीं बार फाइनल में प्रवेश की कोशिश में जुटी ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी तो उसका पलड़ा भारी रहेगा। ऑस्ट्रेलिया 2009 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्रों में सेमीफाइनल खेल चुका है। छह बार की चैंपियन टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

दोनों के बीच 2023 सत्र का फाइनल खेला गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। आंकड़ों की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका टीम ऑस्ट्रेलिया के आगे कहीं नहीं ठहरती। ऑस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ दस महिला टी-20 मैचों में से 9 जीते है, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने एकमात्र जीत जनवरी में दर्ज की। महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ सातों मुकाबले जीते हैं।

मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम का कोर


ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम

ग्रुप बरसों से साथ खेल रहा है, सिर्फ मेग लानिंग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है। बाकी सभी दस खिलाड़ियों ने 2023 का फाइनल खेला था। एलिसा हीली, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगान शट, एशले गार्डनर के प्रदर्शन पर सभी की नजरें होंगी।

दुबई के धीमे विकेट पर ऑस्ट्रेलिया की ताकत उसकी बल्लेबाजी की गहराई साबित हुई है। फोबे लिचफील्ड और अनाबेल सदरलैंड आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर हैं दक्षिण अफ्रीका की ताकत उसकी स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा है जो अभी तक चार ग्रुप लीग मैचों में दस विकेट ले चुकी है। कप्तान लौरा वोल्वार्ट, सलामी बल्लेबाज तजनीम ब्रिट्ज और अनुभवी मियानो काप सभी मैच विनर हैं, लेकिन इस बार सामना हीली एंड कंपनी से है और दक्षिण अफ्रीकी खेमा दुआ कर रहा होगा कि इस बार वे सारे मिथक तोड़कर जीत दर्ज करेंगे।



### तेंदुलकर ने प्रदान की शिकागो को ट्रॉफी

**डलास।** चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप में शिकागो क्रिकेट क्लब को विजेता की ट्रॉफी प्रदान करके उनके लिए इसे यादगार पल बना दिया। शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में अटलांटा क्रिकेट क्लब को फाइनल में हराकर खिताब जीता।

दुनिया भर में एनसीएल को अढ़ाई अरब से अधिक लोगों ने देखा। तेंदुलकर ने शिकागो के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी दी, दर्शकों से बात की।

उन्होंने कहा ,''क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और यहां डलास में फाइनल देखकर और ट्रॉफी विजेता को देकर बहुत अच्छा लग रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है।''

### नीतू डेविड आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

**दुबई।** टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (53 रन पर आठ विकेट) करने वाली भारत की पूर्व स्पिनर नीतू डेविड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी ) हॉफ ऑफ फेम में शामिल होने वाली देश की दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं।

भारतीय महिला टीम की चयन समिति की मौजूदा अध्यक्ष नीतू को पूर्व कप्तान डाइना इडुल्जी को शामिल किए जाने के एक साल बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है।

बाएं हाथ की स्पिनर नीतू ने भारत के लिए 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच (10 टेस्ट और 97 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय) खेले। उनके अलावा दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक को भी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली।

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 47 साल की नीतू 141 विकेट के साथ भारत की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज हैं। वह 50 ओवर के प्रारूप में 100 विकेट के आंकड़े को छूने वाली देश की पहली महिला गेंदबाज भी रहीं।

# डेनमार्क ओपन : महिला और मिश्रित युगल में भारतीय चुनौती समाप्त

**एजेंसी, ओडेन्से ( डेनमार्क )**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की एक बार फिर खराब शुरूआत हुई और बुधवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में महिला और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में देश की चुनौती समाप्त हो गई।

भारत की दोनों जोड़ियों को अपने शुरूआती मुकाबलों में तीन गेम में हार झेलनी पड़ी जिसमें त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद (महिला युगल) और बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी (मिश्रित युगल) शामिल थे।

त्रिसा और गायत्री एक घंटे 14 मिनट तक चले महिला युगल के शुरूआती दौर के मैच में एक गेम की बढ़त गंवाकर मलेशिया की पीयर्ली टान और मुरलीथरन थिनाह से 21-19,17-21 ,15-21 हार गईं।

मिश्रित युगल में सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी कनाडा के केविन ली और इलियाना झांग से पहला गेम जीतने बावजूद एक घंटे दो मिनट में 22-20, 19-21, 22-24 से


त्रिसा और गायत्री

पराजित हो गई। मंगलवार को 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन पुरुष एकल में पहले दौर में हारकर बाहर हो गए थे।

### एमबाप्पे ने बलात्कार संबंधी स्वीडन मीडिया की रिपोर्ट को खारिज किया

**एजेंसी, स्टॉकहोम**

फ्रांस के फुटबॉल स्टार काइलियान एमबाप्पे के प्रतिनिधियों ने स्वीडन के मीडिया में छपी उस रिपोर्ट को 'झूठी और गैर-जिम्मेदाराना' बताया है, जिसमें कहा गया है कि उनके खिलाफ बलात्कार के एक मामले में जांच चल रही है। सूत्रों का हवाला दिए बिना स्वीडन के कई मीडिया ने रिपोर्ट दी है कि रीयाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर एमबाप्पे के खिलाफ बलात्कार के मामले की जांच चल रही है। रिपोर्ट के बाद स्वीडन के अभियोजकों ने मंगलवार को छोटा सा बयान जारी किया कि पुलिस के पास बलात्कार की एक शिकायत आई है लेकिन इसमें किसी का नाम नहीं लिया गया।

एमबाप्पे की मीडिया टीम ने कहा ,'' ये आरोप बिल्कुल झूठे और गैर-जिम्मेदाराना है। काइलियान एमबाप्पे अपनी प्रतिष्ठा और सम्मान पर किसी तरह की आंच आना बर्दाश्त नहीं करेंगे। '' अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी एमबाप्पे ने लिखा ,''फेक न्यूज।''

### म्हाम्ब्रे मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच बने

**एजेंसी, मुंबई**

भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे बुधवार को इसी भूमिका में फिर से पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन मुंबई इंडियंस से जुड़ गए।

भारतीय टीम के साथ उनका गेंदबाजी कोच के तौर पर कार्यकाल इस साल भारत के टी-20 विश्व कप जीतने के बाद जून में समाप्त हुआ था। मुंबई इंडियंस ने कहा कि म्हाम्ब्रे (52 वर्ष) गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और मुख्य कोच महेला जयवर्धने के साथ काम करेंगे। जयवर्धने दो साल के अंतराल बाद फिर से मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। म्हाम्ब्रे इससे पहले मुंबई इंडियंस के साथ काम कर चुके हैं जब फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2013 में और चैंपियंस लीग टी-20 में 2011 और 2013 में खिताब जीता था।मुंबई इंडियंस ने सोमवार को जयवर्धने को मुख्य कोच के तौर पर फिर से अपनी टीम में शामिल किया था।

# ...जब रोहित शर्मा ने युवा पंत को 'गाबा की अहमियत' समझाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ कुछ समय के लिए यह समझ नहीं पाए थे कि 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी नाबाद 89 रन की पारी के बाद प्रशंसक क्यों इतने रोमांचित हो गए थे जब तक कि रोहित शर्मा ने उन्हें यह नहीं बताया कि उनकी यह पारी ऐतिहासिक टेस्ट में सिर्फ एक और मैच जीतने वाला प्रयास नहीं था।

तत्कालीन नियमित कप्तान विराट कोहली, सीनियर खिलाड़ी लोकेश राहुल और तीन मुख्य गेंदबाजों के बिना उतरी दूसरे दर्जे की भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उस स्थान पर तीन विकेट से हराया, जिसे मेजबान टीम का गढ़ माना जाता था क्योंकि टीम ने 1989 के बाद से वहां एक भी मैच नहीं गंवाया था।

ऑस्ट्रेलिया के 328 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंत ने निर्णायक पारी खेली। यह प्रतिकूल विदेशी परिस्थितियों में किसी भारतीय द्वारा खेली गई सबसे बेहतरीन पारियों में से एक थी।



पंत ने कहा, ''कभी-कभी, इस तरह का प्रदर्शन होता है जिसे आप जीवनभर याद रखते हैं और मेरे लिए गाबा टेस्ट इसमें से एक है।''

शुरुआत में पंत के लिए यह भारत के लिए एक कड़ा टेस्ट जीतने की संतुष्टि थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बीता तो उन्हें अपनी उपलब्धि का महत्व समझ आया जिसके बारे में उन्हें रोहित ने बताया था।

पंत ने कहा, ''उस समय मैंने महसूस नहीं किया कि यह कितना महत्वपूर्ण है। रोहित भाई वहां थे और उन्होंने मुझे कहा, 'तुम्हें नहीं पता कि तुमने क्या किया है।' मैंने पूछा, 'मैंने क्या किया है? मेरे लक्ष्य सिर्फ मैच जीतना था।' रोहित भाई ने कहा, 'तुम्हें बाद में समझ आएगा कि तुमने क्या किया है'।''

फुटबॉल

## दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6-0 से रौंदा

# लियोनेल मैसी की हैट्रिक से जीता अर्जेंटीना

**ब्यूनस आयर्स**

लियोनेल मेसी की हैट्रिक और दो गोल में सहायता की मदद से अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6-0 से हरा दिया। अक्तूबर में हो रही प्रतिस्पर्धा के दो दौर में दाहिने टखने की चोट की वजह से नहीं खेल सके मेसी ने मंगलवार को पूरा मैच खेला।

उन्होंने 19वें मिनटमें पहला गोल किया। इसके अलावा लौटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के गोलों में सूत्रधार की भूमिका निभाई। 37 वर्ष के मेसी ने 84वें और 86वें मिनट में भी गोल दागे। अन्य मुकाबलों में ब्राजील ने पेरू को 4-0 से हराया।

अर्जेंटीना 10 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उससे तीन अंक पीछे कोलंबिया है।


फुटबॉल पर नियंत्रण करते लियोनेल मैसी।

ब्राजील 16 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। शीर्ष 6 टीमें अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाएंगी। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मुकाबले नवंबर में खेले जाएंगे।

### पुर्तगाल ने स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला

**मैड्रिड।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गोल नहीं कर सके और पुर्तगाल ने नेशंस लीग में स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। पुर्तगाल ने क्रोएशिया, स्कॉटलैंड और पोलैंड से पहले तीन मैच जीते थे, लेकिन ग्लासगो में तीसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। अब तक 133 अंतरराष्ट्रीय गोल कर चुके रोनाल्डो के पास कई मौके आए, लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सके। पुर्तगाल इस ड्रॉ के बावजूद ग्रुप-ए वन में शीर्ष पर है, जबकि क्रोएशिया दूसरे स्थान पर है। वहीं स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। क्रोएशिया ने पोलैंड से 3-3 से ड्रॉ खेला। कोसोवो ने साइप्रस को ग्रुप-सी के मैच में 3-0 से हराया जबकि रोमानिया ने लिथुआनिया को 2-1 से मात दी। बेलारूस ने लक्जेमबर्ग से 1-1 से ड्रॉ खेला।